जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 11 जून, 2023


## जयपुर में 3000 की रेट से कोठी कहीं नहीं मिले तो...

# केडिया हैं ना !

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER



## बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट

| | | |
|---|---|---|
| 2 BHK WALK-UP अपार्टमेंट | 1350 SF | 45 लाख |
| 3 BHK WALK-UP अपार्टमेंट | 1900 SF | 50 लाख |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 SF | 60 लाख |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 SF | 70 लाख |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 SF | 1 करोड़ |

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर
एम.आई. रोड़ से एक LEFT पर !

KEDIA

1800 120 2323
info@kedia.com www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

LOCATION QR CODE
ROUTE MAP
SITE TOUR 360 DEGREE

## विचार बिन्दु

**जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद**

# प्रसन्नता विज्ञान

प्रसन्नता और स्वास्थ्य के मध्य इतना प्रगाढ़ संबंध है कि 900 से 1,000 वर्ष ईसा पूर्व दी गयी स्वास्थ्य की परिभाषा में ही आत्मा, इन्द्रियों और मन की प्रसन्नता को समाहित किया गया है (सु.सू., 15.41): समदोषः समाग्निश्च समधातु मलक्रियः। प्रसन्नात्मेन्द्रियमनाः स्वस्थइत्यभिधीयते।। जिस व्यक्ति के दोष, अग्नि, धातु, और मल-त्याग सन्तुलित हों, इन्द्रियाँ, आत्मा व मन प्रसन्न हो, वही स्वस्थ कहलाता है। आयुर्वेद की परिभाषा में भी प्रसन्नता का प्रमुख स्थान है। जीवन में हितकारी, अहितकारी, सुखकारी, दुःखकारी, और उनके मानदण्डों को दर्शित करने वाला विज्ञान ही आयुर्वेद है (च.सू. 1.41): हिताहितं सुखं दुःखमायुस्तस्य हिताहितम्। मानं च तच्च यत्रोक्तमायुर्वेदः स उच्यते।। सुख व दुःख को भी स्वास्थ्य पर केन्द्रित कर परिभाषित किया गया है (च.सू.9.4): विकारो धातुवैषम्यं साम्यं प्रकृतिरुच्यते। सुखसंज्ञकमारोग्यं विकारो दुःखमेव च।। धातुओं में विषमता विकार है और संतुलन ही प्रकृति है। आरोग्य का नाम सुख है और विकार दुःख है। वस्तुतः मन की प्रसन्नता आरोग्य का सर्वश्रेष्ठ सूचक है (च.सू.25.40): अनिर्वेदो वार्तलक्षणानां श्रेष्ठम्।

प्रसन्नता क्या है? यह विश्लेषण प्रसन्नता में सुख, हर्ष और नन्दन को शामिल मानता है, पर मोक्ष से प्राप्त आनंद शामिल नहीं है। वस्तुतः यह जन-सामान्य के मध्य प्रसन्नता बढ़ाने की रणनीति या युक्ति पर प्रमाण-आधारित विश्लेषण है। श्री वामन शिवराम आप्टे के संस्कृत-हिंदी कोश के अनुसार सुख का तात्पर्य आनंद, हर्षपूर्ण, प्रसन्नता, खुशी, अनुकूलता आदि है। हर्ष से तात्पर्य आनंद, खुशी, प्रसन्नता, संतोष, एक सुखात्मक भाव, उल्लास, आह्लाद आदि हैं। नन्दन से तात्पर्य खुश करने वाला, प्रसन्न करने वाला, सुहावना आदि हैं।

प्रसन्नता कैसे प्राप्त की जाये? हम प्रसन्न कैसे रह सकते हैं? कौन से कारक हैं जो हमें प्रसन्नता देते हैं? इस प्रश्न का उत्तर प्राचीन आयुर्वेद संहिताओं के साथ-साथ समकालीन वैज्ञानिकों द्वारा इस विषय में अब तक प्रकाशित 54,112 शोधपत्रों में देखना होगा। यह कार्य तो एक पुस्तक लिखने से भी नहीं पूरा होगा पर प्रसन्नता पर क्लिनिकल ट्रायल्स की मेटा-एनालिसिस और सिस्टेमेटिक-रेव्यूज के साथ साथ आयुर्वेद की संहिताओं से हम खुश रहने का रास्ता खोज सकते हैं। इसी प्रकार प्रसन्नता प्राप्त करने के सन्दर्भ में लगभग 200 से अधिक सन्दर्भ आयुर्वेद की संहिताओं में सीधे-सीधे प्राप्त होते हैं। उनमें से सर्वाधिक महत्वपूर्ण,उपयोगी और प्रमाण-आधारित चार रणनीतियां यहाँ वर्णित हैं।

1.तत्त्वावबोध: (शिक्षा, कौशल और नवाचार) -यथार्थ-ज्ञान, सच्चाई का बोध या उच्च-शिक्षा प्रसन्नता का मूल कारक है (च.सू.30.15): तत्त्वावबोधोहर्षणानांउत्कृष्टतमम् - मन को प्रसन्न करने वाले कारकों में तत्वज्ञान या सच्चाई का ज्ञान सर्वोत्कृष्ट है। समग्र दुःख (शरीर और मन के रोग) अविज्ञान (मूर्खता) के अधीन हैं। समग्र सुख विमल ज्ञान में प्रतिष्ठित हैं (च.सू.30.84): समग्रं दुःखमायत्तमविज्ञाने द्वयाश्रयम्। सुखं समग्रं विज्ञाने विमले च प्रतिष्ठितम्।। असल में उत्तम शिक्षा, प्रशिक्षण और स्वाध्याय द्वारा निरंतर ठोस ज्ञान प्राप्त किये बिना प्रसन्नता देने में सहायक अन्य किसी रणनीति का क्रियान्वयन संभव नहीं है। उदाहरण के लिये यथार्थ-बोध के बिना प्रसन्नता देने वाली अन्य रणनीतियों जैसे आत्म-नियंत्रण, नियत कर्तव्यों का पालन और सुखायु या हितायु आदि का क्रियान्वयन संभव नहीं है। आत्म-चिंतन हेतु स्वयं को समय देना, मनोरम स्थलों की यात्रा करना, उपयोगी जानकारी जुटाना आदि प्रसन्नता देते हैं। समकालीन शोध में वर्ष 1930 से 2020 के मध्य शिक्षा और प्रसन्नता के रिश्तों 182 शोधपत्र विश्व की प्रमुख शोध जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं (देखें, इकोनॉमिक्स ऑफ़ एजुकेशन रिव्यू, 17:245-256, 1998; एप्लाइड साइकोलॉजी, 68:150-176, 2019)।

2. इन्द्रियजय: (आत्म-नियंत्रण)- आयुर्वेद के अनुसार प्रसन्नता देने वाला सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक इन्द्रियजय है (च.सू.30.15): इन्द्रियजयो नन्दनानांउत्कृष्टतमम्- प्रसन्नता देने वाले कारकों में इन्द्रियों पर नियंत्रण करना सर्वोत्कृष्ट है। असल में आत्म-नियंत्रण के बिना प्रसन्नता देने में सहायक अन्य रणनीतियों, जैसे नियत कर्तव्यों का पालन और सुखायु या हितायु का क्रियान्वयन संभव नहीं है। विश्व की सर्वाधिक महत्वपूर्ण जर्नल्स में 1978 से 2020 के बीच प्रकाशित 89 शोधपत्र भी यही सिद्ध करते हैं कि प्रसन्नता देने वाले कारकों में आत्म-नियंत्रण (सेल्फ-कंट्रोल) सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक है (उदाहरण के लिये देखें, फ्रंटियर्स इन साइकोलॉजी, 10, आर्ट.706, 2019)।

3. धर्म्या: क्रिया: (कर्तव्य-पालन)- प्रसन्नता देने वाला तीसरा महत्वपूर्ण कारक नियत कर्तव्यों का पालन करना है (च.शा.2.41): धर्म्याः क्रिया हर्षनिमित्तमुक्ताः - कत्तर्व्यसंगत, कानूनी रूप से वैध या नियत कर्तव्यों के पालन को हर्ष का निमित्त कहा गया है। व्यक्ति के स्वयं के प्रति, परिवार के प्रति, परिवार में विभिन्न रिश्तों के प्रति और समाज और देश के प्रति कुछ कर्तव्य निर्धारित होते हैं। इन सबका यथार्थ-बोध होना, और तदनुसार आत्म-नियंत्रित रहकर भली-भांति निभाना प्रसन्नता देता है। व्यक्ति का अपने शरीर को स्वस्थ और प्राणवान रखने हेतु निहित कर्तव्यों का निर्वाह प्रसन्नता देता है। परिवार में पत्नी, पति, पिता, माता, भाई, बहन, पुत्र, पुत्री होने और कार्य में कर्मचारी-अधिकारी या स्वयं मालिक होने के कत्तर्व्य का सफल और सम्यक निर्वाह प्रसन्नता देता है। इसी प्रकार समाज के प्रति कत्तर्व्य निर्वाह में सामाजिक सद्वृत्तों का पालन प्रसन्नता देता है। कर्तव्य-विमुख व्यक्ति प्रसन्न नहीं रह सकता। विश्व की सर्वाधिक महत्वपूर्ण जर्नल्स में 1998 से 2020 के बीच प्रकाशित 80 शोधपत्र भी यही सिद्ध करते हैं कि प्रसन्नता देने वाले कारकों में दूसरों के प्रति सद्भावनापूर्ण कत्तर्व्य निर्वहन, उन्हें समय देना, उनकी मदद में धन खर्च करना और समाजोपयोगी कार्य करना जिसे शोध में प्रोसोशियालिटी शब्द द्वारा स्पष्ट किया गया है, प्रसन्नता देने वाला महत्वपूर्ण कारक है। दीर्घकालीन खुशी सिर्फ विश्व के साथ सार्थक संबंध में निहित है। यहाँ सार्थक का मतलब स्वार्थ नहीं है (उदाहरण के लिये देखें, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 17: 1-12, 2020; साइंस, 319:1687-1688, 2008; जर्नल ऑफ़ हैप्पीनेस स्टडीज, 13:347-355, 2012; करेंट डायरेक्शन्स इन साइकोलॉजिकल साइंस, 23:41-47, 2014)। इस रणनीति में बढ़िया शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य, लोगों का कल्याण, लचीलापन, जीवन का सार्थक उद्देश्य, जीवन में स्वास्थ्य संबंधी गुणवत्ता और सामाजिक भागीदारी जैसे कारक समाहित हो जाते हैं जिन्हें शोध में प्रसन्नता के लिये उपयोगी पाया गया है।

4.सुखमायु: हितमायु: (सुखकारी और हितकारी जीवन)- प्रसन्नता देने वाला चौथा कारक सुखायु-हितायु का एक साथ पाया जाना है। स्वयं के लिये सुखकारी और समाज के लिये हितकारी जीवन जीने की साझा युक्ति ही प्रसन्नता देती है। सुखी और हितकारी जीवन के लक्षणों में प्रसन्नता देने वाले कारक भी निहित हैं (च.सू.30.24): तत्र शारीरमानसाभ्यां रोगाभ्यामनभिद्रुतस्य विशेषेण यौवनवतः समर्थानुगतबलवीर्ययशः पौरुषपराक्रमस्यज्ञानविज्ञानेन्द्रियेन्द्रियार्थबलसमुदये वर्तमानस्य परमर्द्धिरुचिरविविधोपभोगस्य समृद्धसर्वारम्भस्य यथेष्टविचारिणः सुखमायुरुच्यते; असुखमतो विपर्ययेण; हितैषिणः पुनर्भूतानां परस्वादुपरतस्य सत्यवादिनः शमपरस्य परीक्ष्यकारिणोऽप्रमत्तस्य त्रिवर्गं परस्परेणानुपहतमुपसेवमानस्य पूजार्हसम्पूजकस्य ज्ञानविज्ञानोपशमशीलस्य वृद्धोपसेविनः सुनियतरागरोषेर्ष्यामदमानवेगस्य सततं विविधप्रदानपरस्य तपोज्ञानप्रशमनित्यस्याध्यात्मविदस्तत्परस्य लोकमिमं चामुंचावेक्षमाणस्य स्मृतिमतिमतो हितमायुरुच्यते; अहितमतो विपर्ययेण।। शारीरिक और मानसिक रोगों से पूरी तरह मुक्त, विशेष रूप से युवावस्था, हर कार्य करने का सामर्थ्य और उसके अनुरूप बल, वीर्य, यश, पराक्रम, ज्ञान, कौशल, इंद्रियों और इंद्रियों के विषयों के बल के समुदाय से युक्त, उत्तम धन-सम्पदा एवं विविध प्रकार के उपभोग में सक्षम, जो कार्य प्रारम्भ किये वे सभी कार्य पूर्ण हो गये हों और स्वयं की इच्छा अनुसार चलने-फिरने वाले व्यक्ति का जीवन सुखी जीवन होता है। इसके उलट दुःखी जीवन होता है। समकालीन शोध के अनुसार भी बढ़िया स्वास्थ्य, उत्तम शारीरिक-मानसिक सामर्थ्य, नियमित व्यायाम, प्राकृतिक स्थलों और बाग़-बगीचों में घूमना-फिरना, उत्तम मित्रों और परिवार के साथ समय बिताना, शिक्षा, कौशल, धन-संपत्ति अर्जित करना, कार्यों में सफलता तथा इच्छा अनुसार आने-जाने के लिये समय, सामर्थ्य और स्वतंत्रता बड़ी प्रसन्नता देते हैं। (देखें, प्रोसीडिंग्स ऑफ़ द नेशनल अकैडमी ऑफ़ साइंसेज ऑफ़ यूएसए, 100:11176-11183, 2003; 107:22463-22468, 2010; 114:8523-8527, 2017; 116:1207-1212, 2019; 117:6463-6468, 2020)।

> **सारांश में कहें तो बढ़िया शिक्षा, कौशल और नवाचार, आत्म-नियंत्रण, और कर्तव्यों का निर्वहन आनंददायी है। उत्तम जीवनशैली द्वारा स्वास्थ्य और सामर्थ्य बेहतर कर सुखायु प्राप्त कीजिये और उसका समाज के हितार्थ प्रयोग कर हितायु प्राप्त कीजिये। दीर्घकालिक प्रसन्नता प्राप्त करने का प्रमाण-आधारित रास्ता यही है।**

अपना कल्याण सुनिश्चित करते हुये, सभी प्राणियों के हितचिंतक, दूसरे का धन छीनने से बचने वाले, सत्य बोलने वाले, शांतिप्रिय, कार्यों को सोच विचार कर करने वाले, सावधान, अर्थ, धर्म, काम का सम्यक सेवन करने वाले, श्रेष्ठ व्यक्तियों का सम्मान करने वाले, ज्ञानशील, विज्ञानशील, शांतिशील, बड़े-बूढ़ों की सेवा करने वाले, राग, क्रोध, ईर्ष्या, मद, मान के वेगों पर उच्चकोटि का नियंत्रण रखने वाले, निरंतर दानशील, नित्य आत्म-नियंत्रित, ज्ञान, शांति, विनम्रता, आध्यात्म के जानकार और प्रयोग में लेने वाले, लोक-परलोक का विचार करने वाले, स्मरण-शक्ति और बुद्धि से युक्त व्यक्ति की आयु हितायु कही जाती है। समकालीन शोध में प्रोसोशियालिटी के विविध आयाम यही हैं। सुखायु स्वयं के लिये है और हितायु समाज के लिये है। शोध में भी यही स्थिति स्पष्ट होती है (उदाहरण के लिये देखें, एनुअल रिव्यू ऑफ़ पब्लिक हेल्थ, 40:339-359, 2019)।

आयुर्वेद उत्तम मित्रों का साथ करने की सलाह देता है तथा यह चेतावनी देता है कि अकेले खुश मत होइये, हितायु का ध्यान रखते हुये प्रसन्नता साझा कीजिये (च.सू.8.26) नैकः सुखी। अकेले सुखी न हों, सुख को समाज के साथ बांटिये। दीर्घकालिक अध्ययन स्पष्ट करते हैं कि हमारी खुशी उन सबकी खुशी पर निर्भर करती है जिनके साथ हम जुड़े हुये हैं (देखें, ब्रिटिश मेडिकल जर्नल, 338:23-26, 2009)।

हार्वर्डस्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट वर्ष 1938 में 724 प्रतिभागियों के साथ शुरू हुई थी। इसमें हार्वर्ड कॉलेज में 268 स्नातक छात्र और 456 14-वर्षीय लड़के, जो बोस्टन, मैसाचुसेट्स के कुछ सबसे वंचित इलाकों में पले-बढ़े थे। यह अध्ययन अभी भी चल रहा है। अभी तक के निष्कर्ष बताते हैं कि अन्य लोगों के साथ मधुर और गर्मजोशी के संबंध यह तय करते हैं कि आप कितने समय तक स्वस्थ रहेंगे और आपका दिमाग कब तक तेज रहेगा। दुनिया में सबसे लंबे समय तक प्रसन्नता पर चलने वाले अध्ययन का यही निष्कर्ष है। मधुर और गर्मजोशी वाले रिश्तों का तात्पर्य ऐसे रिश्ते से है जो सहायक महसूस कराता है। इसका मतलब भावनात्मक समर्थन, सलाह, वित्तीय सहायता व तार्किक समर्थन हो सकता है। ऐसा सभी रिश्ते सहायक कहे जा सकते हैं जो उन रिश्तों के विपरीत हैं जो आपको निचोड़ देते हैं, कटु होते हैं, या शोषणकारी होते हैं।

वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2018 छह प्रमुख कारकों की पहचान करती है जो समग्र कल्याण में योगदान करते हैं: आय, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, सामाजिक समर्थन, स्वतंत्रता, विश्वास और उदारता। इन चरों को संस्कृतियों और भौगोलिक क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला में खुशी और जीवन संतुष्टि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए दिखाया गया है। इन कारकों पर ध्यान केंद्रित करके, व्यक्ति और नीति निर्माता अधिक सहायक वातावरण बनाने के लिए काम कर सकते हैं जो कल्याण को बढ़ावा देता है और सभी के लिए सकारात्मक परिणामों को बढ़ावा देता है।

सुखायु और हितायु तभी प्राप्त हो सकती है जब आप समर्थ हों, अन्यथा जीवन डर-डर कर कटता है (च.सू.25.40): असमर्थता भयकराणांश्रेष्ठम्-भय उत्पन्न करने वाले कारकों में असमर्थता सबसे भारी है। आजीविका को समग्र रूप से सुदृढ़ करने के लिये वित्तीय पूँजी (धनैषणा, धन-संपत्ति, सोना-चांदी आदि), भौतिक पूँजी (धनैषणा, मकान, वाहन आदि), प्राकृतिक पूँजी (धनैषणा, खेत-खलिहान, जल, जमीन, बाग़-बगीचे आदि), सामजिक पूँजी (सामाजिकसद्वृत्त, आपसी रिश्ते, मेलजोल की प्रगाढ़ता, मित्रता आदि), मानव पूँजी (प्राणैषणा, शिक्षा, ज्ञान, कौशल, स्वास्थ्य आदि), और आध्यात्मिक पूँजी (परलोकैषणा, सद्वृत्त, आचार रसायन) को बढ़ाते रहने का निरंतर प्रयत्न आवश्यक है। इससे सामर्थ्य में बढ़ोत्तरी, असमर्थता में कमी और परिणामस्वरूप भय नष्ट होगा। भय को नष्ट करना मानसिक रोगों का सबसे बड़ा निदान-परिवर्जन है। भय में कमी आते ही आनंद में वृद्धि होने लगती है। शर्त यह है कि आजीविका सुदृढ़ करने में ऐसे साधनों का सहारा लेना चाहिये जो नियत कर्तव्यों के विपरीत नहीं हैं। साथ ही शांति और अध्ययन के लिये समर्पित होना चाहिये। इस प्रकार रहने से व्यक्ति को सुख की प्राप्ति होती है (च.सू.5.104): वृत्त्युपायान्निषेवेत ये स्युर्धर्माविरोधिनः। शममध्ययनं चैव सुखमेवं समश्नुते।।

यूडिमोनिया (सदाचार, कल्याण, प्रामाणिकता, उत्कृष्टता, सद्भावना, विकास) को आयुर्वेद की हितायु के समीप माना जा सकता है। हेडोनिया (व्यक्तिगत आराम, यश, ख्याति, सुख, भोग, समस्याओं की अनुपस्थिति) को आयुर्वेद की सुखायु के समीप माना जा सकता है। ग्रीक दर्शन में यूडिमोनिया सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानवीय गुण है, या कहें कि ग्लोबल कॉमन गुड है जो किसी अन्य कारण से नहीं बल्कि अपने आप में वांछनीय है। आयुर्वेद का मानना है कि सुखायु और हितायु दोनों का एक साथ होना सुखी जीवन के लिये आवश्यक है। शोधकर्ताओं का भी मानना है कि यूडिमोनिया और हेडोनिया दोनों ही अवधारणायें प्रसन्नता को भलीभांति समझने के लिये आवश्यक हैं (देखें, चरकसंहिता, सूत्रस्थान, अध्याय 30, सूत्र 24;साथ ही देखें, जर्नल ऑफ़ हैप्पीनेस स्टडीज, 15:1425-1456, 2014; जर्नल ऑफ़ पर्सनालिटी एंड सोशल साइकोलॉजी, 64:678-691, 1993)। भारतीय और ग्रीक दर्शन में इस विषय में समानता दृष्टिगोचर होती है।

हमने यहाँ स्पष्ट किया है कि प्रसन्नता अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु, बेहतर सामाजिक संबंधों, बेहतर कार्य प्रदर्शन,उच्च शिक्षा और रचनात्मकता पर निर्भर करती है। प्रसन्नता अनुसंधान का एक अत्यंत सक्रिय क्षेत्र है। पिछले 20वर्षों में विषय पर प्रकाशित लगभग 2,00,000 से अधिक शोधपत्र और पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। यह चर्चा जारी रहेगी क्योंकि ज्ञान व अज्ञान ही हमारा मार्ग या कुमार्ग तय करते हैं (च.सू.28.35): सुखार्थाः सर्वभूतानां मताः सर्वाः प्रवृत्तयः। ज्ञानाज्ञानविशेषात्तु मार्गामार्गप्रवृत्तयः।। सभी जीवित प्राणी सुख प्राप्त करने के लक्ष्य को पाने के लिये प्रयासरत रहते हैं, परन्तु वे अपनी जागरूकता या अज्ञानता के आधार पर सही या गलत मार्ग का अनुसरण करते हैं। अपने सुख दुःख के लिये हम स्वयं उत्तरदायी हैं(च.नि.7.22): आत्मानमेव मन्येत कर्तारं सुखदुःखयोः। तस्माच्छ्रेयस्करं मार्गं प्रतिपद्येत नो त्रसेत्।। अपने सुख-दुख के लियेस्वयं को जिम्मेदार मानना चाहिये। इसलिये व्यक्ति को निश्चिंत होकर कल्याणकारी मार्ग पर चलना चाहिये। सारांश में कहें तो बढ़िया शिक्षा, कौशल और नवाचार, आत्म-नियंत्रण, और कर्तव्यों का निर्वहन आनंददायी है। उत्तम जीवनशैली द्वारा स्वास्थ्य और सामर्थ्य बेहतर कर सुखायु प्राप्त कीजिये और उसका समाज के हितार्थ प्रयोग कर हितायु प्राप्त कीजिये। दीर्घकालिक प्रसन्नता प्राप्त करने का प्रमाण-आधारित रास्ता यही है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फॉरेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी )**

**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# जनजाति क्षेत्र के लोगों को स्वावलम्बी बनाकर मुख्यधारा में लाने के लिए सतत प्रयास जरूरी : मिश्र

- **'जल, जंगल और जमीन को बचाने के साथ देश की संस्कृति, परंपराओं के संरक्षण में आदिवासियों का महत्वपूर्ण योगदान'**

**जालोर/ माउंट आबू,** (निसं)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को राजभवन में कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर की ओर से अनुसूचित जनजाति उप परियोजना के अंतर्गत माउंट आबू क्षेत्र के आदिवासी किसानों को मिनी दाल मिल, उन्नत कुक्कुट नस्ल एवं स्टील बीज भंडारण टंकियों का वितरण किया। राज्यपाल मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि जल, जंगल और जमीन को बचाने के साथ-साथ देश की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में आदिवासियों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्र के लोगों को स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर मुख्यधारा में लाने के लिए सतत प्रयास जरूरी हैं।

राज्यपाल ने आबूरोड़, पिंडवाडा एवं पाली में चयनित किसानों के सशक्तीकरण के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की परियोजना के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रो. बी.आर. चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा लाभार्थियों का चयन कर कृषि एवं पशुपालन से संबंधित तकनीकियों का प्रशिक्षण निरंतर प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों में स्वावलंबन एवं सशक्तीकरण से जुडी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महा विद्यालय जोधपुर के विशेषाधिकारी डॉ. बनवारी लाल ने जनजातीय क्षेत्र के लोगों के लिए विश्वविद्यालय की पहल पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंदराम जायसवाल सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और नजाति क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।




माउंट आबू के राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र ने आदिवासी किसानों को मिनी दाल मिल, उन्नत कुक्कुट नस्ल एवं स्टील बीज भंडारण टंकियों का वितरण किया।

# परिजनों ने अस्पताल के बाहर पेड़ के नीचे महिला का प्रसव कराया

- **मासलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अस्पताल कार्मिकों की लापरवाही का मामला सामने आया**

**करौली,** (निसं)। मासलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शनिवार को अस्पताल कार्मिकों की लापरवाही एवं मनमानी का मामला सामने आया है जहां एक प्रसूता का अस्पताल में प्रसव ना करने से अस्पताल के बाहर भीषण गर्मी में परिवार जनों को पेड़ के नीचे प्रसव कराना पड़ा।

मामला केसपुरा गांव निवासी दलित मजदूर परिवार के बरगी समाज की प्रसूता काली पत्नी साहब सिंह का है जिसके परिवारजन प्रसव के लिए मासलपुर अस्पताल लेकर गए लेकिन कार्मिकों ने उन्हें भ्रष्टाचार के चलते प्रसव नहीं कराया। प्रसूता महिला के परिवार जन ने चिकित्सा कार्मिकों पर आरोप लगाया है कि अस्पताल में कार्मिकों ने प्रसूता का प्रसव कराने की बजाये धक्का देकर अस्पताल परिसर से बाहर करते हुए करौली अस्पताल के लिए रैफर कर दिया प्रसूता के परिजन महिला को प्रसव के लिए करौली लाने की तैयारी कर रहे थे। मगर प्रसव पीड़ा से पीडित को परिवार जन भीषण गर्मी के बीच एक पेड़ के नीचे ले गई जहां उन्हें प्रसव कराना पड़ा जहां प्रसूता ने बालिका को जन्म दिया उसके करीब 1 घंटे बाद अस्पताल कार्मिकों द्वारा प्रसूता नवजात बालिका को अस्पताल में भर्ती किया गया।

अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विजय सिंह मीणा का कहना है कि रक्त की कमी के कारण प्रसूता को करौली रैफर किया गया और प्रसूता के परिवार जनो का आरोप है उसकी जांच कि जायेगी दौषी पाये गये कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही करेंगे मामले की जानकारी मिलने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश चंद मीणा मासलपुर अस्पताल पहुंचे जहां कार्मिकों की लापरवाही मानते हुए एएनएम को एपीओ किया गया है।

प्रसूता महिला के परिवार जन ने मासलपुर स्वास्थ्य केन्द्र कि एएनएम पर बदसलूकी करने और प्रसव कराने कि एवज में राशि मांगने के आरोप लगाये हैं जिस पूरे मामले के सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रही है। जिन्हें देखकर लोग स्वास्थ्य विभाग के कार्मिको के खिलाफ तरह-तरह के पोस्ट डाल रहे हैं।

# बेसहारा परिवार के लिये आर्थिक सहयोग जुटाया

**राजगढ़,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के भाकरी में रामअवतार मीना की मौत के बाद गरीब परिवार की मदद के लिए सर्व समाज हेल्प टीम ने अभियान चलाकर दो लाख 15 हजार की सहायता राशि परिवार को प्रदान की।

सर्व समाज हेल्प टीम के सदस्य सुनिल भाकरी व संयोजक प्रकाश भाबला दुब्बी ने बताया कि रामअवतार बहुत ही गरीब परिवार से था जिसकी 30 मई को मृत्यु हो गई थी। इनकी गरीब स्थिति देखते हुए स्थानीय ग्राम वासियों ने आर्थिक सहायता के लिए एक मिशन रामअवतार भाकरी चलाया जिसमें लगभग 750 सहयोग कर्ताओं के सहयोग करने के बाद 215000 रुपए ( दो लाख पन्द्रह हजार) की राशि एकत्रित हुई जिसको 10 जून को सक्रिय सदस्यों ने व स्थानीय ग्रामीणों ने रामअवतार की यादगार में बालाजी नर्सरी कोठीनारायणपूर के द्वारा भेंट किया। वहीं छायादार पेड़ व एक परिंदा लगाकर एवं रामअवतार की छायाप्रति पर पुष्प चढ़ाकर श्रृद्धांजलि अर्पित करके पीड़ित परिवार को राशि सौंप दी। जिसमें दो लाख की पीड़ित परिवार के नाम एफडी कराने का निर्णय लिया व शेष बची राशि 15000 रुपए को विधवा पत्नी गीतांजलि को घर खर्च के लिए सौंप दिये। मिशन में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सहयोग कर्ताओं को भाकरी ग्राम विकास समिति के सदस्यों ने व स्थानीय सरपंच सीमा सुरेंद्र इंदपूरा ने आभार प्रकट करके बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

सर्व समाज नवयुवक हेल्प टीम, के सदस्यों के साथ ग्रामीण रामचंद्र बाबूजी, भंबू राम पटेल, कमलेश सरपंच, प्यारेलाल, हरिकिशन, जयराम, जयराम, भोला, कुलदीप, लक्ष्मीनारायण पप्पू, कमलेश, बनवारी आदि उपस्थित थे।

# 23 वर्ष बाद गिरवसर के राजकीय विद्यालय को मिला रास्ता

- **महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर में ग्रामवासियों ने समस्या रखी थी**
- **दानदाता रेवन्तराम गोदारा पुत्र बिशनाराम गोदारा ने अपनी खातेदारी में से भूमि रास्ता हेतु दान कर दी**

**बीदासर,** (निसं)। गत 23 वर्ष से रास्ते की समस्या झेल रहे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गिरवरसर को शनिवार को आयोजित प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर में स्थाई रास्ते की सौगात मिली। गिरवरसर के इस राजकीय विद्यालय में आवागमन का कोई स्थाई कटाणी रास्ता नहीं था जिससे छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को पिछले 23 वर्षों से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

शनिवार को ग्राम गिरवरसर में आयोजित महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर में ग्रामवासियों ने स्थानीय विधायक मनोज मेघवाल व शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी रमेश कुमार मीणा के समक्ष विद्यालय के मार्ग की समस्या रखी जिस पर शिविर प्रभारी ने तुरंत वस्तुस्थिति की जानकारी ली और ग्रामवासियों से आठाह कर विद्यालय के आस-पड़ौस के खातेदारों से विद्यालय के लिए रास्ता हेतु भूमि दान देने की की बात कही। जिस पर ग्राम के रेवन्तराम गोदारा पुत्र बिशनाराम गोदारा ने तुरंत अपने खातेदारी भूमि में से साढ़े पांच मीटर चौड़ा व 150 मीटर लम्बाई की भूमि रास्ता हेतु दान कर दी। जिस पर शिविर प्रभारी ने निर्देशानुसार तहसीलदार बीदासर द्वारका प्रसाद शर्मा ने पटवारी व भू अभिलेख निरीक्षक को आदेश देकर दस्तावेज तैयार कर नामान्तरण आदेश किया।

शिविर में उपखण्ड अधिकारी रमेश कुमार ने दानदाता का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें भूमि दान देने के लिए धन्यवाद दिया।

उपखण्ड अधिकारी मीणा ने कहा कि शिक्षा के लिए भूमि दान देने वाले भामाशाहों की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है, भामाशाह गोदारा से प्रेरणा लेकर प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को सार्वजनिक संस्थानों के लिए इस प्रकार के प्रेरणाप्रद कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर विकास अधिकारी अभिषेक मीणा, नायक तहसीलदार सुभाष चन्द छींपा, अति. विकास अधिकारी हंसराज मीणा सहित ठाम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



भामाशाह रेवन्तराम गोदारा का उपखण्ड अधिकारी रमेश कुमार मीणा ने स्वागत किया।

## राशिफल रविवार 11 जून, 2023



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र दिन 2:32 तक, प्रीतियोग दिन 10:10 तक, कौलव करण दिन 12:06 तक, चन्द्रमा प्रातः 8:46 से मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-कर्क, बुध-वृष, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 2:32 से सूर्योदय तक है। आज बोहरा अष्टमी, पंचक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:14 से 9:01 तक, लाभ-अमृत 9:01 से 12:26 तक, शुभ 2:09 से 3:51 तक।


**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:36, सूर्यास्त 7:16




**मेष**
पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।



**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।



**मिथुन**
अपने आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**कर्क**
धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ेगी। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा।




**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।




**कन्या**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बढ़ेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।



**तुला**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**वृश्चिक**
परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। शुभ कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।



**धनु**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।



**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।



**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। स्थ्य ठीक नहीं रहेगा।



**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 309 प्रभात जयपुर, रविवार 11 जून , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Come to the Okavango... Paradise**

He gave up but first he smiled. The famous African smile, a smile that starts in the heart & spreads all over the body and shines out of the face.

**Calm and Alert**

**Weird Weather Keeps Butterflies Aflutter Longer** – Erratic weather adds a layer of complexity



*भारत, पाकिस्तान और नेपाल के पश्चिमी हिमालय के भाग में रहने वाले लोग, नर ''चीर फैज़ेंट'' की विशिष्ट ''मेटिंग कॉल'' सुनकर समझ जाते हैं कि बसंत आ गया है। तथापि, मादा को आकर्षित करने वाली यही ''कॉल'' इनके लिए बड़ा खतरा भी है। इससे शिकारियों को पक्षियों की लोकेशन का पता चल जाता है। इसके अलावा कई अन्य खतरे भी हैं जिनसे नेपाल के पश्चिमी हिमालय में इन पक्षियों की आबादी पर फर्क पड़ा है। ऑर्निथोलॉजिकल साईन्स जर्नल में छपे शोध के प्रथम लेखक हरी बसनैट ने कहा, ''हमने सूदूर वैस्टर्न नेपाल में लोगों को चीर फैज़ेंट का शिकार करते देखा है। ये चिड़ियाँ ऐसी जगह रहना पसंद करती हैं जहां लोग पशुओं के चारे के लिए घास व झाड़ियाँ लेकर आते हैं। पूर्व अध्ययनों में यही बताया गया था कि, ये पक्षी धोरपाटन हंटिंग रिज़र्व क्षेत्र में ही रहते हैं, इसलिए शोधकर्ताओं को पता ही नहीं था कि, इस क्षेत्र के बाहर इनकी आबादी कितनी है। शोध के सहलेखक लक्ष्मण पौडयाल ने बताया, ''हमने इस क्षेत्र के लोगों में इस पक्षी के बारे में रेडियो के जरिए जागरुकता भी फैलाई और आग्रह किया कि, पक्षी दिखने पर जानकारी दें। तब लोगों ने हमें इसके बारे में बताया, जिसके आधार पर हमने इनकी गणना शुरु की।'' शोधकर्ताओं ने पाया कि, यहाँ इन पक्षियों को मुख्य खतरा ट्रैपिंग, शूटिंग, अण्डों की चोरी व जंगल की आग से है। इन खतरों की पुष्टि इन्टरनैशनल यूनियन फॉर द कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (आई.यू.सी.एन.) और नैशनल फैज़ेंट कंज़र्वेशन एक्शन प्लान (2019-2023) ने भी की है। एक्शन प्लान के अनुसार चीर फैज़ेंट नेपाल में ना केवल ''एन्डेन्जर्ड'' के रुप में वर्गीकृत हैं, बल्कि ये देश के नौ सर्वाधिक संरक्षित पक्षियों में से एक हैं। शोध के अनुसार 1990 में माओवादी विद्रोह के बाद से नेपाल में ''गन कल्चर'' बढ़ा है जिसके कारण भी इन पक्षियों के लिए खतरा बढ़ गया है। संरक्षणविदों का कहना है कि लोग इन पक्षियों को प्रोटीन के स्रोत के रुप में देखते हैं और धारणा है कि, इनका मीट अस्थमा, बुखार व शरीर के दर्द में राहत देता है। चूंकि ये पक्षी ज्यादा उड़ नहीं पाते, जमीन पर ही चलते हैं, तो जंगल में आग लगने पर इनके लिए खतरा बहुत बढ़ जाता है। चीर फैज़ेंट को यह नाम ''चीड़ पाइन ट्री'' से मिला है जिसके नीचे ये घोंसले बनाते हैं।*

# काफी समानताएं हैं, मध्य प्रदेश व राजस्थान में, जहां तक ''रेवड़ियाँ'' बांटने का सवाल है

## जैसा कि विदित ही है, कर्नाटक में, ''रेवड़ियों'' के वादों, विशेषकर वे ''रेवड़ियाँ'' जिनका लक्ष्य महिलाएं थीं, का काफी योगदान माना जाता है, कांग्रेस को जिताने में

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 जून। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीति में ''रेवड़ी संस्कृति'' का विरोध किया है लेकिन मध्य प्रदेश में जहां चुनाव होने वाले हैं, कांग्रेस और भाजपा मुफ्त रेवड़ियां बांटने की होड़ में है।

राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ''लाडली बहन योजना'' के तहत आने वाली महिलाओं के खातों में 1000 रूपये हस्तांतरित करवाए हैं और सी.एम. किसान कल्याण के तहत किसानों के खातों में द्विवार्षिक किश्त के रूप में 2000 रूपये जमा करवाने की तैयारी है।

- अब शिवराज सिंह चौहान भी हर महिला के खाते में, जो सरकार की ''लाड़ली बहन योजना'' के अंतर्गत आती है, एक हजार रूपये सीधे भेज रहे हैं।
- इस प्रकार किसान कल्याण योजना की दूसरी किश्त के रूप में हर किसान के अकाउन्ट में दो हजार रूपये भेजने की सोच रहे हैं।
- राजस्थान में कांग्रेस भी इस ''रेवड़ी संस्कृति'' में पीछे नहीं, 100 यूनिट ''फ्री'' बिजली देने का वादा कर चुकी है।
- राजस्थान की भांति मध्य प्रदेश में भी भाजपा में कई ''सशक्त'' उम्मीदवार हैं, मु.मंत्री पद के लियेः प्रदेशाध्यक्ष वी.डी. शर्मा, नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय व ज्योतिरादित्य सिंधिया।
- पर कांग्रेस में दो ही उम्मीदवार हैं, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, जैसे राजस्थान में स्पर्धा, गहलोत व पायलट के बीच में है।

कांग्रेस न 100 यूनिट मुफ्त बिजली और 200 यूनिट तक आधी दर लेने का दांव खेला हे। मुफ्त रेवड़ी बांटने की संस्कृति क्षेत्रीय पार्टियों की चुनावी रणनीति में हमेशा शामिल रही है और अब भाजपा और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियां भी इसे अपना रहे हैं। हाल ही में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अगर ट्रम्प दोषी पाये गये तो, वोट नहीं कर सकेंगे, पर राष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकेंगे

## और कई अजीबोगरीब तथ्य उजागर हो रहे हैं, अमेरिकी वोटर के सोच के बारे में

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 जून। यह असामान्य और अप्रत्याशित है जो केवल डॉनल्ड ट्रम्प के अमेरिका में ही संभव है। एक पूर्व राष्ट्रपति ऐसे संघीय आरोपों का सामना कर रहा है, जिनसे उसका दुबारा राष्ट्रपति पद प्राप्त करना मुश्किल है। सरकार की गोपनीय सूचनाओं से छेड़छाड़ करने के आरोपों पर ट्रम्प के खिलाफ क्या होगा इसका

- उदाहरण के लिये, दो-तीन मामलों में अधिकृत रूप से आरोपित होने के बावजूद ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी पर पकड़ बरकरार है तथा एक तिहाई वोटर अभी भी उनके कट्टर समर्थक हैं।
- अगर ट्रम्प व बाइडन दोनों पुनः चुनाव लड़ते हैं तो, अमेरिका के इतिहास में सबसे वृद्ध उम्मीदवार होंगे राष्ट्रपति पद के लिये।
- और मजे की बात यह भी है कि, दोनों काफी ''अलोकप्रिय'' हैं, हालांकि अलग-अलग कारणों से।

अनुमान कोई भी लगा सकता है पर यह भी देखा जा रहा है कि अब ट्रम्प की छवि को ज्यादा धक्का नहीं लगा है।

दरअसल मार्च में उन पर अभियोग आरंभ हुआ जिसमें उन्होंने कथित रूप से उन महिलाओं को गुप्त रूप से धन दिया था, जिनसे उनके संबंध थे। और एफ.बी.आई. ने उनके फ्लोरिडा स्थित घर की तलाशी ली गोपनीय दस्तावेजों से छेड़छाड़ के मामले में लेकिन इससे ट्रम्प नामांकन के लिए ज्यादा मजबूती से उभरे। इसके अलावा, ट्रम्प वर्षों से न्याय विभाग और एफ.बी.आई. की आलोचना करते रहे हैं उनका आधार मजबूत हुआ है। उनके बयान रिपब्लिकंस द्वारा दोहराए गए है। यह आंशिक रूप से तब हो रहा है जब इतने रिपब्लिकन निर्वाचित पदाधिकारियों ने अभियोग से निकलने के बाद आरामदायक महसूस किया है और न्याय विभाग पर हमला बोलते हुए यह भी झूठा आरोप लगाया है कि राष्ट्रपति बाइडन का भी इससे संबंध है।

परम्परावादी मीडिया की मदद से ट्रम्प एक समय सम्मानित रही संस्थाओं के प्रति अविश्वास का बीज बोने में सफल हुए हैं, जिससे देश ऐसी स्थिति में पहुंच गया है जहां उन पर महाभियोग चल सकता है मगर फिर भी वे आधार पर मजबूत पकड़ रख सकते हैं। यह बात नैशनल पब्लिक रेडियो की एक रिपोर्ट में कही गई है। निश्चित रूप से कई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# सड़क दुर्घटना में 70 लाख रू. का राजीनामा

पाली, 10 जून (नि.सं.)। राष्ट्रीय लोक अदालत ने मोटर दुर्घटना दावा में एक सड़क दुर्घटना में 70 लाख रू. का राजीनामा कराया है। मोटर दुर्घटना दावा में पाली जिले का यह अब तक का सबसे बड़ा राजीनामा है। मामला मारवाड़ जंक्शन के समीप धुंधला गांव के रहने वाले सरकारी कर्मचारी राधेश्याम वैष्णव का है। सरकारी कर्मचारी वैष्णव को 2020 में सिरोही के पास एक

- वर्ष 2020 में पाली के धुंधला गांव के राधेश्याम वैष्णव को सिरोही में एक वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसमें उसकी मौत हो गई थी, राष्ट्रीय लोक अदालत ने दोनों पक्षों के बीच राजीनामा करवाया है।

चौपहिया वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसमें उनकी मृत्यु हो गई थी।

पीड़ित पक्ष की ओर से कोर्ट में दावा किया था। राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों के बीच राजीनामा करवाया गया और शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के न्यायाधीश मुकेश भार्गव ने कोर्ट में पीड़ित पक्ष को एच.डी.एफ.सी. बैंक का 70 लाख रुपए का चेक सौंपा। मृतक के दो पुत्रियां और एक पुत्र है। इस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारतीय ड्राइवरों के लिये भारी मार्केट है यूरोप में

## यूरोप ही नहीं, जहां भी जनसंख्या में वृद्ध नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, वहां भारतीय युवाओ के लिए बड़ा मार्केट है


**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 जून। ऐसे समय में जब विश्व की अधिकांश जनसंख्या उम्रदराज हो चुकी है या होने जा रही है, तो कई देशों को काम करने के लिए स्वस्थ युवक और युवतियों की

- उदाहरण के लिये पोलैण्ड को बस ड्राइवरों व हंगरी को ट्रक ड्राइवरों की भारी आवश्यकता है।

आवश्यकता है, भले ही ऑटोमेशन सुविधाएं और आर्टीफिशियल इंटैलीजैंस (ए.आई.) लोकप्रिय क्यों न हो रहा हो। भारतीय ड्राइवरों के लिए अभी दो यूरोपीय देशों से मांग आ रही है जो ऐसे ड्राइवरों को मुफ्त हवाई टिकट और आसान वीज़ा दे रहे हैं जो भारी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



**भावभीनी श्रद्धांजलि**

# स्व. श्री राजेश पायलट

**10 फरवरी 1945 - 11 जून 2000**

# 'अपराधिक मामले में बरी हुए दम्पती को मुआवजा क्यों नहीं'

जयपुर, 10 जून (का.सं.)। राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर पूछा है कि आपराधिक मुकदमे में कई माह जेल में रहने के बाद

- राजस्थान हाई कोर्ट ने उत्तम चंद जैन व सुनील जैन की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को नोटिस भेजा। अपराधिक मामले में कई माह जेल में रहने के बाद जैन दम्पती हाल ही में बरी हुए हैं।

बरी हुए दंपत्ति को क्यों ना पचास-पचास लाख रुपए मुआवजे के तौर पर दिलाए जाए। जस्टिस आशुतोष कुमार की एकलपीठ ने उत्तम चंद जैन व

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर सचिन की संभावित सियासी हलचल पर टिकी सबकी निगाह

## सचिन पायलट द्वारा कोई बड़ी घोषणा करने की चर्चा है

दौसा, 10 जून (निसं)। प्रदेश की सियासी खींचतान के बीच आज 11 जून को सुबह 10 बजे भंडाना स्थित स्मारक पर पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के पिता, पूर्व केंद्रीय मंत्री, स्वर्गीय राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर होने वाले कार्यक्रम में संभावित राजनीतिक हलचल पर सियासी हलकों एवं आम लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

कार्यक्रम के बाद सचिन पायलट सोमनाथ स्थित देवनारायण मंदिर गुर्जर छात्रावास पहुंचकर स्वर्गीय राजेश पायलट की मूर्ति का अनावरण भी करेंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगे। चर्चा का विषय यह है कि, क्या सचिन पायलट अपने पिता की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान, किसी नई राजनीतिक हलचल से जुड़ी गतिविधि का ऐलान कर सकते हैं? वहीं चर्चा यह भी है कि, वैसे तो हर साल राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर सचिन

- गुर्जर छात्रावास में स्व. राजेश पायलट की मूर्ति का अनावरण किया जाएगा।

पायलट श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करते हैं, लेकिन इस बार जो बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है उसका कोई विशेष महत्व है।

कहा जा रहा है कि, पायलट ने गहलोत सरकार के सामने जो मुद्दे उठाए थे उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है तथा पायलट को लेकर गहलोत मंत्रिमंडल तथा गहलोत समर्थकों की प्रतिक्रिया से भी पायलट समर्थक काफी आहत हैं। लोगों का यह भी कहना है कि, रविवार को पायलट इस कार्यक्रम में कोई तगड़ा झटका दे सकते हैं जो आगे आ रहे विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का जायका बिगाड़ सकता है। ज्ञातव्य है कि, 1998 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद से अशोक गहलोत लगातार तीन बार प्रदेश की सत्ता पर काबिज रहे और इस दौरान मुख्यमंत्री पद के लिए जो भी दावेदार सामने आए उनको राजनीतिक तौर पर दरकिनार करने में कामयाब रहे हैं। इस बार भी पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के समर्थकों ने पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की मांग जोर -शोर से उठआई तो मुख्यमंत्री पद के लिए समर्थकों द्वारा स्वर मुखर मु.मंत्री गहलोत ने फिर इसी पैंतरे का इस्तेमाल किया। लेकिन कहा जा रहा है कि, यह पैंतरा इस बार उल्टा पड़ चुका है और सचिन पायलट पर नहीं चल पा रहा है एवं इसके कारण संगठन व सत्ता का राजनीतिक बंटवारा होना तय है। बहरहाल रविवार को स्वर्गीय राजेश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 11 जून को सचिन पायलट कौनसा कदम उठाएंगे?

## क्योंकि 11 अप्रैल को अपनी सरकार के खिलाफ अनशन किया था, 11 मई से जन संघर्ष यात्रा की थी

- वैसे तो 11 जून को हर वर्ष दौसा में कार्यक्रम होता है, लेकिन इस बार 2 कार्यक्रम और बड़ी आम सभा का आयोजन होने से लोगों में उत्सुकता ज्यादा है
- पायलट अपनी मांगों पर अड़े रहते हैं, तो कांग्रेस में सुलह फार्मूला होगा ध्वस्त, मांगों से पीछे हटते हैं तभी कांग्रेस में भविष्य

**जयपुर**, (का.प्र.)। रविवार 11 जून को अपनी पूर्व कर्मभूमि दौसा में सचिन पायलट के दो कार्यक्रम है। एक कार्यक्रम वही है, जो हमेशा होता है और वह है स्वर्गीय राजेश पायलट को श्रद्धांजलि देने का। यह कार्यक्रम भंडाना में हर साल होता है। इसी के साथ इस बार दूसरा कार्यक्रम गुर्जर छात्रावास में रखा गया है, जहां राजेश पायलट की मूर्ति के अनावरण करने के साथ एक सभा का आयोजन होना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंत्री मुरारी लाल मीणा और बांदीकुई विधायक गजराज खटाना के अलावा पायलट समर्थक अन्य नेता भी पिछले कई दिनों से जुटे हुए हैं।

इस बार यह महत्वपूर्ण इसलिए है कि 11 अप्रैल को सचिन पायलट ने वसुंधरा राजे सरकार के भ्रष्टाचार की जांच के खिलाफ अपनी ही सरकार के सामने मांग रखते हुए अनशन किया था। उसके 1 महीने बाद 11 मई को जन संघर्ष पदयात्रा का आगाज किया था। 15 मई तक यह पदयात्रा अजमेर से जयपुर तक निकाली थी और उस जनसंघर्ष पद यात्रा की समाप्ति पर 15 मई को जयपुर में घोषणा की गई थी, कि यदि आरपीएससी को भंग कर नई व्यवस्था लागू नहीं की गई, छात्रों को आर्थिक मुआवजा नहीं दिया गया और वसुंधरा राजे सरकार के भ्रष्टाचार की जांच की घोषणा 15 दिन में नहीं की गई तो मैं प्रदेश स्तरीय आंदोलन करूंगा। गांव-ढाणी में जाकर आंदोलन करूंगा। लेकिन अपना अल्टीमेटम समाप्त होने के बाद वह आंदोलन शुरू करते उससे पहले ही 29 मई को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की 3 घंटे हुई बैठक और उसके बाद सचिन पायलट को बुलाकर की गई बात के बाद आंदोलन स्थगित हो गया।

ऐसे में बीच में चर्चा यह चलती रही कि सचिन पायलट नई पार्टी बनाएंगे। हालांकि चर्चा अभी भी ना तो समाप्त हुई है, ना खुद सचिन पायलट ने इस चर्चा को अभी तक खारिज किया है। लेकिन अब विधानसभा चुनाव में समय कम बचा है, ऐसे में सचिन पायलट नई पार्टी बनाने का रिस्क लेंगे या नहीं लेंगे, इसे लेकर भी अभी सब कुछ क्लियर नहीं है और असमंजस की स्थिति बनी हुई है? यही कारण है कि 11 जून का सभी को इंतजार है। यह इंतजार इसलिए भी है कि पायलट 11 जून को अपने अगले कदम की घोषणा जरूर करेंगे कि आखिरकार उनके मन में क्या है।

हालांकि 29 मई को दिल्ली में हुई सुलह वार्ता के 2 दिन बाद ही उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र टोंक में घोषणा की थी, कि वह अपनी तीनों मांगों पर कोई समझौता नहीं करेंगे। दूसरी और अशोक गहलोत उनकी तीनों मांगों को अलग-अलग समय पर भाषणों के जरिए और बयानों के जरिए स्पष्ट रूप से ठुकरा चुके हैं। ऐसे में इंतजार है कि क्या 11 जून को सचिन पायलट अपने अगले कदम की घोषणा कर सकते हैं। वैसे भी 11 जून को उनके भाषण को देखने के बाद ही यह तय होगा कि क्या वे 11 जून को अपने आंदोलन को आगे बढ़ाने की घोषणा करते हैं, या नहीं। यदि वे आंदोलन की मांग पर अडिग रहते हैं, तो तय मानिए 29 मई को दिल्ली में हुई सुलह फार्मूले की बात ध्वस्त हो जाएगी। वहीं यदि आंदोलन को आगे बढ़ाने की बात नहीं करते हैं, तो जनता को लगेगा कि आखिरकार उन्होंने इतनी बड़ी घोषणा क्यों की थी। ऐसे में माना जा रहा है कि सचिन पायलट खुद बड़ी उलझन में हैं और इससे निकलना भी आसान नहीं है।

भले ही उनकी नई पार्टी बनाने की चर्चा होती रही है, लेकिन नई पार्टी बनाना और उसे आगे ले जाना राजस्थान में बहुत आसान काम नहीं है। पिछले काफी वर्षों से राजस्थान में तीसरी पार्टी, जिनमें किरोड़ी लाल मीणा की पार्टी भी बड़ा उदाहरण है, आगे नहीं बढ़ पाई। वहीं अब हनुमान बेनीवाल लगातार अपनी पार्टी का आधार तो बढ़ा रहे हैं, पार्टी का चुनाव में वोट बैंक भी ठीक-ठाक था और हाल ही हुए उपचुनाव में भी हनुमान बेनीवाल की पार्टी को अच्छा खासा वोट मिला है, लेकिन अब तक हनुमान बेनीवाल को भाजपा के साथ गठबंधन के कारण वोट मिला बताया जाता है। ऐसे में 2023 के चुनाव में हनुमान बेनीवाल यदि 6 प्रतिशत से ज्यादा वोट लेते हैं तो निश्चित मानिए कि उनका कद राजस्थान की राजनीति में बड़ा होगा। इधर सचिन पायलट भी हनुमान बेनीवाल जैसा कदम उठाएं, इसके लिए जितना समय चुनाव में बचा है, उसमें सचिन पायलट ऐसा शायद ही करें।

ऐसे में यदि सचिन पायलट अब कोई पद लेकर कांग्रेस के साथ रहते हैं, तो उन्हें अपनी तीनों मांगें छोड़नी होंगी और यदि ऐसा करते है तो जनता के मन में उनके प्रति लगेगा कि इन मांगों को क्यों उठा रहे थे। आंदोलन क्यों कर रहे थे। ऐसे में सचिन पायलट के भाषण और अगले कदम का सभी को इंतजार है और कांग्रेस की विधानसभा चुनाव में उतरने की रणनीति भी उसी कदम से तय होगी।

## अंजीर, पपीता एवं अमरूद के एक्सीलेंस सेंटर में 19 पद सृजित

**जयपुर।** सिरोही के अंजीर उत्कृष्टता केंद्र, दौसा के पपीता उत्कृष्टता केंद्र (एक्सीलेंस सेंटर) तथा सवाई माधोपुर के अमरूद उत्कृष्टता प्रशिक्षण केंद्र के संचालन के लिए 19 पदों का सृजन होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सिरोही के अंजीर उत्कृष्टता केंद्र में उपनिदेशक उद्यान (अनुसंधान), कृषि अनुसंधान अधिकारी, कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक व सहायक प्रशासनिक अधिकारी के 1-1 पद तथा सहायक कृषि अधिकारी के 2 पद स्वीकृत किए गए हैं। दौसा के पपीता उत्कृष्टता केन्द्र में उपनिदेशक उद्यान (अनुसंधान), कृषि अनुसंधान अधिकारी, कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक व सहायक प्रशासनिक अधिकारी के 1-1 पद तथा सहायक कृषि अधिकारी के 2 पद सहित कुल 7 पदों का सृजन किया जाएगा। सवाई माधोपुर के अमरूद उत्कृष्टता प्रशिक्षण केंद्र में कृषि अनुसंधान अधिकारी कीट, कृषि अनुसंधान अधिकारी पौध व्याधि, सहायक कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक व कनिष्ठ लेखाकार के 1-1 पद सहित कुल 5 पद सृजित होंगे।

## 7 जिलों में खुलेंगी खेल अकादमियां

**जयपुर।** राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में विभिन्न खेल अकादमियां स्थापित कर रही हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 7 जिलों में खेल अकादमियों के लिए 14.25 करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी दी है। सीकर के कोलिड़ा एवं बांसवाड़ा में फुटबॉल अकादमी, बीकानेर में साईक्लिंग अकादमी, भीलवाड़ा में कुश्ती अकादमी, राजगढ़ (चूरू) में एथलेक्टिस अकादमी तथा बाड़मेर व सीकर में बास्केटबॉल अकादमी की स्थापना की जाएगी।

# राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड को चार प्रतिष्ठित अवार्ड मिले




**दिल्ली में केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय की इकाई इंडियन बिल्डिंग्स कांग्रेस ने आवासन मंडल के चार प्रोजेक्ट्स को एक्सीलेंस इन बिल्ट एनवायरनमेंट के लिए सम्मानित किया। मंडल की ओर से मुख्य अभियंता प्रथम के.सी. मीणा, उप आवासन आयुक्त (मुख्यालय) विजय अग्रवाल, उप आवासन आयुक्त (सिटी पार्क) के.के. दीक्षित, एच.आर.दुपका, आवासीय अभियंता जी.पी. अग्रवाल और रोहित सिंह ने हजारों लोगों की उपस्थिति में विभिन्न सम्मान ग्रहण किए।**

- सिटी पार्क, कोचिंग हब, जयपुर चौपाटी और मुख्यमंत्री प्रहरी-अध्यापक आवासीय योजना की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना
- आवासन मंडल को गत 4 वर्षों में 21 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार मिल चुके

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा, जब बोर्ड की झोली में 4 राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड आए। शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार की इकाई आईबीसी (इंडियन बिल्डिंग्स कांग्रेस) ने मंडल के 4 प्रोजेक्ट्स को एक्सीलेंस इन बिल्ट एनवायरनमेंट के लिए सम्मानित किया।

दिल्ली के एपी शिंदे सिंपोजियम में आयोजित समारोह में सीपीडब्ल्यूडी के पूर्व निदेशक शैलेंद्र शर्मा, हुडको के पूर्व निदेशक वी. सुरेश, आईबीसी के चेयरमैन विजय सिंह वर्मा और लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद वालिया उपस्थित रहे। मंडल की ओर से मुख्य अभियंता प्रथम के.सी. मीणा, उप आवासन आयुक्त (मुख्यालय) विजय अग्रवाल, उप आवासन आयुक्त (सिटी पार्क) के.के. दीक्षित, एच.आर.दुपका, आवासीय अभियंता जी.पी. अग्रवाल और रोहित सिंह ने हजारों लोगों की उपस्थिति में विभिन्न सम्मान ग्रहण किए।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि सम्मान अकेले अधिकारी का नहीं, बल्कि पूरी टीम का होता है। विगत 4 वर्ष पूर्व आमजन का विश्वास आवासन मंडल से पूरी तरह उठ गया था, मंडल लगातार घाटे में जा रहा था लेकिन मंडल के अधिकारियों और कार्मिकों की ऊर्जा ने नामुमकिन को भी मुमकिन कर दिखाया।

अरोड़ा ने बताया कि दिल्ली के भव्य समारोह में सराहे गए सिटीपार्क, कोचिंग हब, चौपाटी और शिक्षक प्रहरी आवास योजना इससे पूर्व भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खासी चर्चित रह चुके हैं। टिकट लगने के बावजूद भी सिटी पार्क में प्रतिदिन हजारों की संख्या में स्थानीय और विदेशी पर्यटक इसकी खूबसूरती का दीदार करने आते हैं। प्रताप नगर और मानसरोवर में स्थापित चौपाटी के लजीज क्यूज़ीन और व्यंजनों के तो शहरवासी दीवाने हैं। चौपाटियों के शुरुआती 5 महीनों में अधिकतम फुटफाल के लिए तो दो अंतरराष्ट्रीय अवार्ड भी मिल चुके हैं। चौपाटियों पर चलने वाला लाइव बैंड के आगंतुक खासे मुरीद हैं। प्रताप नगर में बना कोचिंग हब देश का पहला ऐसा संस्थान है, जहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन में निजी कोचिंग एक साथ संचालित होने को हैं। इनके अलावा प्रदेश में शिक्षक और कांस्टेबल के लिए पहली बार बनी आवास परियोजना रही जहां रहवासियों को स्विमिंग पूल, स्पोर्ट्स अरेना, कम्युनिटी एरिया, लैंड स्कैपिंग तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

गौरतलब है कि आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की अगुवाई में पिछले चार वर्षों में मण्डल को कुल 21 अवार्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस, स्कॉच अवार्ड-2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आई.बी.सी और 'स्टार ऑफ गवर्नेंस-गोल्ड अवार्ड' और नरेडको द्वारा दिए रियल एस्टेट कॉन्क्लेव जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल हैं।


## दर्शनम गैलरी में लगभग 40 स्कल्पचर्स व पेंटिंग्स प्रदर्शित



**जयपुर** । 150 - 200 साल पुरानी तैयार की गई पेंटिंग कलेक्शन को डिस्प्ले कर पिछवाई कला को मनमोहक रूप से जीवित किया। कुछ ऐसा ही नजारा था वैशाली नगर स्थित दर्शनम आर्ट में आयोजित हुई लाइव पेंटिंग डेमोंस्ट्रेशन और स्टोन कलर मेकिंग कार्यक्रम का। इस दौरान आर्ट गैलरी में लगभग 40 स्कल्पचर्स, पेंटिंग्स और पिक्चर्स को प्रदर्शित किया गया। जहां भगवान श्री राधा गोविन्द और श्रीनाथ जी पर केंद्रित सभी पेटिंग्स के साथ माहौल में उत्सवी आनंद घुल गया। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्यों ने पिछवाई आर्ट करना सीखा, साथ ही लाइव डेमो में प्रोफेशनल आर्टिस्ट्स द्वारा कलरफुल स्टोन से नेचुरल कलर्स बनाने की कला को जाना। ज्यादातर कलेक्टेड 20 पेंटिंग्स पर शुद्ध सोने की कारीगिरी को पुर्नस्थापित की गया है। 100 साल पुरानी जयपुर धरोहर की खिडकी को संग्रह कर पेंटिंग के फ्रेम के रूप में स्थापित किया।

दर्शनम आर्ट से अभिनव बंसल ने बताया कि जयपुर में ये अपनी तरह की पहली ऐसी आर्ट गैलरी है, जहां पिछवाई का 100 साल से ज्यादा संग्रह किया कलेक्शन डिस्प्ले किया जा रहा है। ट्रेडिशनल पेंटिंग्स को समर्पित इस आर्ट गैलरी में अनुभवी युवा कलाकार द्वारा तैयार किया गया नया कलेक्शन भी रखा गया है। इस गैलरी का मुख्य उद्देश्य युवाओं को इनकी प्रक्रिया सीखाना और दिखाना है। इस कला को आने वाली पीढ़ियों तक लेकर जाना है।

# जब हर आंगन में होगा योग, तब ही हर घर रहेगा निरोग : सौम्या गुर्जर



**योग महोत्सव-2023 में ग्रेटर नगर निगम योग शिविरों की कड़ी में शनिवार को नगर निगम ग्रेटर और पंतजलि योग समिति की ओर से करधनी पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महापौर सौम्या गुर्जर ने भी योग कर लोगों को इसके प्रति प्रोत्साहित किया।**

**जयपुर** (कासं)। योग महोत्सव-2023 के तहत ग्रेटर नगर निगम योग शिविरों का आयोजन कर रहा है। इस कड़ी में शनिवार को नगर निगम ग्रेटर और पंतजलि योग समिति की ओर से करधनी पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर की शुरुआत करते हुए महापौर सौम्या गुर्जर ने कहा कि जब हर आंगन में योग होगा, तब ही हर घर निरोग रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वयं नियमित योग करके अन्य को प्रशिक्षण देने वाले तथा योग के प्रचार-प्रसार में सक्रिय योगदान देने वाले योगाचार्यों के साथ योग प्रशिक्षकों व नागरिकों को नगर निगम ग्रेटर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित करेगा। जयपुर के हर घर-आगंन के साथ फुटपाथ पर जीवनयापन करने वाले अंतिम स्तर के व्यक्ति को भी योग का प्रशिक्षण देकर उसकी सेवा करनी है। शिविर में योगाचार्य कुलभूषण बैराठी, योगाचार्य प्रीति शर्मा, जयपुर योग महोत्सव-2023 के मुख्य समन्वयक योगी मनीष विजयवर्गीय, पार्षद सुशीला बारी और विकास बारेठ सहित कई लोगों ने हिस्सा लिया। रविवार को योग शिविर नर्सरी पार्क वैशाली नगर में होगा, जिसमें योगाचार्य रवि कामरा योगाभ्यास तथा ब्रह्मकुमारी अनामिका बहन एवं एकता बहन योग प्रेमियों को राजयोग का अनुभव शेयर करेंगी।

## 100 आयुष चिकित्सालयों में यूनानी चिकित्सा मिलेगी

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में परम्परागत चिकित्सा प्रणालियों के विकास एवं विस्तार के लिए निरन्तर महत्वपूर्ण फैसले लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 100 आयुष चिकित्सालयों/ औषधालयों में यूनानी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। साथ ही, इन सुविधाओं के संचालन के लिए कुल 200 पदों के सृजन के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है।

इन 100 आयुष चिकित्सालयों / औषधालयों में यूनानी चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक में यूनानी चिकित्साधिकारी तथा यूनानी कनिष्ठ नर्स/ कम्पाउण्डर के 1-1 पद का सृजन किया जाएगा। इनके लिए 20 लाख रुपए लागत से आवश्यक फर्नीचर एवं उपकरणों की खरीद भी की जाएगी। गहलोत के इस निर्णय से प्रदेश में परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा मिलेगा।

जयपुर में 18, जोधपुर में 16, भरतपुर में 8, सीकर में 6, अजमेर व सवाईमाधोपुर में 5-5, उदयपुर, दौसा व झुंझुनूं में 4-4, नागौर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, चूरू में 3-3, कोटा, जालोर, जैसलमेर व राजसमंद में 2-2, अलवर, बीकानेर, बूंदी, धौलपुर, हनुमानगढ़, करौली, पाली, प्रतापगढ़, श्रीगंगानगर व टोंक में 1-1 आयुष चिकित्सालय /औषधालय में यूनानी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

## सराफ ने 13 दिव्यांग जनों को स्कूटी बांटीं

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने 13 दिव्यांग जनों को स्कूटी वितरित की। सराफ ने संकल्प लिया था कि मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में एक भी दिव्यांग बिना स्कूटी के नहीं रहेगा। उसी संकल्प के अंतर्गत अब तक 35 स्कूटी का वितरण किया जा चुका है।इसी क्रम में आज 13 स्कूटी का वितरण किया गया। शेष 20 स्कूटी का वितरण भी जल्दी कर दिया जायेगा। सराफ ने मोहित खंडेलवाल, अनुराग गोयल, रतीराम प्रजापत, विष्णु कुमार मित्तल, भगवानदास, लोकेश सिंह, महिमा सिंह, अमृत सिंह, गोपाल सिंह, कोमल राठौदिया, इंद्रकुमार तेजवानी, जगदीश सिंह व नसरीन बानो को स्कूटी वितरित की।

## खाचरियावास ने विकास कार्यों का जायजा लिया

- जयपुर के शास्त्री नगर का दौरा किया

**जयपुर।** मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने आज वार्ड नंबर 35 पीतल फैक्ट्री के सामने कामधेनू शॉपिंग सेंटर शास्त्री नगर स्थित श्याम मार्ग बनीपार्क विस्तार योजना विकास समिति के तत्वधान द्वारा करवाएं गए सौंदर्यकरण के कार्यों का उद्घाटन किया।

श्याम मार्ग बनीपार्क विस्तार योजना विकास समिति के द्वारा वर्षों से चल रहे कचरे के अवैध डिपो को हटाकर वहां पर बड़े लोहे के जंगले, घास, गमले एवं पौधे लगाकर सुंदरीकरण का कार्य किया गया है। इससे क्षेत्र में चल रहा अवैध कचरे के डिपो पर भी लगाम लगी एवं इसके चलते कॉलोनी के मुख्य द्वार कामधेनू शॉपिंग सेंटर शास्त्री नगर वाली सड़क पर विशाल सौंदर्य करण होने से कॉलोनी में मुख्य मार्ग पर सुंदरता भी बढ़ी। मंत्री खाचरियावास ने कहा कि इस प्रकार यदि विकास समिति आगे बढ़कर सरकार का सहयोग करेंगी तो वह दिन दूर नहीं है जब राजधानी जयपुर भारत का सबसे स्वच्छ शहर होगा। उन्होंने आज लगभग 3 किलोमीटर तक पैदल घूम कर कॉलोनी का मौका मुआयना किया तथा साफ सफाई एवं किए गए विकास कार्यों का जायजा लिया। उनके साथ आज दौरे में जेडीए, नगर निगम के उच्च अधिकारी भी साथ रहे।

## 1.20 लाख हैक्टेयर कृषि क्षेत्र जैविक में परिवर्तित होगा

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा वृहद् स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 1.20 लाख हैक्टेयर क्षेत्र को जैविक में परिवर्तित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत किसानों को जैविक बीज, जैव उर्वरक एवं कीटनाशी उपलब्ध कराए जाएंगे।


इस वर्ष 1.20 लाख हैक्टेयर क्षेत्र को जैविक में परिवर्तित कर कृषकों को लाभान्वित किया जाएगा। इसमें लगभग 23.57 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसी प्रकार, 50 हजार कृषकों को जैविक खेती हेतु प्रति कृषक 5000 रुपए का अनुदान भी दिया जाएगा। इस राशि से कृषक खेतों की उर्वरकता बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से परियोजना प्रतिवेदन की स्वीकृति प्राप्त होने तक कृषक चयन, कृषक समूह गठन, मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण आदि गतिविधियों के लिए राज्य निधि से 5 करोड़ रुपए की भी स्वीकृति प्रदान की है।

# शंकरलाल चौधरी बने भाकपा ( माले ) के राज्य सचिव

- भाकपा (माले) का राजस्थान राज्य दो दिवसीय सम्मेलन संपन्न हुआ।
- साम्प्रदायिक फासिवादी ताकतों के ख़िलाफ़ व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का संकल्प लिया गया

**जयपुर**, (का.सं.)। भाकपा (माले) का राजस्थान राज्य का दो दिवसीय राज्य सम्मेलन आज कुमारामंद हॉल, जयपुर में सम्पन्न हुआ। आज दूसरे दिन की कार्यवाही कल जो राजनीतिक सांगठनिक रिपोर्ट पेश हुई थी। उस पर चर्चा के साथ शुरू हुआ। चर्चा में 20 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी। चर्चा में यह बात सामने आई की फासीवादी भाजपाईयों से राज्य में निपटते के लिए जनता के बीच उनके मुद्दो पर जनता को एकजुट करने हुए व्यापक वैचारिक संघर्ष की जरूरत हैं। वामपंथी विचारधारा सामाजिक आर्थिक न्याय और धार्मिक सोहार्द पर आधारित भारत का सपना देखती हैं जो समानता, न्याय और बंधुता पर आधारित हो। इस बात को जनआंदोलन के दौरान आम जन के बीच कारगर तरीके से लें जानें की जरूरत हैं। चर्चा का जवाब देते हुए निर्वतमान राज्य कमिटी की तरफ़ से शंकरलाल चौधरी ने जवाब देते हुए कहा की जनता के बीच हमारे जन कामों को राजनीतिक



दिशा देने की जरूरत हैं। हमारे राजनीतिक काम में वैचारिक पहलू को मजबूत करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए सब प्रतिनिधियों को अपनी भूमिका को बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा जहां केंद्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता अब जनता समझ रहीं है पर हम देख रहे हैं। राज्य की कांग्रेस सरकार ने भीं किसानो से किए सब वादे पूरे नही किए हैं। उन्होंने पार्टी संगठन की कमियों को चिन्हित करते हुए प्रतिनिधियों के द्वारा उठाए गए सवालों पर विस्तृत जवाब दिया।

इसके बाद अध्यक्ष मंडल की ओर से कॉमरेड ओमप्रकाश झाडोला ने राजनीतिक सांगठनिक रिपोर्ट को सम्मेलन के सामने पारित करने के लिए रखा। सम्मेलन में आए प्रतिनिधियों ने इसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

इसके बाद केंद्रीय कमिटी के पर्यवेक्षक कामरेड संजय शर्मा ने नई राज्य कमिटी का चुनाव कराया गया जिसमे नई 25 सदस्यीय राज्य कमिटी का चुनाव हुआ। इसके तुरंत बाद राज्य कमिटी की पहली बैठक में कॉमरेड शंकरलाल चौधरी को सर्वसम्मति से राज्य सचिव चुना गया।

सम्मेलन को सम्बोधित वरिष्ट पार्टी नेता और पूर्व राज्य सचिव कॉमरेड महेंद्र चौधरी जिनका राजस्थान में वाम राजनीति और भाकपा (माले) के साथ लगभग पांच दशक लंबा अनुभव है ने कहा की आज समय की जरूरत हैं की धरातल पर पार्टी के नेतृत्वकारी साथी इस तरह से काम करें की जनता की रोजमर्रा की समस्या पर आंदोलन खड़ा करते हुए लोगो के सामने सत्ताधारी पार्टियो की पोल खोलने में कारगर भूमिका निभा सके।

प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए हैं केंद्र कमिटी की ओर से आए सम्मेलन के पर्यवेक्षक और पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड संजय शर्मा ने सबसे पहले सम्मेलन को पार्टी सविधान के नियमों का हिसाब से पारित करने की घोषणा की। इसके बाद उन्होंने अपनी बात रखते हुए इस बात पर जोर दिया की पार्टी संगठन को धरातल पर सक्रिय करके ही आरएसएस भाजपा की सांप्रदायिक नफरती राजनीति के असर को रोका जा सकता हैं।

आखिरी वक्ता के रूप में पार्टी के दिल्ली से आए हुए पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड प्रभात चौधरी ने कहा की सम्मेलन से संकल्प ले की पार्टी की राजस्थान इकाई को आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए अन्य वाम दलों, लोकतांत्रिक ताकतों के साथ मिलकर कारगर भूमिका निभानी होगा।

चुनी हुईं राज्य कमिटी ने 9 सदस्यीय स्थाई कमिटी का भी चुनाव किया जिसमे कॉमरेड शंकरलाल चौधरी के अलावा कॉमरेड फूलचंद ढेवा, फरहत बानू, सुधा चौधरी, कारू मीणा, ओमप्रकाश झाड़ोला, मंजुलता, चंद्रदेव ओला और रामचंद्र कुलहरी शामिल हैं।

इसके अलावा राज्य कमिटी में गौतम मीणा, शंकर मीणा, इंद्राज सिंह, हरी सिंह वेदी, राजवीर, शांतिलाल त्रिवेणी भंवरी देवी आदि शामिल हैं।

## भड़ला पुलिस चौकी होगी क्रमोन्नत

**जयपुर**, (का.सं.)। जोधपुर जिले की भड़ला पुलिस चौकी को थाने में क्रमोन्नत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने क्रमोन्नत करने और संचालन के लिए 38 नवीन पदों के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**खोया पाया**

मेरे मकान नं. डी-151, निर्माण नगर के मूल दस्तावेज जेडीए का लीज प्रमाण पत्र नक्शा एवं स्टाम्प रास्ते में कहीं गिर गये मिलने पर सूचित करें। अभिषेक कुमार बाबेल- मो. 8209171394

**आम सूचना** समिति की योजना भूमी विहार स्थित डाबला फागी में भूखण्ड संख्या 5 क्षेत्रफल 294.83 व.ग. श्री सत्यप्रकाश योगी श्री बंशीलाल जी योगी के नाम से आवंटित किया हुआ है लेकिन पट्टा कहीं गुम हो जाने के कारण समिति में डुप्लीकेट आवंटन पत्र के लिए समिति में आवेदन प्राप्त हुआ है यदि किसी व्यक्ति/दीगर संस्था समिति बैंक और अन्य किसी को भी उक्त भूखण्ड के संदर्भ में आपत्ति हो तो समिति कार्यालय में 7 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा उसके बाद समिति डुप्लीकेट पट्टा जारी कर देगी।
रामनारायण, अध्यक्ष
दी राजहंस को.हा.सा.लि., जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैंने विवाहोपरान्त अपना नाम अमिता जैन से बदलकर काजल लोकवानी पत्नी श्री सुनील लोकवानी निवासनी 153, कृष्णा मार्ग, गोविन्द नगर पूर्व, आमेर रोड, जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे काजल लोकवानी के नाम से जाना पहचाना जावें।

I Navy No. 174001H Rank Ex. POELP Krishan Kant Soni S/o Late Shri Jagdish Prasad Soni declare that my daughter name is written PRARTHANA SONI in my service record but her Name is changed to PARUL SONI for all future purposes.

I have changed my name from Vatsala Garg to Vatsala Khurana W/o Mr Anil Khurana for all future purposes R/o A-48, Shanti Path, Tilak Nagar, Jaipur-302004

# जयपुर में दो जिले बनाने का फैसला वापस लेने की मांग पर लामबद्ध हुए शहरवासी

## इस आंदोलन में आमजन के साथ साधू-संत, मौलवी, पादरी और ग्रंथी भी खड़े नजर आए




जयपुर शहर को दो जिलों में विभाजित करने के सरकारी फैसले के खिलाफ शनिवार को रामनिवास बाग में पैदलमार्च के लिए आमजन का हुजूम उमड़ा, जिसमें धर्मगुरू भी मौजूद रहे।

**जयपुर** (कासं)। जयपुर शहर के टुकड़े कर दो नए जिले गठित करने का फैसला वापस लेने की मांग को लेकर शनिवार को जयपुर शहर में विशाल पैदल मार्च निकाला गया, जिसमें गंगा-जमुनी तहजीब नजर आई।

'म्हारो जयपुर-प्यारो जयपुर' मुहिम चलाकर विभिन्न समाजों के प्रबुद्धजन लगातार सरकार से मांग कर रहे हैं कि अगर अगर सरकार जयपुर में दो जिले बनाना चाहती है तो ग्रेटर-हैरिटेज निगम के 250 वार्डों को शामिल कर एक जिला बनाएं।

अभियान से जुड़े सुनील कोठारी ने बताया कि पैदल मार्च शनिवार शाम को साढ़े 5 बजे रामनिवास बाग स्थित रविन्द्र मंच की पार्किंग से रवाना हुआ, जो कि न्यू गेट से चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया गेट होते हुए छोटी चौपड़ पर गया। इस पैदल मार्च में आगे-आगे साधू-संत, मौलवी, पादरी और ग्रंथी चले, उनके पीछे जयपुर की जनता हाथों में 'जयपुर को एक ज़िला बनाए रखने' की तख्तियां और पिंक झंडे लेकर चली। इसके अलावा जयपुर का प्रथम ध्वज पचरंगा और तिरंगा झंडा भी हाथ में लेकर आमजन सड़क पर कदमताल करते दिखे। ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जब से विधानसभा में जयपुर शहर को दो जिलों जयपुर उत्तर और जयपुर दक्षिण में विभाजित करने की घोषणा की है, तभी से सभी समाजों के प्रबुद्धजन सरकार के इस फैसले के विरोध में लामबद्ध है। हालांकि गत दिनों सरकार ने नवगठित जिलों में ओएसडी लगाए, तब भी आमजन के विरोध के कारण जयपुर में यह फैसला रोक लिया गया, हालांकि सरकार की ओर से अभी तक जयपुर में नवगठित जिलों के बारे में कोई स्पष्ट स्थिति जाहिर नहीं की जा रही है। माना जा रहा है कि चुनावी साल में अगर सरकार के किसी फैसले से सर्व समाज में कोई नाराजगी आती है, इसका सीधा असर विधानसभा चुनावों में नजर आएगा।

# नहीं होंगे जयपुर के दो टुकड़े, भाजपा के नेताओं के साथ खाचरियावास का ऐलान

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बोले, ''कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होती तो भी मैं विरोध करता''

**जयपुर,** (का.प्र.)। खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा है कि जयपुर के टुकड़े नहीं होंगे। जयपुर उत्तर और जयपुर दक्षिण नहीं होगा। अफसर जयपुर के दो टुकड़े करने का फैसला कैसे कर सकते हैं। उन्होंने कहा, सरकार के एक हिस्से ने जब कह दिया कि जयपुर के टुकड़े नहीं होंगे, तो यह बात मान लेनी चाहिए।

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कोठारी के साथ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने जयपुर को 2 जिलों में बांटने के मुद्दे पर कहा कि यह मुद्दा कैबिनेट में डिस्कस नहीं हुआ। नहीं तो जयपुर उत्तर और दक्षिण के लिए क्या मैं हां कर देता? मैं उसी समय कैबिनेट में विरोध दर्ज करवाता। यह फैसला होने ही नहीं देता। सरकार ने कर भी दिया तो अब ठीक हो जाएगा। सरकार हमेशा जिद से नहीं चलती है। सरकार प्यार और प्रेम से चलती है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है तो सुधार हो जाएगा।

खाचरियावास ने कहा कि सरकार के एक हिस्से ने कह दिया कि जयपुर जयपुर ही रहेगा। इसमें सब बात आ गई है। अब ग्रामीण में दो जिले बने हैं दूदू और कोटपुतली। अगर उन जिलों में ग्रामीण क्षेत्र के इलाके को जाना है तो चले जाएं। हालत यह है कि लालचंद कटारिया से बात हुई है।

कटारिया इस बात से नाराज हैं कि जोबनेर को दूदू में मिलाया जा रहा है। वहां के लोग विरोध कर रहे हैं। नाराज होना उनका हक है। कटारिया साथी मंत्री हैं, जोबनेर की जनता अगर दूदू में नहीं जाना चाहती तो उनका हक है। विधानसभा में मार्च में नए जिलों की घोषणा के समय से ही जयपुर उत्तर और दक्षिण में बांटने का विरोध चल रहा है। जयपुर के संगठन एक साझा मंच बनाकर इसका विरोध कर रहे हैं। इस मुद्दे पर कई बार धरने प्रदर्शन हो चुके हैं।

जयपुर और जोधपुर के टुकड़े करके दो-दो जिले बनाने के विरोध को देखते हुए सरकार ने इनमें अभी तक ओएसडी नहीं लगाए हैं। पिछले दिनों 19 में से 15 जिलों में ही ओएसडी लगाए थे। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि सरकार जयपुर और जोधपुर को दो जिलों में बांटने का फैसला टाल सकती है।

# जयपुर दो जिलों में नहीं बंटेगा, यह घोषणा खुद सी.एम. करें : कर्णावट



- ''मंत्री खाचरियावास ने जयपुर को दो जिलों में नहीं बांटने की बात कही है, क्या यह सरकार का अधिकृत बयान है?''
- पुनीत कर्णावट ने कहा कि जयपुर को दो जिलों में बांटने की घोषणा मुख्यमंत्री ने विधानसभा के पटल पर की थी, इसलिए वे खुद बताएं कि जयपुर का विभाजन नहीं किया जा रहा है।

**जयपुर** (कासं)। जयपुर ग्रेटर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मंत्री प्रताप सिंह और जयपुर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रताप सिंह खाचरियावास ने शनिवार को प्रेस वार्ता करके कहा है कि जयपुर दो जिलों में नहीं बटेगा, एक ही जिला बना रहेगा। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह बयान राजस्थान सरकार का अधिकृत बयान है ? क्या यह बयान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सहमति से दिया हुआ बयान है, इस बारे में उन्होंने कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है।

पुनीत कर्णावट ने कहा कि जयपुर को दो जिलों में बांटने की घोषणा मुख्यमंत्री ने विधानसभा के पटल पर की थी, इसलिए मुख्यमंत्री को स्वयं ही इस बारे में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि जयपुर का विभाजन नहीं किया जा रहा है। जयपुर को दो जिलों में नहीं बांटा जा रहा है, अन्यथा मंत्री प्रताप सिंह के कथन पर यकीन करना मुश्किल है, क्योंकि नया जिला बनाने की घोषणा कैबिनेट का डिसीजन होता है, सरकार का निर्णय होता है और सरकार के अधिकृत प्रवक्ता के रूप में अभी कोई भी बात इस संदर्भ में नहीं कही गई है, इसलिए मेरा यह मानना है कि जब तक सरकार लिखित में यह आदेश जारी नहीं करती कि जयपुर को दो जिलों में बांटने की योजना को वापस ले लिया गया है, तब तक प्रताप सिंह के कथन पर विश्वास करना मुश्किल है।

# चूड़ी कारखाने से तीन बाल श्रमिक छुड़वाए

- भट्टा बस्ती पुलिस ने आरोपी कारखाना संचालक को गिरफ्तार किया

**जयपुर** (कासं)। भट्टा-बस्ती थाना पुलिस और बचपन बचाओ आंदोलन ने सयुक्त कार्रवाई करते हुए चूड़ी बनाने के कारखाने में काम कर रहे तीन बालश्रमिकों को छुड़ाया है। साथ ही कारखाना संचालक को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि थाना इलाके में स्थित एक मकान में चूड़ी बनाने कारखाना है, जिसमें बालश्रमिकों से काम करवाया जा रहा है। इस पर बचपन बचाओ आंदोलन ने पुलिस की मदद से मकान पर दबिश दी। इस दौरान वहां तीन नाबालिक बच्चे चूड़ी बनाते हुए पाए गए, जिन्हें पुलिस ने छुड़वाया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान कारखाना मालिक शहजाद अली निवासी पट्टी जिला प्रतापगढ उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मुक्त कराए गए सभी बच्चे बिहार के रहने वाले हैं, जिनकी उम्र 12 साल से लेकर 15 साल तक के बीच है। पूछताछ में सामने आया कि कारखाना मालिक सभी बच्चों से 12 से 14 घंटे तक चूडी बनाने का कार्य करवाते था। आरोपित बच्चों को बिहार से अच्छी पढ़ाई करवाने का झांसा देकर जयपुर आये थे और यहां पर चूड़ी बनाने के काम में लगा दिया।

# जयपुर-अजमेर रोड पर होटल में चले लात-घूंसे

## टेबल पर सब्जी गिरने की बात पर दंपत्ति से अन्य 4-5 लड़कों में हुआ था विवाद

- गुस्साएं लड़कों ने दंपत्ति के सिर व मुंह पर प्लेट दे मारी, जिसके बाद होटल में हंगामा मच गया

**जयपुर** (कासं)। जयपुर-अजमेर रोड पर स्थित होटल हाईवे किंग में शुक्रवार रात दो ग्राहकों के बीच झगड़ा हो गया। टेबल पर सब्जी गिरने की बात पर दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। हंगामा होते देखकर झगड़ा करने वालों की होटल के कर्मचारियों ने पिटाई कर दी। होटल में मौजूद कस्टमर्स ने झगड़े का वीडियो अपने मोबाइल में शूट कर लिया। श्याम नगर पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में चार ग्राहकों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि अजमेर रोड स्थित होटल हाईवे किंग में झगड़ा हुआ था। रात करीब 12.30 बजे होटल में एक टेबल पर 4-5 लड़के खाना खा रहे थे। उसके पास ही टेबल पर कपल डिनर कर रहे थे। अचानक जिस टेबल पर 4-5 लड़के खाना खा रहे थे, उनसे सब्जी गिर गई। सब्जी के छींटों को लेकर कपल ने विरोध किया। ये बात लड़कों को नागवार गुजरी और लडाई शुरू हो गई। धीरे-धीरे हंगामा बढ़ गया, लड़कों के ग्रुप ने दंपत्ति के सिर-मुंह पर प्लेट दे मारी। देखते ही देखते होटल का माहौल बिगड़ गया और मौके पर लात-घूंसे चलने लगे। पूरे होटल में अफरा-तफरी का माहौल था। होटल प्रबंधन ने श्याम नगर पुलिस को सूचना दी। होटल प्रशासन ने झगड़ा करने वाले दोनों कस्टमर्स को समझाने का प्रयास किया, फिर भी मामला शांत नहीं हुआ। पुलिस पहुंची तो दोनों गुट को काबू किया। कुछ देर बाद पुलिस के सामने ही लड़के हंगामा करने लगे। जिस पर होटल कर्मचारियों ने झगड़ा करने वाले युवकों की जमकर पिटाई की। पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में राजेन्द्र चौधरी (23), विवेक चौधरी (19), हरेन्द्र चौधरी (21) और मनीष चौधरी (26) निवासी रिद्धि-सिद्ध, मानसरोवर को गिरफ्तार किया है। होटल में मौजूद कस्टमर्स ने झगड़े का वीडियो अपने मोबाइल में बना लिया।

पुलिस ने बताया कि रात करीब 12:45 पर पीसीआर मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस को देखकर हंगामा करने वाले कुछ लड़के भाग निकले। मौके से झगड़ा करने वाले चार लड़कों को पकड़ा, पुलिस के पहुंचने से पहले कस्टमर से झगड़ा खत्म हो गया था। उसके बाद होटल में खाने के रुपए नहीं देने के बाद कर्मचारियों से कहासुनी हो गई। झगड़ा करने पर कर्मचारियों ने उनकी पिटाई कर दी। पकड़े गए चारों लड़कों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया है।

## संक्षिप्त

### शनिवार को कोई संक्रमित नहीं मिला

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में शनिवार को करोना संक्रमण को लेकर पूरी तरह से राहत की बात रही। इस दौरान राज्य में कोई भी नया संक्रमित सामने नहीं आया। फिलहाल प्रदेश में 21 एक्टिव केस मौजूद है। प्रदेश में शनिवार को किसी भी जिले में नया संक्रमित नहीं मिला है। इससे पहले शुक्रवार को पांच रोगी पाए गए थे। इधर आज प्रदेश में 1903 कोविड जांच की गई है। राज्य में शनिवार एक भी मरीज रिकवर नहीं हुआ। राज्य में 21 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इनमें उदयपुर में 8, जयपुर में 7, बीकानेर में 3 और बांसवाड़ा में 2 तथा अलवर में 1 एक्टिव केस मौजूद है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9735 लोगों की मौत हो चुकी है।

### छह बाइक के साथ वाहन चोर पकड़ा

**जयपुर** । जवाहर सर्कल थाना पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शातिर वाहन चोर को पकड़ा है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की 6 बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। डी.सी.पी. (पूर्व) डॉ ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि जयपुर पूर्व में बढ़ रही लगातार वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने, अपराधियों की धरपकड़ करने के लिए एडिशनल डीसीपी अवनीश कुमार, थानाप्रभारी सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के लिए आरोपी को चिन्हित कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी बिमन्तर बर्मन गंगाघाट निकुंज बिहार पश्चिम बंगाल हाल विजय कॉलोनी बालाजी मोड मालवीय नगर जयपुर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की 6 बाइक बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह सभी वाहन उसने जवाहर सर्कल, बजाज नगर से चोरी की गई।

# गांजा-स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर** । जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने मुरलीपुरा एवं बजाज नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से 11 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक, 11 किलो 800 ग्राम गांजा, परिवहन प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (अपराध) सुलेश चौधरी ने बताया कि सीएसटी ने जयपुर शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ मुरलीपुरा एवं बजाज नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले मुकेश सैनी (19) निवासी अलीगढ़ जिला टोंक हाल सेन्ट्रल कॉलोनी मुरलीपुरा जयपुर,अनीश अहमद (24) निवासी उनियारा जिला टोंक और शंकर सवांई (33) निवासी अस्का जिला गंजम (ओडिसा) हाल मानसिंहपुरा कच्ची बस्ती बजाज नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपितों के पास से 11 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक, 11 किलो 800 ग्राम गांजा, परिवहन प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद किया है। आरोपित मुकेश सैनी यह अवैध मादक पदार्थ स्मैक दादी का फाटक जयपुर निवासी गोविन्द बन्ना के कहने पर पांच नम्बर पुलिया के नीचे किसी लड़के को देने आये था। वहीं गिरफ्तार आरोपित शंकर सवांई यह अवैध मादक पदार्थ गांजा ओडिशा के फुलवानी जिले के भंजननगर जंगल से आदिवासियों से लेकर आया था और सदर थाना इलाके में स्थित हसनपुरा हटवाडा सब्जी मण्डी के पास रहने वाले सनी नाम के व्यक्ति को बेचनस था। जिसके रुपये सनी ने उसे फोन-पे के माध्यम से देता था। गिरफ्तार आरोपियों से मादक पदार्थ स्मैक एवं गांजा के सप्लायर एवं खरीददार के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# श्याम नगर के अयोध्या पथ पर सड़क धंसी, ट्रक पलटा



श्याम नगर क्षेत्र में शनिवार को ट्रक के वजन से अयोध्या पथ पर सड़क धंस गई, जिसमें टायर फंसने से ट्रक भी पलट गया।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के श्याम नगर क्षेत्र में अयोध्या पथ पर शनिवार को ट्रक के वजन से सड़क धंस गई और आधा ट्रक समा गया। मौके पर 20 फीट का गड्ढा गया। गनीमत रही कि जब ट्रक पलटा, उस समय आस-पास कोई वाहन नहीं गुजर रहा था। इस वजह से बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे के बाद ट्रक को निकाला गया। शाम को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही समस्या का निस्तारण होगा।

हैरानी की बात यह है कि पिछले तीन वर्ष में श्याम नगर का अयोध्या पथ तीन बार धंस चुका है। लेकिन, जिम्मेदार अब तक कारण नहीं तलाश पाए हैं। घटना होने के बाद निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचते हैं और लीपापोती कर यातायात को सुचारू करवा देते हैं। ज्ञात रहे कि श्याम नगर और आस-पास की कॉलोनियों में सड़क निर्माण का काम चल रहा है। ट्रक में सड़क निर्माण की सामग्री भरी हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवर लाइन पुरानी है और कई बार पहले भी सडक़ क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

## सार-समाचार

### विप्र महाकुंभ के पोस्टर का विमोचन



**जयपुर** । विप्र फाउंडेशन की ओर से समता, समरसता और सर्वोदय के उद्देश्य से आयोजित नवां विप्र महाकुंभ 18 जून को जालोर में होगा। जालोर स्थित मलकेश्वर मठ में होने वाले विप्र महाकुंभ में जालोर के अलावा सिरोही, संचोर, पाली, फलोदी, जोधपुर, बालोतरा, बाड़मेर और जैसलमेर के विप्रजन जुटेंगे। इस बीच इस महाकुंभ के पोस्टर का शनिवार को पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉक्टर रघु शर्मा ने विमोचन किया। साथ ही विप्रजनों से महाकुंभ में पहुंच आयोजन को सफल बनाने की अपील जारी की। इसी प्रकार भाजपा सांसद रामचरण बोहरा ने भी विप्र महाकुंभ को लेकर पोस्टर विमोचन कर अपील जारी की। पोस्टर विमोचन अवसर पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर के.के.शर्मा, राजस्थान संगठक उमेश तिवाड़ी, आरोग्य साथी के महामंत्री सुनील शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, संगठन सचिव पुष्पेंद्र शर्मा, ग्रेटर महामंत्री सुशील पीरनगर,गिरिराज शर्मा मौजूद थे।

### 'मांगें माने जाने तक अनशन जारी रहेगा'



**जयपुर** । मंत्रालयिक कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दे दी है कि जब तक सरकार उनकी मांगें नहीं मान लेती, तब तक शहीद स्मारक पर चलने वाला क्रमिक अनशन जारी रहेगा। शनिवार को 24 घंटे के क्रमिक अनशन के 87वें दिन राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के सर्वेश्वर कुमार शर्मा के नेतृत्व में बहादुर सिंह राठौड़, महेश चंद धाकड़, अशोक जाट व संजय शर्मा बैठे। कोर कमेटी सदस्य राजेश पारीक ने बताया कि मंत्रालयिक एकता मंच की कोर कमेटी एवं विभागीय समिति अध्यक्षों की शनिवार को आपात बैठक बुलाई गई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार द्वारा मंत्रालयिक एकता मंच की मांगें माने जाने तक क्रमिक अनशन जारी रहेगा। शुक्रवार की वार्ता बेनतीजा रहने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए आशा व्यक्त की गई कि सरकार मंत्रालयिक कर्मचारियों की पीड़ा को समझेगी और इनकी आर्थिक एवं गैर आर्थिक मांगों पर संवेदनापूर्वक पूर्ण विचार करेगी। आपात बैठक में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, सुरेश धाभाई, महेंद्र सिंह धायल, देवेंद्र सिंह नरूका, शेर सिंह यादव, महेन्द्र शर्मा, छोटे लाल मीणा, प्रकाश यादव, कौशल कुमार, गोपाल स्वरूप पाठक, राहुल यादव, रविंद्र जोशी, रामनरेश जटवा, राम रतन शर्मा, रमेश तिवारी, अशोक भंडारी, ललित मोहन शर्मा, गिर्राज स्वामी सोनी, सत्येंद्र यादव, नागेंद्र सिंह नाथावत, वीरेंद्र माथुर, सर्वेश्वर शर्मा, बहादुर सिंह राठौड़,अशोक कुमार शर्मा, सरदार सिंह राठौड़, रामकिशोर पलसानिया, अनिल सोनी, मयंक शर्मा, जितेंद्र भारद्वाज, महेंद्र मीणा, अनिल शर्मा, अमित, विनोद शर्मा, ओम प्रकाश सेन, आदि कर्मचारी नेता उपस्थित थे।

# जयपुर में ब्रांडेड कंपनियों के नाम से तैयार किया जा हजारों किलो नकली घी पकड़ा

## सी.एम.एच.ओ. जयपुर प्रथम की टीम ने चांदपोल में श्यामगढ़ हाउस स्थित फर्म पर कार्रवाई की

- इस कार्रवाई के दौरान खास बात यह रही कि अब तक नकली घी बनाने वालों के यहां एगमार्ग नहीं मिलता था, लेकिन यहां बकायदा एगमार्क की सील लगाई जा रही थी।
- आरोपी फर्म का मालिक मशहूर कंपनी भीम, कृष्णा, सरस, महान जैसे कई ब्रांड की कॉपी तैयार कर बाजार में बेचने की तैयारी में था।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के चांदपोल इलाके में स्थित शामगढ़ हाउस में शनिवार को सीएमएचओ जयपुर प्रथम की टीम ने पुलिस के सहयोग से छापा मारकर एक फर्म के यहां से तीन हजार किलो नकली घी और अन्य माल जब्त किया है।

चांदपोल बाजार में माली मौहल्ला में श्यामगढ़ हाउस स्थित एक फर्म पर सीएमएचओ प्रथम की टीम जिसमें की खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा, नरेन्द्र चेजारा, नरेन्द्र शर्मा, राजेश कुमार शर्मा व पवन गुप्ता ने पुलिस के सहयोग से छापा मारा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि कार्रवाई के दौरान टीम को मालूम चला कि मशहूर कंपनी भीम, कृष्णा, सरस, महान एवं अन्य कई ब्रांड की कॉपी तैयार कर बेचने के लिए पैकिंग की जा रही थी। इस कार्रवाई के दौरान खास बात यह रही कि अब तक शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के दौरान नकली घी बनाने वालों के यहां एगमार्ग नहीं मिलता था, लेकिन यहां बकायदा एगमार्क की सील लगाई जा रही थी। मौके पर तीन हजार किलो तैयार घी और दो हजार किलो बना माल बरामद हुआ। इसके अलावा अन्य मशहूर कंपनियों लोटस, सरस, महान कृष्णा के छपे हुए रैपर, पैकिंग सामग्री, मशीन, भट्टी व गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान बरामद किया गया। इस फैक्ट्री को संजय शर्मा नाम का व्यक्ति चला रहा था। वह कैटरिंग की आड में नकली घी व तेल बनाकर बाजार में बेच रहा था। सीएमएचओ प्रथम की टींम ने मौके से 7 सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजे है। रिपोर्ट आने के बाद कानूनन कार्रवाई की जाएगी। टीम ने फर्म के प्रोपराइटर संजय शर्मा के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए मौके पर मिले माल सहित उसे पुलिस के हवाले कर दिया। इस बीच कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए टीम ने सरस, कृष्णा एवं महान कंपनी के प्रतिनिधियों को सूचना दी, ताकि कापीराइट, धोखाधड़ी एवं खाद्य एवं मानक सुरक्षा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जा सके। कंपनी प्रतिनिधियों ने अपनी ओर से संजय सर्किल थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है।



## We Age Slowly In Space

You must have noticed in a science fiction movie like Interstellar that when people go to space in come back after..say 10 earth years, they hardly seem to have aged. The process of aging in space is actually slower than it is on Earth. This is all explained by the time dilation theory. The theory says that time is a relative quantity. This means that the measurement of time between two distinct events by two different observers depends on the gravitational field in which they are and the velocity with which they are traveling.

#ENTOMOLOGY

# Weird Weather Keeps Butterflies Aflutter Longer

Unseasonably warm and cold days can prolong the active period of moths and butterflies by nearly a month.



Unseasonably warm and cold days can prolong the active period of moths and butterflies by nearly a month, according to a new study.

As Earth's climate continues to warm due to the emission of greenhouse gases, extreme and anomalous weather events are becoming more common. But predicting and analysing the effects of what is, by definition, an anomaly can be tricky.

Scientists say museum specimens can help. For the new study, the first of its kind, the researchers used natural history specimens. "The results are not at all what we expected," says Robert Guralnick, curator of biodiversity informatics at the Florida Museum of Natural History and lead author of the study in Communications Biology.

Erratic weather adds a layer of complexity to these patterns, with unknown consequences that erect an opaque screen ahead of scientists attempting to predict the future of global ecosystems.

"There had been hints in the scientific literature that weather anomalies can have cumulative effects on ecosystems, but there wasn't anything that directly addressed this question at a broad scale," Guralnick says.

This omission, he explains, was due primarily to a lack of sufficient data. While climate data has been reliably collected in many areas of the world for more than a century, records documenting the location and activity of organisms are harder to come by.

Natural history museums have been increasingly regarded as a potential solution.

In 2022, co-author Michael Belitz constructed a dataset of moths and butterflies from museum collections to chart a course for other researchers hoping to use similar data. The result was a comprehensive instruction manual for how to gather, organize and analyse information from natural history specimens.

With this robust resource at their disposal, Belitz and his colleagues wanted to see if they could detect a signal from aberrant weather patterns. Restricting their analyses to the eastern United States, the authors used records for 139 moth and butterfly species collected from the 1940s through the 2010s.

Their results were unequivocal: Unusually warm and cold weather has significantly altered insect activity to a greater extent than the average increase in global temperature for the last several decades.

The location and timing of extreme weather events influenced how insects responded. In higher latitudes, warm days in winter meant moths and butterflies became active earlier in the spring. Unusually cold days kept insects at all latitudes active longer, and the combination of exceptionally high and low temperatures had the strongest effect.

"If you have a succession of abnormally cold and warm days, it limits the ability of insects to function at peak performance," Guralnick says. "If cold doesn't kill you, it slows you down, and it might force insects into a torpor. Insects can recover from the cold snaps pretty quickly and go on to have longer lifespans as a direct result of sudden temperature declines."

Insects being active for longer periods of time might initially seem like a good thing. But rather than a counterweight to the negative repercussions of climate change, coauthor Lindsay Campbell-who studies mosquitos-points out that longer or altered insect lifespans may also mean more opportunities for pathogen transmission.

"There's a correlation between El Niño and rift valley fever outbreaks in East Africa, and there are anecdotal observations that show unusually warm or hot and dry springs, followed by a heavy precipitation event, are also linked with increased outbreaks," says Campbell, an assistant professor at the University of Florida.

Long-term ecosystem stability is also entirely dependent on the synchronized activity of its constituent parts, and plants may not respond to extreme weather in the same way as insects. If moths and butterflies take flight too early, they risk encountering plants that haven't yet produced leaves or flowers, expending their energy in a vain search for food.

And with a constantly shifting baseline for what constitutes 'extreme,' it's unclear if insects will be able to keep pace with the changes.


"As average temperature and climate variability increases, an organism's resilience is going to drop precipitously," Guralnick says. "The extreme events of today are going to become much more extreme in the future, and at some point, the capacity to buffer against these changes is going to reach its limit."



# Come to the Okavango... Paradise

(...1)

A classic example of design before utility, even before common sense which not only takes away useable space from the bedroom but also ensures an assault on the senses that one can well do without. There is a point to be made about privacy and that intimacy needs to be confined within boundaries. Listening (and more) to your room partner (no matter your relationship with them) discharging their responsibilities, loud and clear, is not an experience to be sought.





#AFRIKAA



Mirza Yawar Baig
*Naturalist and wildlife conservationist*

First there was the dry. Then it rained high up and far away in the mountains of Angola. And water flowed. Life giving water filled the riverbanks and overflowed. Life giving water which itself gives up its life in a few months when it sinks into the sands of the Kalahari Desert. But while it lasted, it would be called by a name that echoes in the halls of fame which list the most beautiful places on earth – the Okavango Delta.

For those who want to read more about this wonderful place, visit the links:

https://en.wikipedia.org/wiki/Okavango_Delta

https://theconversation.com/botswanas-okavango-delta-is-created-by-a-delicate-balance-but-for-how-much-longer-125323

It is like my arm - our guide and boatman, Happy - told us, talking about its shape. Rain falls on the shoulder, the mountains in Angola and water flows down the arm and into the fingers only to be swallowed up by the sands of the Kalahari, home, among other species, to the magnificent black-maned Kalahari lions. But while it lasts, the water gives life to an entire ecosystem of plants and resident and migrant animals and birds that has no parallel on earth.

Our boatman introduced himself, 'I am Happy.'

I said, 'So am I.'

He said, 'That is my name.'

I said, 'That is my state.'

He gave up but first he smiled. The famous African smile, which the people of Botswana, the Batswana (Tswana people speaking Setwsana) seem to represent so well. A smile that starts in the heart and spreads all over the body and shines out of the face. When the man is happy you can see that in every part of his body. Not like the smile that is on the lips, but the eyes say something else. If I could get reincarnated, I would wish to return as a boatman on the Okavango.

### The Trademark Smile

We landed in Maun; my dear brothers, Ebrahim Patel and Farouk Hassan and my mentor and teacher, Prof. Salman Nadvi. We had never heard of Maun but there it was, nevertheless, proving that whether people know you or not is a mark of their knowledge or lack of it, not a reflection on your significance. Maun has a wonderful little airport batting way above the average. The immigration official was anything but officious. He also had the trademark smile. Asked me how many days I wanted. I said, 'Five'. He said, 'I will give you ten.' I thanked him. On my return on the fifth day, he was again at the desk. I said to him, 'You gave me five days, but I wish I had stayed for ten.' He said to me, 'Next time you must stay for ten. But I will give you twenty. Whatever you ask me for, I will give you more.' That seems to me to be the attitude of the people of Botswana. Such warm and lovely people.

We walked around our hired car with the company representative inspecting the car and found two scratches on one side. I helpfully offered to add two more on the other side, just for balance, if the man wished, but he emphatically refused my offer. And so, we drove off to the resort where we had booked our accommodation, The Thamalakane River Lodge. I have always wondered why African languages sound so musical. The most mundane word sounds lilting. I think it has to do with the fact that almost every word has three syllables. When you have three syllables, it makes it sound like a song. Thamalakane is not pronounced as it is written but as Tha-ma-la-ka-nay.

We were checked in by a very charming lady with once again a huge smile on her face and shown to our chalets which came with all amenities and a sign outside the door which read, 'Beware of hippos and crocodiles.' That was just in case you forgot that you were in Africa in the Okavango Delta. I don't know about wandering crocs, but I heard a hippo loud and clear late one night. So, the sign was not for scenic effect alone. One 'amenity' that the chalets have, is a four-foot-high curving wall between the bedroom and bathroom. Nothing more.



### State Hospitality

The resultant potential for auditory and olfactory sensations is impressive, to say the least. One is well-advised not to eat too many baked beans or peanuts for fear of replicating the sound effects of the Battle of the Bulge. This is a classic example of design before utility, even before common sense which not only takes away useable space from the bedroom but also ensures an assault on the senses that one can well do without. There is a point to be made about privacy and that intimacy needs to be confined within boundaries. Listening (and more) to your room partner (no matter your relationship with them) discharging their responsibilities, loud and clear, is not an experience to be sought.

> At the end of 160 kilometers my bones, teeth, and brain were all rattling. Driving slowly makes it much worse so driving fast, it had to be. Once you get used to the cold wind in your eyes and your eyes have wept enough tears, your sight clears, and you see small holdings on either side of the road. Small homes with large yards.



The first morning we were scheduled to go to Moremi Game Reserve http://www.moremigamereserve.com/

This is entirely inside the Okavango and has an area of 5000 square kilometers, which gives you an idea of how big the Okavango is. After the rains, it becomes totally water bound and most parts can't be reached overland. But when we went, though there had been rains, it was motorable. We got into our open Land Cruiser (the workhorse of Africa) and drove out of our lodge. Conversationally, Farouk Bhai asked the ranger driving the vehicle, 'How far is Moremi?' He said, '160 km to the gate.' That is when it struck me that sitting in a fast-moving open safari vehicle was not the most comfortable way to travel 160 kilometers. But it was too late now. What we should have done is to have driven in our hired car to the gate and then boarded the safari vehicle at the gate. Hindsight is always 20:20. Meanwhile we had a freezing cold drive ahead.

Driving through rural Botswana is different from driving through rural South Africa. South Africa has more developed infrastructure, better roads, electricity, and more upmarket cars on the roads. There seem to be no speed limits posted on these Botswanian roads, but speed is limited by the road. Occasionally you do see a police car and I understand that you can be stopped for over speeding. Botswanan Police have a very admirable reputation. Unlike the police in many other countries including mine, Botswanan Police strangely seem to think that the law is not open to interpretation, especially interpretation that is sought to be facilitated by the transfer of wealth from one pocket into another. Anyone who is stopped for a misdemeanour in Botswana had better come clean and quietly pay the fine unless he is seeking state hospitality. Going by the standards of Botswanan hospitality and the soft and easy-going nature of the Tswana people, I dare say that may not be an end to be feared, but I would rather pay for my keep rather than the other way around. All this by way of filing-in colour. We didn't meet any police, nor did we need to seek state hospitality.

### The Code Red Area

Why do roads get corrugated? This one was. Driving fast on a corrugated road is a hard-core way to get a vibrator massage. At the end of 160 kilometers my bones, teeth, and brain were all rattling. Driving slowly makes it much worse so driving fast, it had to be. Once you get used to the cold wind in your eyes and your eyes have wept enough tears, your sight clears, and you see small holdings on either side of the road. Small homes with large yards, filled with country chickens, ducks, turkeys and goats. There are cattle everywhere and horses and more donkeys than I have ever seen except in parliaments. And like those, these are also jealously guarded. I was told that the worst crime on a Botswanan road is to knock down a donkey. But thankfully given their lethargy and contentment with their side of the fence, the chances of knocking one down are negligible unless you set out to do this because you have a grudge against a particular beast. Where there are horses and donkeys, there are also mules. Every single animal of every kind in top condition. That is what hits you first. Sleek, well cared for animals, well fed, and well kept. I didn't see a single animal out of condition in all the many hundreds of kilometers we drove in that area.

> Unlike the police in many other countries including mine, Botswanan Police strangely seem to think that the law is not open to interpretation, especially interpretation that is sought to be facilitated by the transfer of wealth from one pocket into another. Anyone who is stopped for a misdemeanour in Botswana had better come clean and quietly pay the fine unless he is seeking state hospitality.

The area is designated Code Red, meaning that it is susceptible to Rinderpest, a dreaded cattle disease that is transmitted by the Cape Buffalo which are in the forests. As such there are fences to keep them there and not allow them to wander into inhabited areas. But fences are fences and buffalo are buffalo and the inevitable happens. What being in the Code Red area means is that beef produced in this area must be consumed in this area itself and can't be transported out of the area. This is done to prevent the spread of Rinderpest to other parts of the country. Not a very happy prospect if you are a beef cattle farmer in this area but that is how it is.

***To be continued....***


rajeshsharma1049@gmail.com




#LIFESTYLE

# Calm and Alert

The more consistently we are able to practice a variety of these routines, the greater the benefits in brain health.



We've all had those days where it feels like your head is in the clouds. Being productive is hard when your mind is going in a million different directions, leaving you unable to focus on what's in front of you.

Starting your day on the right foot can make a big difference, though.

Here we share how you can do just that, and set yourself up for better focus all day long.

### Wake Up at the Same Time

A good night's sleep makes us feel rested and focused for the day ahead. When you wake up in the morning is just as important as when you hit the pillow at night, and consistency is key.

Practicing good sleep hygiene habits increase the odds that you will wake up refreshed with energy to tackle the day. Consistent sleep and wake times to jump-start your focus for the day.

Waking up at the same time every day keeps circadian rhythms functioning more productively. That's your body's internal 24-hour clock. A circadian rhythm that's in sync can help you feel more alert during the day and feeling better overall.

### Plan Your Day

Instead of playing it by ear, get organized and schedule your day to increase focus on what you'd like to accomplish.

Think through what are priority tasks for the day and what you will need to do to accomplish them, and write this down if needed. You will feel less scrambled and better able to focus on the challenges of the day.

### Take Your Time

Ease into your morning and avoid rushing out the door if you can. Give yourself plenty of time in the morning to get your mind and body ready for the day. Being rushed makes that difficult.

A slow morning routine can help you feel grounded for the day and maintain focus and productivity. Set the tone by waking up early enough to eat breakfast, get some movement and have a little quiet time (more on those in a moment) before your responsibilities kick in for the day.

### Drink Caffeine in Moderation

Drinking coffee or tea is a popular morning habit, and as long as you aren't prone to anxiety, moderate amounts of caffeine can be beneficial for focus and concentration, per Weidman.

According to a December 2015 report, drinking coffee (or any caffeinated drink) can cause a jolt of alertness. In moderate quantities, coffee can help you focus and fight off fatigue.

### Get Some Sunlight

When you wake up, open those curtains and start your day with lots of light, if possible, to improve your focus naturally, Weidman says.

It is a mood boost, as sunlight triggers a release of the 'feel-good' neurotransmitter serotonin and causes a release of our 'wake' hormones adrenaline and cortisol to get us going and alert.

Get Moving

Wake up your body and increase circulation through movement. Morning exercise can include stretching, yoga or light cardio for focus.

Some people do not like doing strenuous exercising in the morning, so think of some light or easy movement to do. If you prefer exercising in the afternoon or evening, that is great also, since any form of exercise not only increases blood flow to the prefrontal area of the brain - which is the part of our brain responsible for focusing - but also improves our sleep quality if finished at least two hours before bed.




### Eat a Healthy Breakfast

There's a reason breakfast is often called the most important meal of the day. A healthy breakfast can give your brain nutrients to stay sharp and should include protein, complex carbs, a little fat and a fruit or vegetable.

A few healthy breakfast recipes for better focus include:

- Oatmeal topped with fresh fruit and nuts (or nut butter)
- Whole-wheat toast topped with avocado and smoked salmon
- Scrambled eggs with whole-wheat toast and a side of fruit.

### Delay Screen Time

Lastly, consider your relationship with your phone and other technology in the morning. Are you in charge of it, or is it in charge of you?

Find ways to cut down on using technology in the morning and see what happens to your stress levels and ability to be present and stay focused.


The above improvements result from a boost in serotonin, feeling more mentally refreshed from restorative sleep, increased blood flow through our body, reduced distractions and a calm but alert brain.

### Have Quiet Time


A morning routine that includes taking a little time to quiet yourself before starting the day is another great way to be more focused.

Focus and concentration improves when you're calm, but also alert. A few minutes of morning meditation or breathing exercises to start your day and centre yourself.

Meditation practices help us develop the ability to be present in the moment, which is a key component in being able to stay focused.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# गैंगस्टर के नाम से पच्चीस लाख की फिरौती मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी ने मोटरसाईकिल की किश्त से बचने के लिए फिरौती मांगी थी

**जालोर, (कासं)।** जालोर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर के नाम से फिरौती मांगने के आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने मोटरसाईकिल की किश्त से बचने के लिए गैंगस्टर के नाम से 25 लाख की फिरौती मांगी।

जालोर पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के आदेशानुसार जिले में बदमाशन एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 10 जून को किसी अन्य गैंगस्टर के नाम से 25 लाख की फिरौती मांगने वाले आरोपी गिरीश कुमार (20) पुत्र मफाराम सुथार निवासी जोडवास पुलिस थाना रानीवाडा जिला जालोर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि प्यारेलाल पुत्र रामकरण जाति जाट निवासी चुरू द्वारा एक लिखित रिपोर्ट पेश की कि प्यारेलाल को अज्ञात नम्बर से वाट्सएप कॉल व मैसेज किसी गैंगस्टर के नाम से परिवार सहित जान से मारने की धमकी देकर 25 लाख रूपये की मांग की जा रही है। जिस पर पुलिस थाना कोतवाली में प्रकरण 7 जून को दर्ज कर टीम गठित की गई, पुलिस टीम द्वारा आरोपी को ट्रेस आउट कर आरोपी गिरीश कुमार को गिरफतार किया गया।

उक्त प्रकरण में प्यारेलाल फाईनेंस कम्पनी में काम करता है, आरोपी गिरीश कुमार द्वारा अपने मोटरसाईकिल का फाईनेंस करवाया हुआ होने से प्यारेलाल लॉनिंग की किश्त हेतु गिरीश कुमार को कॉल करता था। फोन कॉल पर बहस होने से आरोपी गिरीश कुमार द्वारा अज्ञात नम्बर से प्यारेलाल को अन्य गैंगस्टर के नाम से धमकी दी गई एवं 25 लाख रूपये की फिरौती मांगी गई। आरोपी गिरीश कुमार का कोई भी आपराधिक रेकर्ड पुलिस थाना रानीवाड़ा में नहीं पाया गया है। आरोपी द्वारा मात्र सिर्फ मोटरसाईकिल की किश्त से बचने के लिए यह कृत्य किया गया। फिर भी इस सम्बंध में गहनता से अनुसंधान जारी है।



जालोर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर के नाम से फिरौती मांगने के आरोपी को गिरफ्तार किया।

- आरोपी गिरीश कुमार का कोई भी आपराधिक रेकार्ड पुलिस थाना रानीवाड़ा में नहीं पाया गया

# स्टोन क्रेशर पर ट्रांसफार्मर फटने से कर्मचारी की मौत

## इस संबंध में मृतक कर्मचारी के भाई ने सरूण्ड थाने में मामला दर्ज करवाया

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत कल्याणपुरा कला स्थित चोटिया क्रेशर जोन में एक क्रेशर संचालक की लापरवाही से कर्मचारी की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। इस सम्बंध में मृतक कर्मचारी के भाई द्वारा सरूण्ड थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। यही नहीं मृतक के परिजनों समेत ग्रामीण कार्यवाही की मांग को लेकर थाना परिसर में धरने पर भी बैठ गये।

- मृतक के परिजनों समेत ग्रामीण कार्यवाही की मांग को लेकर थाना परिसर में धरने पर बैठे

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कल्याणपुरा कला निवासी महेश चंद पुत्र सुगनाराम ने मामला दर्ज करवाया कि उसका छोटा भाई माडूराम कई वर्षों से चोटिया स्थित श्री बांके बिहारी स्टोन क्रेशर पर कार्य करता था। कई बार उसने अपने परिजनों व दोस्तों को बताया था कि क्रेशर मालिक को बार-बार स्टार्ट (ट्रांसफार्मर) को रिपेयर करवाये लेकिन मालिक कोई ध्यान नहीं देता है। शुक्रवार 09 जून को प्रार्थी का भाई रोजमर्रा की तरह उक्त क्रेशर पर अपनी ड्युटी पर गया था। इसी दौरान दोपहर करीब 12 बजे स्टार्ट (ट्रांसफार्मर) बहुत तेज धमाके के साथ फट गया। जिसमें परिवादी के भाई माडूराम की मौत हो गई।

परिजनों ने आरोप लगाया कि स्टोन क्रेशर संचालक नारेहड़ा निवासी श्रीधर पुत्र सीताराम ने घटना को छुपाने के लिए मृतक माडूराम के शव को गाडी में डालकर जयपुर स्थित राजकीय एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में छुड़वा दिया। वहां से अपने प्रतिनिधि द्वारा सूचना दिलवाई कि तुम्हारे भाई की मृत्यु हो गई है शव को यहां से ले जाओ। रिपोर्ट में बताया कि उक्त घटना स्टोन क्रेशर मालिक की लापरवाही के कारण घटित हुई है। घटना की सूचना पर पीडित परिजनों समेत ग्रामीण सरूण्ड थाने पर पहुंच गये। पुलिस ने इस सम्बंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मृतक माडूराम के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जाँच कर रही है।



मृतक के परिजनों समेत ग्रामीण कार्यवाही की मांग को धरने पर बैठे।

# फर्जकारी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर, (निसं)।** वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा 2020 के दौरान फर्जकारी करने के मथुरा गेट थाना पुलिस ने मामले में आरोपी चंदर को गिरफ्तार किया।

एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि 13 नवम्बर 2022 को एक रिपोर्ट धीरेन्द्र हाल प्रधानाचार्य आरडी गर्ल्स कॉलेज थाना मथुरागेट ने इस आशय की पेश की कि वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा 2020 में आरडी गर्ल्स कॉलेज के कमरा नम्बर 17 में वीक्षक ड्यूटी के दौरान परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र सहित आईडी चैक की तो मैंने पाया कि रोल नम्बर 1886385 नाम निर्भानसिंह पुत्र विजेन्द्रसिंह पर शक हुआ। इसलिए उक्त रोल नम्बर धारक लड़के को पेपर देते समय चैक किया जाता रहा, पेपर पूर्ण होने से पहले मैंने अपने साथी वीक्षक के साथ इस लड़के (निर्भानसिंह) के बारे में अपने परीक्षा इंचार्ज को बताया इस लड़के को मेरे केन्द्र के परीक्षा इंचार्ज मय अपनी टीम (आंतरिक फ्लाइंग) के रूप में साथ कमरे में आये सभी ने निर्भानसिंह को बार-बार पूछा तो वह नाम व पते अलग-अलग बताने लगा।

बाद में वह घबरा गया और बोला कि मैं निर्भानसिंह की जगह पर रूपये लेकर पेपर देने आया हूं। लडका प्रेमप्रकाश पुत्र जगमालाराम उर्फ जालाराम ने मूल परीक्षार्थी की जगह अपने आप को निर्भानसिंह बनाकर राज्य सरकार के साथ धोखाधड़ी करके पेपर देने का अपराध किया है। इस सम्बन्ध में थाना मथुरागेट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान के दौरान फर्जी परीक्षार्थी प्रेमप्रकाश पुत्र जगमालाराम उर्फ जालाराम उम्र 34 साल निवासी जंभोजी का मंदिर कबूली थाना धौरीमन्ना बाडमेर को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बृजेष ज्योति उपाध्याय द्वारा दौराने अनुंसधान इस मामले में चन्दर पुत्र दामोदर गुर्जर निवासी गुठावर थाना वैर को गिरफ्तार किया गया है।

## धोखे से नकदी हड़पी, मामला दर्ज

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के सविना थाना पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट पर उसके भाई व साथियों के खिलाफ धोखे से मकान बेच कर नकदी हड़पने का मामला दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर पीड़ित सीमा पत्नी विनोद चपलोत निवासी मोतीनगर रोड़ नं.4 गोरोगांव मोतीनगर मुम्बई निवासी ने अपने भाई पारस जैन तथा दरौलतसिंह एवं घनश्यामसिंह राणावात के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि आरोपी ने मेरी सहमति के बिना दौलतसिंह को मकान बेचने का एग्रीमेंट उससे कर पच्चीस लाख रूपये वसूल लिए। जबकि मैने आरोपी अपने भाई को किसी प्रकार का पावर नहीं दिया था। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# डंपर व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार मजदूर की मौत

## बाइक सवार अन्य दोनों साथी सड़क के एक तरफ गिरने से बच गए

**कोटा, (निसं)।** नयापुरा थाना क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार डंपर व मोटर साइकिल के बीच जोरदार भिडंत हो गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार एक मजदूर की मौत हो गई। अस्पताल लाने पर मृतक की सांसें चल रही थी लेकिन कागजी कार्रवाई के दौरान लेटलतीफी के चलते हैं युवक ने दम तोड़ दिया। नयापुरा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नयापुरा थाना पुलिस के अनुसार पवन पुत्र रामस्वरूप निवासी लाडपुरा कोटा आरसीसी का काम करता था। जो शनिवार को अपने साथी बोरखेड़ा निवासी मुकेश महावर व लाडपुरा निवासी कमल महावर के साथ आरसीसी की साइट पर लाडपुरा से बोरखेड़ा की ओर जाने के लिए घर से निकला था। साइट पर जाते समय नयापुरा रतन कचोरी के पास सड़क पर खड़े एक कार चालक ने अचानक कार का दरवाजा खोला जिससे पीछे आ रहा डम्पर ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार पवन महावर के ऊपर से डम्पर का टायर होकर निकल गया। वही मोटर साइकिल पर सवार अन्य दोनों साथी मुकेश महावर व कमल महावर दोनों सड़क के एक तरफ गिरने से बाल-बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पर्ची बनाने के लिए भटकते रहे परिचित और मजदूर ने तोड़ दिया। दम-सड़क दुर्घटना में घायल हुए पवन महावर को जब एमबीएस अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया तो पुराने अस्पताल के ओपीडी में संचालित 125 नंबर में इमरजेंसी कक्ष में बैठे चिकित्सकों ने घायल का उपचार करने की जगह पहले उन्हें पर्ची बनाकर लाने को कहा। घायल के साथी सकते में होने के कारण समझ नहीं पाए कि उन्हें क्या करना है। जिस समय पवन को अस्पताल लाया गया था उसकी सांसें चल रही थी लेकिन अस्पताल लाने के कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

# विद्युत पोल टूटने से किसान की मौत

**कोटा, (निसं)।** झालावाड़ जिले के खानपुर थाना क्षेत्र में विद्युत पोल पर काम करते समय अचानक पोल टूटकर गिरने से एक 48 वर्षीय व्यक्ति ओमप्रकाश धाकड़ पुत्र प्रभुलाल निवासी कंवरपुरा तहसील खानपुर जिला झालावाड़ की मौत हो गई।

मृतक ओमप्रकाश का कोटा के निजी अस्पताल 10 दिन से उपचार में चल रहा था। जहां उसने देर रात को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शनिवार सुबह मृतक के पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवाई गई।खानपुर थाना पुलिस के अनुसार 31 मई 2023 को ओमप्रकाश शमशान के पास काम करते समय अचानक पोल गिरने से घायल हो गया था। जिसको कोटा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात को उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

## पंजाब निर्मित शराब जब्त

**मंडार, (निसं)।** मंडार पुलिस ने अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए आइशर ट्रक से पंजाब निर्मित अवैध शराब की 192 पेटी जब्त की। वहीं आरोपी प्रकाश सिंह पुत्र रतन लाल जाट बाखासर बाडमेर को ट्रक सहित हिरासत में लिया। नवनियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी के निर्देशन में कार्यवाही की गई। मंडार थानाधिकारी भंवरलाल मय टीम ने कार्यवाही की। पंजाब निर्मित शराब की कीमत लाखों रुपए में बताई जा रही है।

# घर में घुसकर जीजा-साले पर हमला किया

## पुराने विवाद को लेकर पड़ौस में रहने वाले लोगों ने किया हमला

**कोटा, (निसं)।** शहर में चाकूबाजी मारपीट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार रात को पुराने विवाद को लेकर पड़ौस में रहने वाले लोगों ने घर में घुसकर जीजा साले पर सरिये व चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। वारदात में गंभीर घायल 30 वर्षीय युवक को उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि जीजा को मामूली चोटे होने पर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

पुलिस के अनुसार युवक धनपाल उर्फ सूरज पुत्र दुर्गा लाल निवासी काली बस्ती सकतपुरा कुन्हाड़ी अपनी बहन से मिलने जैन मंदिर सकतपुरा कुन्हाड़ी गया हुआ था। जहां दोनों जीजा-साला खाना खा रहे थे। इसी दौरान पड़ौस में रहने वाला बाबूलाल उसका लड़का राहुल और रोहित सरिए व चाकू लेकर घर में घुसे और खाना खा रहे जीजा साले पर हमला कर दिया। वारदात के बाद दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां धनपाल के पैर व सिर में गंभीर चोट होने से उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं जीजा अमरजीत पुत्र नाथूलाल निवासी जैन मंदिर जगतपुरा कुन्हाड़ी के चेहरे व सीने पर चाकू की मामूली खरोच आने से प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

पीड़ित अमर जीत ने बताया कि 2 माह पहले पड़ौस में रहने वाले बाबूलाल के भाई चेलाराम के परिवार की महिलाएं घूमने गई थी। इसी दौरान वह भी अपने परिवार के साथ घूमने गया था। आते समय दोनों परिवार के सदस्य साथ में आए इसे देखकर चेलाराम को सकता कि हम उनकी लड़की को लेकर गए हैं जबकि ऐसा नहीं था। इसी बात की रंजिश को लेकर उन्होंने वारदात को अंजाम दिया है।

# गुजरात की दवा कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज

## अमानत में खयानत का मामला दर्ज हुआ

**उदयपुर, (निसं)।** हाथीपोल थाना पुलिस ने गुजरात की दवा कंपनी के खिलाफ पीडित द्वारा दी गई अमानत राशी हड़पने का मामला दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित हजारेश्वर कॉलोनी निवासी हेमन्त जैन पुत्र नाथूलाल जैन ने श्रीनिवास प्रसाद के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि वर्ष 2019 में गुजरात लेबोरेट्रीज लित्र से आवश्यक दवाएं मगवाई थी। कुछ समय बाद 2 लाख 50 रूपये का माल रिटर्न कर दिया था। उक्त नकदी बकाया होकर अमामनत के तौर पर आरोपी के पास रखी थी। जिसकी मांग करने पर आरोपी ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देकर आनाकानी करना शुरू कर दिया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## दो पक्षों के बीच मारपीट

**उदयपुर, (निसं)।** आपसी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो जने घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 जून रात में ढिकली रोड़ पर मोतीलाल पुत्र उदयलाल गमेती निवासी ढीकली बोरामगरा तथा भंवरसिंह पुत्र दौला निवासी कोलर खड़ा व साथियों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान हुई चाकूबाजी एवं पत्थरबाजी में मोतीलाल व भंवर घायल हो गए। शुक्रवार रात में मोतीलाल किराणा दुकान पर सामान लेने गया। जहां मौजूद भंवर ने अपने साथियों को बुलाया तथा आपसी रंजिश के चलते विवाद होने पर दोनो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान बगल में चाकू घोपने से मोतीलाल घायल हो गया तथा पत्थरबाजी होने पर भंवर घायल हो गया।

## नगदी व जेवर किए पार

**खैरथल, (निसं)।** खैरथल में चोरों के हौंसले इतने बुलंद हो गये हैं कि अब दिन में भी घरों में घुस कर मूल्यवान वस्तुओं और नगदी को पार करने लगे हैं। खैरथल शहर के मातोर रोड पर घीसाराम मार्ग पर रहने वाले राजेश कुमार गुप्ता अपनी पत्नी के साथ सुबह करीब साढ़े आठ बजे बाहर निकल गया था कि पीछे से एक डेढ़ बजे आए तो घर का हाल देखकर भौचक्के रह गए। घर में रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ था। सारा सामान अस्त-व्यस्त फैला मिला। चोरों ने अलमारी में रखा लैपटॉप, मोबाइल, दस हजार रुपए नकद और तीन साढ़े तीन लाख रुपए के स्वर्ण आभूषणों, चांदी के सिक्के आदि कीमती सामान पार कर लिया।

# पुष्कर पालिका अध्यक्ष निलंबित

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर नगर पालिका में काबिज भाजपाई बोर्ड के अध्यक्ष कमल पाठक पर लगे पद दुरूपयोग सहित विभिन्न आरोपों को सही मानते हुए राज्य सरकार ने राजस्थान नगर पालिका अधिनियमन 2009 की धारा-39-(6) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पाठक को पालिकाध्यक्ष पद से तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किये हैं। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक ह्रदेश कुमार ने शुक्रवार को जारी किये अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश डोल्या की पालिकाध्यक्ष पाठक के विरूद्ध शिकायत पर स्थानीय निकाय विभाग के क्षेत्रीय उप निदेशक एवं जांच कमेटी ने जांच की थी।

पुष्कर के कांग्रेसी पार्षद ओम प्रकाश डोल्या ने करीब दो साल पहले पालिकाध्यक्ष कमल पाठक के विरूद्ध पद पर रहते हुए पालिका की जमीन पर अतिक्रमण कर दुकानें बनाने, स्वयं की होटल का नक्शा पास करने, अपने रिश्तेदारों व मित्रों को अवैध कब्जे कराने सहित पद दुरूपयोग के गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री व स्वायत्त शासन मंत्री से शिकायत की। इस पर जांच कमेटी ने पालिकाध्यक्ष पाठक एवं तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी शशिकांत शर्मा को दोषी ठहराया।

# ऑटो पर होटल की दीवार गिरी, चालक की मौत

**भरतपुर, (निसं)।** शुक्रवार को आए आंधी-तूफान और बरसात के बाद शनिवार सुबह एक ऑटो पर होटल की दीवार गिर पड़ी। इस हादसे में घायल ऑटो चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। जिस पर मथुरा गेट थाना पुलिस ने मृतक ऑटो चालक ओमप्रकाश के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

यह हादसा उस वक्त हुआ जब ऑटो रास्ते से गुजर रहा था उसी वक्त दीवार गिर गई और दीवार के मलबे में ऑटो चालक दब गया। दीवार गिरने से मौके पर हडकंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 6.15 बजे अजीत नगर निवासी ओमप्रकाश अपना ऑटो लेकर अपने काम पर जा रहा था। इसी दौरान पुष्पवाटिका में गैस गोदाम वाली गली से गुजरते वक्त एक होटल की दीवार ऑटो पर गिर पड़ी। जिसके मलबे में ऑटो समेत ऑटो चालक ओमप्रकाश दब गया। आसपास के लोगों को जैसे ही पता चला हड़कंप मच गया। लोगों ने दौड़कर दीवार के नीचे दबे ऑटो चालक को बाहर निकाला और इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने ऑटो चालक को मृत घोषित कर दिया।

सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जेसीबी की मदद से मलबे को हटवाया। ऑटो चालक ओमप्रकाश अजीत नगर में रहता था। परिवार में बीवी और दो बेटा हैं। ओमप्रकाश ऑटो चलाकर ही परिवार पाल रहा था। बताया जा रहा है कि पुष्पवाटिका में क्रेन क्राइब होटल है। इसकी रास्ते की तरफ करीब 200 फीट लंबी और करीब 15 फीट ऊंची पत्थर की दीवार है। यह दीवार लंबे समय से जर्जर हालत में थी। कोलोनिवासियों ने कई बार होटल संचालक को बोला था कि इस दीवार को हटवा दो, किसी दिन हादसा हो सकता है। लेकिन होटल संचालक ने जर्जर दीवार को नहीं हटवाया और यह हादसा हो गया।

## सर्वे का औचक निरीक्षण किया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी, (निसं)।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एस.डी.एम.) राजेश कुमार मीणा ने बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किये जा रहे हाऊस टू हाऊस सर्वे का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बंधित बीएलओ के सर्वे रजिस्टर का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के आदेशानुसार तहसीलदार अमर सिंह बोचला एवं तहसीलदार नेछवा नारायण राम दैया ने भी बीएलओ द्वारा किये जा रहे सर्वे कार्य का निरीक्षण किया गया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में फोटो युक्त मतदाता सूचियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 जारी है, जिसकी प्रथम गतिविधि के तौर पर 25 मई से 23 जून तक बीएलओ द्वारा हाऊस टू हाऊस सर्वे किया जा रहा है।सर्वे के निरीक्षण और अब तक की प्रगति रिपोर्ट एवं समीक्षा हेतु ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को नियुक्त कर 10 जून व 11 जून को आवंटित मतदान केंद्रों के निरीक्षण हेतु निर्देशित किया गया है।

# रॉयल्टी कर्मियों ने पुजारी के साथ मारपीट की

## पुजारी ने रॉयल्टी कर्मचारियों के खिलाफ दर्ज करवाया मामला, अस्पताल में उपचार कराया

**मंडार, (निसं)।** रेवदर उपखंड क्षेत्र में इन दिनों रॉयल्टी कर्मचारियों की दंबगई लगातार बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर क्षेत्र में रॉयल्टी कर्मचारियों द्वारा मारपीट के मामले भी सामने आ रहे हैं। ऐसा ही मामला मंडार थाना क्षेत्र के भेरूगढ गांव में देखने को मिला। जहां पर रॉयल्टी कर्मचारियों ने पुजारी पर लाठी व सरियों से हमला कर पुजारी को लहूलुहान कर दिया। जिसको लेकर पुजारी ने मंडार थाने में रिपोर्ट भी दी,

रिपोर्ट में पुजारी नरपतपुरी पुत्र हेमपुरी उम्र 33 वर्ष पेशा पुजारी एवं चौकीदार जाति गोस्वामी निवासी भेरूगढ पुलिस थाना मण्डार ने बताया कि मौजा बिजवा खेडा भेरूगढ निलकंठ महादेव मन्दिर की पूजा के साथ रात्रि में चौकीदारी का काम करता हूं लेकिन नौ जून को रात्रि के करीब 11.30 बजे मन्दिर परिसर के बाहर सोया हुआ था। उस दौरान बजरी लीज धारक शेरसिह सोलकी पुत्र मंगलसिहं सोलकी तहसील रेवदर जिला-सिरोही जरिये अधिकृत प्रतिनिधी विरेन्द्र सिंह देवडा पुत्र रंजीत सिंह देवडा राजपूत निवासी 149 पश्चिम विहार लाईट विद्यालय के पास वैशाली नगर जयपुर के व्यक्ति केम्पर वाहन लेकर मन्दिर परिसर के पास केम्पर खडा किया। तब मैने उनको कहा कि यहां से केम्पर मत लेकर जाओ मुझको गांव वालों ने मना किया।



मंडार में बजरी रॉयल्टी के कर्मचारी ने पुजारी के साथ मारपीट की।

इस बात से उक्त लोग आग बबुला होकर गाली गलौच कर मरने-मारने पर उतारू हो गये। तब मैं मन्दिर के कमरे में घुस गया तब उक्त व्यक्ति वहा से केम्पर वाहन लेकर चले गये एवं थोडी देर में अखिलेश व अजय व अन्य दो व्यक्ति केम्पर वाहन में बैठकर आये और अजय ने मुझे खाट में से उठाकर पकडा व अखिलेश ने लौहे के सरीये से मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। इतने में सूचना पाकर तगतसिह पुत्र विक्रमसिंह व नरपतसिंह पुत्र मगसिंह राजपूत व हेमपुरी पुत्र हंसपुरी गोस्वामी आये तब उक्त लोग वहा से भाग गये।

तब मुझे तगतसिह, नरपतसिंह व हेमपुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भटाना लेकर आये एव डॉक्टर ने मेरा प्राथमिक उपचार किया और मैने पुलिस चौकी भटाणा में मोबाईल फोन से सूचना देकर सारी घटना बताई।

उपरोक्त बजरी लीजधारक के व्यक्ति देर रात जबरन दादागरी से मन्दिर के निजि रास्ते में होकर चलने से गांव वालों ने उक्त व्यक्तियों को मन्दिर के रास्ते पर होकर नहीं चलने देने के कारण मुझे रात्रि में मन्दिर की देखभाल के लिये चौकीदार नियुक्त किया है। मैने उक्त लोगों को कई बार इस रास्ते पर चलने से मना किया हुआ है जिसने मौका देखकर मेरे साथ मारपीट कर जान से खत्म करने का प्रयास किया।

उक्त व्यक्तियों के द्वारा मेरे जबडे व कमर व हाथ एवं जांघ के पिछे के हिस्से से सरीये से मारपीट की। उक्त लोग आम लोगो से दादागरी करते है जिससे पुरे क्षेत्र में बजरी लीजधारको के गुंडो का भय फैला हुआ है। नामजद व्यक्ति व बजरी लीजधारक व उनके प्रतिनिधि के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की।

# डीडवाना को जिला मुख्यालय बनाने की मांग को लेकर खुनखुना बंद रहा

## स्थानीय व्यापार मंडलों ने दिया खुनखुना बंद को समर्थन, बाजार बंद पूर्णतया रहे

**डीडवाना,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा नव घोषित डीडवाना-कुचामन जिले का जिला मुख्यालय डीडवाना को बनाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति का आंदोलन लगातार जारी है। गत 8 जून को सफलतापूर्वक डीडवाना बंद के बाद अब डीडवाना के कस्बों को भी बंद रखकर जिला मुख्यालय की मांग उठाई जा रही है। इसी क्रम में डीडवाना उपखंड के पांच बड़े कस्बों को बंद रखने का ऐलान किया गया था। इसके तहत शनिवार को खुनखुना कस्बे पूर्णतया बंद रहा।

खुनखुना बंद को सभी ग्रामीण जनप्रतिनिधियों सहित खुनखुना व्यापार मंडलों और सामाजिक संगठनों ने समर्थन दिया है, जिससे खुनखुना के सारे बाजार बंद पूर्णतया रहे। बंद का इतना व्यापक असर रहा कि फल सब्जी के थड़ी और ठेले भी पूरी तरह से बंद रहे। इस मौके पर खुनखुना गांव में रैली निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई पुलिस थाना पहुंची, जहां जहां मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



ग्रामीण जनप्रतिनिधियों सहित खुनखुना व्यापार मंडलों और सामाजिक संगठनों ने ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में संघर्ष समिति ने बताया कि डीडवाना जिले के सभी मापदंड और नियमों को पूरा करता है। 1996 से ही डीडवाना अतिरिक्त जिला मुख्यालय रहा है। डीडवाना में जिला स्तरीय सभी कार्यालय मौजूद है और अब केवल जिला कलेक्टर व एसपी के पद ही सृजित करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि डीडवाना को जिला बनाने की मांग 4 दशक पुरानी है। तत्कालीन परमेश्वरचंद, सिंधु कमेटी के अलावा राजस्व मंडल व तत्कालीन नागौर जिला कलेक्टर भी डीडवाना को जिला बनाने की अनुशंसा कर चुके हैं।

- नव घोषित डीडवाना-कुचामन जिले का जिला मुख्यालय डीडवाना को बनाने की मांग
- आगामी दिनों में क्रमवार 4 कस्बों को भी रखा जाएगा बंद

डीडवाना का प्रशासनिक ढांचा बेहद मजबूत है और सड़क व रेल मार्गों से भी डीडवाना के लिए आवागमन की सुविधा उपलब्ध है। डीडवाना की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, संसाधन व उपलब्ध कार्यालय जिला बनाने के उपयुक्त है। लेकिन मुख्यमंत्री ने डीडवाना-कुचामन के नाम से नए जिले की घोषणा की है, लेकिन जिला मुख्यालय जिला मुख्यालय की अब तक घोषणा नहीं की है। इसलिए डीडवाना में उपलब्ध कार्यालयों, संसाधनों, सुविधाओं और लोगों की मांग व भावनाओं को ध्यान में रखते हुए डीडवाना को ही जिला मुख्यालय बनाया जाना चाहिए।

बता दें कि डीडवाना को जिला बनाने मुख्यालय बनाने को लेकर चरणबद्ध आंदोलन चल रहा है। अब आगामी दिनों में क्रमवार 4 कस्बों को भी बंद रखा जाएगा। संघर्ष समिति द्वारा कल 11 जून छोटी खाटू तहसील बंद रखने का ऐलान किया गया है। इसके बाद 12 जून को तोषीणा, 13 जून को धनकोली और 14 जून को मौलासर कस्बों को बंद रखा जाएगा।

# जोधपुर में डेढ़ करोड़ का डोडा-पोस्त पकड़ा, एक गिरफ्तार

## ट्रक में कट्टों में 2801.05 किलोग्राम डोडा-पोस्त पाया गया

**जोधपुर,** (कासं)। पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए करीब डेढ़ करोड़ का डोडा-पोस्त पकड़ा है। इसके साथ ही एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। मामला जोधुपर ग्रामीण पुलिस का है।

जोधपुर ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव के अनुसार मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर पुलिस को सूचना मिली कि एक ट्रक में करोड़ों का डोडा-पोस्त जोधपुर लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पर स्पेशल टीम बनाकर जयपुर-जोधपुर हाईवे 25 पर नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान एक 10 चक्का ट्रक आता दिखाई दिया। ट्रक को रोकने का इशारा किया तो चालक ट्रक को अंधेरे में भगाने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक को रुकवाया और उसे अपने कब्जे में लेकर तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान ट्रक में कट्टों में डोडा पोस्त भर कर रखा गया था। वजन करने पर 2801.05 किलोग्राम पाया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर आरोपी दिनेश विश्नोई पुत्र मगाराम बाबुल विश्नोई निवासी बिरामी थाना डांगियावास जोधपुर को थाने लाया गया। जहां एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में नशे की खेप लाने में सहयोगी महिपाल कावा पुत्र बाबूराम विश्नोई निवासी सरनाडा काकेलाव थाना डांगियावास का नाम बताया। इस पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। पुलिस अब आरोपी से नशे की सप्लाई नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस अब यह पता करने में जुटी है कि नशे की इस खेप को कहां-कहां सप्लाई किया जाना था और इसमें और कौन-कौन लोग शामिल है। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जोधपुर ग्रामीण पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है।

- पुलिस अब आरोपी से नशे की सप्लाई नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है
- स्पेशल टीम बनाकर जयपुर-जोधपुर हाईवे 25 पर नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई की

जानकारी के अनुसार इन दिनों राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रदेश में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। लगातार हो रही कार्रवाई के चलते नशे की अवैध सप्लाई में भी कमी आने लगी है। इसके चलते डोडा पोस्त की कीमत भी 5 हजार प्रति किलो तक पहुंच गई है। बाजार में 5 हजार रुपए प्रति किलो के हिसाब से अवैध रूप से डोडा पोस्त बेची जाती है।

कार्रवाई में जिला विशेष टीम प्रभारी लाखाराम, एएसआई अमानाराम, चिमनाराम, प्रदीपकुमार, झूमरराम, मोहनराम, मदनमीणा, भवानी चौधरी व थाना कापरड़ा से थानाधिकारी जमील खां, अशोक, रामचन्द्र, संजयसिंह, प्रवीणकुमार, आजाद सांखी, पप्पुराम, पूनमसिंह, हरसुख, रामजीलाल, दिनेश, दिनेश मीणा, पांचाराम, प्रेमसुख, सुखाराम व विमलसिंह शामिल रहे।

# बीकानेर में अधिकतम तापमान में कमी आई

**बीकानेर,** (निसं)। जून के पहले सप्ताह तक बीकानेर में तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से कम रहा लेकिन अब धीरे धीरे ग्राफ बढ़ता जा रहा है। पिछले दो दिन से बीकानेर में पारा 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा है। शुक्रवार के बजाय शनिवार को आंशिक कमी आई, जिसका कोई असर नहीं दिखा। न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही है यानी रात में गर्मी बढ़ रही है।

नोतपा के चलते बीकानेर में इस बार बारिश की झड़ी लगी रही, ऐसे में तापमान तीस से पैंतीस डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहा। नोतपा खत्म होने के बाद जरूर बीकानेर में पारा बढ़ा है। वैसे नोतपा भी आठ जून तक था लेकिन इसका असर दो जून तक ही रहना था। माना जाता है कि नोतपा में अगर बारिश हो जाती है तो मानसून अच्छा नहीं रहता।

इसे नोतपा का गलना भी कहते हैं। इस बार मानसून गला है, ऐसे में पारा भी कम रहा। तेज बारिश और तूफान के चलते बीकानेर में काफी नुकसान भी नोतपा की अवधि में ही हुआ। नोतपा के चलते आए तूफान से बीकानेर शहर के अलावा लूणकरनसर और खाजूवाला में भी काफी नुकसान हुआ। मौसम विभाग की मानें तो फिलहाल तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रहेगा। आने वाले दिनों में पारा 41 से 45 और इससे भी ज्यादा हो सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 30 से ज्यादा हो सकता है।

## सादुलशहर में तेज बरसात से पेड़ गिरे

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले में बने एक लो प्रेशर एरिया ने इलाके का मौसम बदल दिया। सुबह से तेज धूप वाले शहरी इलाके में दोपहर होते-होते आंधी शुरू हो गई। सादुलशहर इलाके में तेज बरसात हुई। यहां गांव खैरूवाला में कई पेड़ गिरने की जानकारी मिली है।

श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय पर सुबह दिन की शुरुआत में तेज धूप थी। दोपहर तक धूप के कारण पसीने छूटते रहे लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव आया और आंधी शुरू हो गई। मौसम में आए बदलाव के बावजूद मैक्सिमम टैंप्रेचर में केवल आधे डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। शनिवार शाम यह 42.5 डिग्री सेल्सियस बना हुआ था वहीं मिनिमम टैंप्रेचर भी 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वेदर एक्सपर्ट्स के अनुसार अगले चौबीस घंटे में गर्मी में तेजी आ सकती है।

अचानक मौसम में आया बदलाव श्रीगंगानगर में बने लो प्रेशर एरिया का परिणाम था। इलाके में तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से हवा चली। इस दौरान घरों और दुकानों में धूल-मिट्टी से लोग परेशान हो गए। अचानक आए अंधड़ के साथ ही बिजली भी गुल हो गई। जिले पदमपुर में भी तेज हवा चलने और मौसम में मामूली बदलाव आने की जानकारी मिली है।

## सात जिलों में खुलेंगी खेल अकादमियां

**सादुलपुर,** (निसं)। राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में विभिन्न खेल अकादमियां स्थापित कर रही हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 7 जिलों में खेल अकादमियों के लिए 14.25 करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी दी है।

जिसमें राजगढ़ (चूरू) में एथलेक्टिस अकादमी, सीकर के कोलिडा एवं बांसवाडा में फुटबॉल अकादमी, बीकानेर में साईक्लिंग अकादमी, भीलवाड़ा में कुश्ती अकादमी तथा बाडमेर व सीकर में बास्केटबॉल अकादमी की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों का निर्माण 2-2 करोड रुपए की लागत से होगा। साथ ही, डीडवाना (नागौर) में कबड्डी अकादमी का निर्माण 25 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से स्थानीय स्तर पर ही युवाओं को खेलों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

# संसदीय प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करेंगे सांसद डांगी

## सांसद डांगी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति आभार जताया

**जयपुर।** दक्षिण अमेरिका के ब्राजील और उरुग्वे जाने वाले संसदीय प्रतिनिधि मंडल में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रतिनिधित्व राज्यसभा सांसद नीरज डांगी करेंगे। भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी के नेतृत्व में 11 से 19 जून तक यह प्रतिनिधि मंडल विदेश दौरे पर जा रहा है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस संसदीय प्रतिनिधि मंडल में अपने स्थान पर सांसद डांगी को नामित किया है। सांसद डांगी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने इस महत्वपूर्ण विदेश दौरे में कांग्रेस के प्रतिनिधित्व के लिए उन्हें नामांकित किया। संसदीय कार्य मंत्री ने इस प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने के लिए पार्टी अध्यक्ष खड़गे को आमंत्रित किया था, जिस पर उन्होंने सांसद डांगी का नाम प्रस्तावित किया। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से बदलते सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और भूमंडलीय हालातों से तालमेल बिठाने के लिए अपने देश के कार्यक्रमों, नीतियों व लक्ष्यों के निर्धारण हेतु संसदीय कार्य मंत्रालय संसद के दोनों सदनों के सदस्यों के दौरे आयोजित करता हैं।



राज्यसभा सांसद नीरज डांगी

- ब्राज़ील और उरुग्वे में 11 से 19 जून तक दौरे में रहेंगे मंत्री सहित 10 सांसद

संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी के सहित इस 10 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस से राज्यसभा सांसद नीरज डांगी एवं संजय सेठ, गोमती साई, इंदु बाला, दिनेश चंद्र अनावडिया, चिन्मयसामी अन्नादुरई, गुरूमूर्ति मड़ीला, हेमंत पाटील और चंद्राणी मुर्मू ब्राजील और उरूग्वे के इस 9 दिवसीय दौरे पर जा रहे हैं। ये सभी विभिन्न राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करेंगे। ब्राजील और उरुग्वे में यह संसदीय दल वहां के वर्तमान हालातों का अध्ययन करके एक रिपोर्ट तैयार करेगा, जो भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने एवं सामाजिक व्यवस्था को सुधारने में मदद करेगा।

## युवक की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ कस्बे के वार्ड 33 में नौ जून शाम को एक निर्माणाधीन अपने मकान में कार्य करते समय पैड घोडा जाली पर खडे एक व्यक्ति का बैलेंस बिगड कर कसी पर गिरने से लगी चोट के कारण दर्दनाक मौत हो गई। जिसकी रविवार को राजगढ़ थाने में मर्ग दर्ज करवाई गई है।

थानाधिकारी सुभाष चन्द्र पुलिस निरीक्षक पुलिस थाना राजगढ़ ने बताया कि नरेन्द्र वर्मा पुत्र सत्यनारायण कुम्हार निवासी वार्ड 33 कस्बा राजगढ़ जिला चूरू ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि उसके पिता सत्यनारायण पुत्र जीवनराम कुम्हार निवासी वार्ड 33 कस्बा राजगढ़ जिला चूरू के हैं तथा उनके मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान पैड पर बैलेंस बिगडने से ऊंचाई से नीचे गिर गया।

# सात बच्चों का पिता घर में फंदे से लटका मिला

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के दोवडा थाना क्षेत्र सवगढ गांव में शनिवार को सात बच्चे के पिता का शव उसके ही घर में फंदे लटका हुआ मिला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोवडा थाना क्षेत्र के सवगढ़ के झमरा फला गांव में सात बच्चों के पिता का शव फँदे लटका हुआ मिला। मृतक की पत्नी विमला एक दिन पूर्व ही पीहर गई थी। शनिवार सुबह विमला के पति नारायण पुत्र हालिया आहारी घर के अंदर रस्सी का फंदे से लटका मिला। सुबह मृतक की आठवीं में पढने वाली बेटी ने घर का दरवाजा खटखटाया, लेकिन उसके पिता ने दरवाजा नहीं खोला। जिस पर बेटी इसकी जानकारी अपनी दादा हालिया को दी।

- मृतक की पत्नी एक दिन पूर्व ही पीहर गई थी

सूचना पर मौके ग्रामीणों सहित हालिया मौके पर पहुंची तथा घर का दरवाजे के अंदर देखा तो नारायण फंदे से लटका हुआ था। परिजनों इसकी सूचना दोवडा पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची तथा परिजनों को मौजूदगी में घर का दरवाजा खोल कर शव को फंदे से नीचे उतारकर शव जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया।

# बहू ने सास को मवेशियों सहित घर से बाहर निकाला

## एडिशनल एसपी डॉ. प्रियंका पहुंची भींडर, घटनाक्रम का लिया जायजा

**कानोड़,** (निसं)। उदयपुर जिले के भींडर थाना क्षेत्र के बड़गांव में शनिवार को एक ऐसा मामला सामने आया जिसको लेकर आनन-फानन में एडिशनल एसपी को भींडर आना पड़ा। मामला बड़गांव का है जहां रहने वाली देऊ बाई जाट रात को पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उसकी बहू ने उसे मवेशियों सहित घर से बाहर निकाल दिया।

जिसके बाद डीओ प्रेमशंकर, महिला कांस्टेबल कली सहीत जाब्ते के साथ रात करीब 12 बजे परिवादी के घर पहुंचे तो बुजुर्ग महिला देऊ बाई घर के बाहर सड़क पर बैठी थी। वहीं बहू ने मकान का दरवाजा अंदर से बंद कर रखा था। पुलिस ने दरवाजा खुलवाने के काफी प्रयास किए लेकिन सफल नहीं हुए जिसके बहू निर्मला जाट के पिता शवराम जाट को फोन करने के बाद दरवाजा खुलवाया गया। पुलिस ने काफी देर समझाइश के प्रयास किए लेकिन युवती सास को घर के अंदर लेने के लिए तैयार नहीं थी। जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस ने थाना अधिकारी को घटना को लेकर अवगत कराया।

थाना अधिकारी मुकेश खोईवाल रात करीब एक बजे घटनास्थल पर पहुंचे और युवती से समझाइश के प्रयास किए लेकिन युवती पुलिस से ही सवाल जवाब करने लगी जिसके बाद महिला पुलिसकर्मी के साथ युवती को पुलिस वाहन में बिठाकर उसके पिता के यहां छोड़ने के लिए पुलिस निकली। इस दौरान युवती पुलिस से पिता से बात करने वाले की बात कहती रही। लेकिन पुलिस ने कहा कि उसे उसके पिता के यहां उसे छोड़ा जा रहा है।

कुछ दूर जाने के बाद थानाअधिकारी ने युवती के पिता खेरोदा निवासी शवराम जाट से फोन पर बात की तो पिता ने बेटी को उसके घर छोड़ने के लिए मना कर दिया जिसके बाद पुलिस पुनः युवती को लेकर बड़गांव ससुराल पहुंची और उसे वही समझा कर छोड़ दिया। मामले की शिकायत के बाद ग्रामीण एडिशनल एसपी डॉ प्रियंका शनिवार प्रातः भींडर थाने पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए थानाधिकारी को दिशा निर्देश दिए।

## वीडीओ हनीट्रैप का शिकार

**श्रीडूंगरगढ़,** (निसं)। मोबाइल पर वीडियो कॉल के द्वारा अश्लील वीडीयो स्क्रीन रिकॉर्ड कर दो साल तक एक महिला ने एक ग्राम विकास अधिकारी से रुपए ऐंठे। ग्राम विकास अधिकारी ने हनीट्रैप से परेशान होकर थाने में महिला के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। ग्राम विकास अधिकारी 59 वर्षीय रोहिताश कुमार मेघवाल ने थाने में मामला दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया कि करीब दो साल पहले मेरे व्हाट्सअप पर एक वीडियो कॉल आई और कॉल रिसीव करते ही सामने एक औरत न्यूड हो गई। कुछ समझ आया तो मैंने तुरंत कॉल काट दी। फिर औरत का ऑडियो कॉल आया। उसने मुझे अश्लील वीडियो बना लेने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। सरकारी सेवा में होने के कारण मैं डर गया और इसी डर के कारण वीडियो डिलिट करने के लिए रुपए देने की हां भर ली। आरोपी महिला ने उसे होटल बुलाया व रुपए लिए। महिला बार बार रुपए मांगती है और डर के कारण मैंने 40 हजार रुपए उसे दे दिए। अब महिला ने फिर से 10 हजार रुपए और मांगे हैं।

## एनीकट में डूबने से एक की मौत

**बौंली,** (निसं)। क्षेत्र के मामडोली गांव के एक व्यक्ति की एनीकट में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक रामअवतार नायक निवासी मामडोली गांव के पास बने एनीकट में नहाने गया था। इस दौरान उसका पैर फिसल गया जिससे वह गहरे पानी में डूब गया। उसे डूबता देख पास में नहा रहे बालकों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। बालकों की आवाज सुनकर आसपास के युवक दौड़कर आए एवं उसे एनीकट के बाहर निकालकर उसे बौंली चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बौंली चिकित्सालय में पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया मृतक के एक 10 वर्षीय पुत्र हुए एक 12 वर्षीय बालिका है वह मजदूरी करके अपने परिवार का पालन करता था उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# कृषि भूमि को आवासीय कॉलोनी बताकर बेचा

## पी.सी.सी. मेंबर महेंद्र मील समेत 20 लोगों पर केस दर्ज

**सूरतगढ़,** (निसं)। सिटी पुलिस थाना मे कृषि भूमि को आवासीय कॉलोनी बताकर बेचान करने, धोखाधड़ी के आरोप में कांग्रेस के पूर्व विधायक गंगाजल मील के पुत्र और पीसीसी सदस्य महेंद्र मील समेत 20 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

थानाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि इस संबंध में श्रीगंगानगर निवासी महेश कुमार पुत्र दुलीचंद ने परिवाद देते हुए बताया है कि आरोपीगण नारायण सिंह, रामस्वरूप, करणी सिंह, भादर खां, अब्दुल रजाक, जन्नत बेगम, रुखसाना, मंजू रहमान, जरीना, जमीला, महेश शर्मा आदि ने मिलकर सूरतगढ़ शहर में एनएच-62 के समीप हुंडई शोरूम के उत्तरी भाग में करीब 2.239 हेक्टेयर कृषि भूमि जो उसके स्वामित्व की है, उसे खातेदारी भूमि खसरा 315/2 की बताते हुए वहां गोल्डन सिटी के नाम से कॉलोनी काट दी। इसके बाद भू-उपयोग परिवर्तन के तहत कॉलोनी की तकनीकी स्वीकृति के लिए नगरपालिका के मार्फत नगर नियोजन विभाग के कार्यालय में भेजकर भूखंडों का बेचान शुरू कर दिया।

एफआईआर में बताया गया है कि वर्ष 2017 में प्रार्थी ने अपने भूखंड की संयुक्त रुप से पैमाइशी 3600 वर्ग फिट भूमि पर चारों ओर 3 फीट ऊंचे पिलर युक्त चारदीवारी का निर्माण करवाया था। इस दौरान रामचंद्र, भागीरथ, गजेंद्र सिंह, बशीर खान, प्रियंका पोटलिया और महेंद्र प्रताप मील ने वर्ष 2022 में स्वामित्व और कब्जा संपत्ति की पिल्लर युक्त चारदीवारी भूमि को खुर्द बुर्द कर दिया।

आरोपियों ने परिवादी की भूमि पर कब्जा कर प्लाट काटकर बेचान भी कर दिए। एसएचओ ने बताया कि एफआईआर के मुताबिक उक्त भूमि की खसरा संख्या बदलकर षड्यंत्र पूर्वक बेचान करने, राजस्व विभाग में गलत दस्तावेज देने और अनुसूचित वर्ग के व्यक्ति की भूमि को हड़पने, फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लाट बेचान करने को लेकर विधायक पुत्र महेंद्र प्रताप मील समेत अन्य जनों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई है।

# पत्नी के अफेयर से परेशान युवक ने किया सुसाइड

**सुजानगढ़,** (निसं)। वार्ड 40 में एक नवविवाहित युवक ने शादी के बाद अपनी पत्नी के दूसरे लड़के से चल रहे अफेयर से परेशान होकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुसाइड से पहले मृतक ने अपना वीडियो बनाकर मौत का जिम्मेदार खुद की पत्नी को बताते हुए फांसी के लिए माता-पिता से माफी भी मांगी।

मृतक मनीष सांसी के पिता सुरेश सांसी ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि शुक्रवार को उनके पुत्र व पुत्रवधु के बीच आपस में झगड़ा हुआ। झगडे के बाद उसके बेटे की पत्नी राखी ने अपना दुपट्टा अपने पति को दे दिया और कहा कि मरने की धमकी क्या देता है, मर के दिखा। इसके कुछ देर बाद ही मेरे बेटे ने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुरेश सांसी ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि उसके बेटे मनीष (20) की शादी 16 अप्रैल 2023 को हनुमानगढ के सुरेशिया गांव निवासी राखी से हुई थी। शादी के 3 दिन बाद ही राखी अपने पीहर चली गई थी। राखी का शादी से पहले से ही फतेहपुर के उदरसरी गांव के विशाल नाम के लड़के के साथ अफेयर था, जो दिल्ली में रहता है। इसको लेकर पति-पत्नी में झगड़ा होता था। 5 जून को ही राखी अपने ससुराल आई थी और शुक्रवार को दोनों में झगड़ा हुआ था। इसके कुछ देर बाद ही मनीष ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।



अस्पताल के बाहर परिजनों से समझाइश करते कोतवाली थाना पुलिस के एस.आई. दिलीप मीणा।

मृतक मनीष के पिता सुरेश ने बताया कि शादी के 3 दिन बाद ही उसकी बहू राखी पीहर चली गई थी। इसके बाद से ही राखी और उसका बॉयफ्रेंड मनीष को फोन पर परेशान करने लगे और धमकियां देने लगे। मेरे बेटे को उसकी सास, ससुर और सास की बहन के जमाई ने भी टॉर्चर कर रखा था। परेशान होकर मेरा बेटा अपने ससुराल गया और पत्नी के बॉयफ्रेंड का सोशल मीडिया पर लिखा मैसेज ससुराल वालों को दिखाया। इस दौरान मेरे बेटे के उसकी सास ने पैर पकड लिए और कहा कि मेरी बेटी अब घर बसा लेगी, आप इसे लेकर जाओ। पांच जून को ससुराल वालों ने मनीष के साथ राखी को भेजा। सुरेश सांसी ने बताया की उनकी पुत्रवधु ससुराल में आकर विधवा महिला के तरह रहती थी, ना तो वह गले में मंगलसूत्र पहनती थी ना ही मांग भरती थी। इस पर मृतक मनीष सांसी की सास ने कहा कि वह घर जाकर तरीके से रहेगी। घर आने के बाद वह अपने कमरे में नहीं गई। वह अपनी बहन के साथ ही सोती थी। उसने मंगलसूत्र नहीं पहना था और सिंदूर भी नहीं लगाया था। इस दौरान मनीष ने कई बार मंगलसूत्र पहनने और सिंदूर लगाने के लिए कहा था, लेकिन वो नहीं मानी।

मृतक के पिता सुरेश ने बताया कि पिछले 3 दिनों से मेरी बहू ने मेरे बेटे को परेशान कर रखा था। उसका प्रेमी भी बार-बार फोन करके धमका रहा था। इस बात को लेकर शुक्रवार को दोनों में झगड़ा भी हुआ। इस दौरान उसकी बहू अंदर गई और दुपट्टा फेंक कर बोली कि मरने की धमकी क्या देता है, मर कर दिखा। इसके कुछ देर बाद ही मेरे बेटे ने सुसाइड कर लिया।

मनीष के सुसाइड करने के बाद परिजनों ने उसकी पत्नी, सास, ससुर, जीजा सहित बॉयफ्रेंड पर परेशान कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया और शव का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल में सांसी समाज के लोगों ने दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की और आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव नहीं लेने पर अडे रहे। हालांकि बाद मे कोतवाली सीआई मुकुट बिहारी मीणा के जल्द कार्रवाई के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए व शव का पोस्टमार्टम करवाया। राष्ट्रीय भांतु सांसी समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष महेश सांसी ने संभागीय आयुक्त व आईजी को मेल पर ज्ञापन भेजकर दोषियों को जल्दी गिरफ्तार करवाने की मांग की है। सीआई मुकुट बिहारी ने कहा कि मृतक के पिता सुरेश सांसी की रिपोर्ट पर उन्होंने मृतक की पत्नी राखी, उसके बॉयफ्रेंड विशाल, बेटे की सास-ससुर, जीजा के खिलाफ सुसाइड के लिए उकसाने और टॉर्चर करने का मामला दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त

### सीएलजी सदस्यों की बैठक

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा रेलवे स्टेशन के वीआईपी रूम पर शनिवार को सायं 6 बजे जीआरपी थानाधिकारी भंवर राम की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी सीएलजी सदस्यों ने अपने सुझाव एवं विचार व्यक्त किये। इस मौके पर थाना प्रभारी भंवर राम ने कहा कि रेल परिसर एवं आस पास में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो, पुलिस को सूचित करें। साथ ही उन्होंने आगामी सभी त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। इस अवसर पर रेलवे सहायक उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार, सत्यनारायण कुमावत, एस. के. माथुर, भूपेन्द्र गुप्ता, शक्ति सिंह, जगदीश ककरालिया, दामोदर कुमावत, गौरीशंकर सैनी, महेन्द्र सैनी, महेश नेमीवाल, इकरामुद्दीन कुरैशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर की तैयारियां जोरों पर

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर की ओर से रविवार 18 जून को सीएचसी श्रीमाधोपुर में आयोजित किए जा रहे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की तैयारियां जोरों पर की जा रही हैं। सीएचसी प्रभारी चिकित्सक डॉ. अंकुर स्वामी तथा कार्यरत अन्य चिकित्सक व स्टाफ आदि शिविर को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमाधोपुर डॉ. राजेश मंगावा ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदान कर शिविर को सफल बनाने में सहयोग करें। शिविर को सफल बनाने में कस्बे के सामाजिक व व्यापारिक संगठनों का भी सहयोग लिया जा रहा है।

### मुराद प्रदेश सह संयोजक बने

**फागी, (निसं)।** मोदी मित्र कार्यक्रम के प्रदेश सह संयोजक पद पर क्षेत्र के नीमेडा निवासी एडवोकेट मुराद अील शेख को नियुक्त किया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राज के प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती ने मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण महाजन सम्पर्क अभियान हेतु भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा सूफी संवाद कार्यक्रम मोदी मित्र कार्यक्रम महिला संवाद सम्मेलन एवं युवा एवं बुद्धिजीवी संवाद कार्यक्रम की टीम की घोषणा करते हुए क्षेत्र के मुराद अली शेख को मोदी प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया है।

# पालिका द्वारा अतिक्रमणों पर की गई कार्रवाई चर्चा का विषय बनी

**मालपुरा, (निसं)।** नगरपालिका शहरी क्षेत्र के वार्ड नम्बर 2 झालरा तालाब के पास सिंगाडा नाडी में भूमाफियाओं द्वारा किये जा रहे अतिक्रमण की मिली शिकायत पर पालिका प्रशासन द्वारा की गई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुर्खियां बनी हुई है।

शनिवार को दो दिन के अवकाश की आड में भूमाफियाओं व अतिक्रमियों द्वारा नाडी में मिट्टी डाल

- **अतिक्रमणरोधी दस्ते द्वारा कार्यवाही तो की गई लेकिन मौके से निर्माण सामग्री व मिट्टी जप्त नहीं की**

किये जा रहे अतिक्रमण की मिली शिकायत पर पालिका अध्यक्ष व ईओ के आदेशों पर जमादार व अतिक्रमणरोधी दस्ते द्वारा कार्यवाही तो की गई लेकिन मौके से डाली गई निर्माण सामग्री व मिट्टी जप्ती की कार्यवाही नहीं की गई। गृह रक्षा दल के जवान व दस्ते के कार्मिकों ने जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण हटाने के नाम पर उल्टा डाली गई मिट्टी को बडे भाग में फैला अतिक्रमी को अपनी मौन स्वीकृति देना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। सिंगाडा नाडी के बड़े भाग पर प्रभावशाली अतिक्रमियों व भूमाफियाओं सहित पर्दे के पीछे से शामिल जनप्रतिनिधियों द्वारा कब्जे कर उन कब्जों को गरीब लोगों को आसियाने बनाने के लिए लाखों रूपयों में कब्जे बैच वारे-न्यारे कर रहे हैं। सम्पूर्ण प्रकरण में कई जनप्रतिनिधि व सरकारी कार्मिक के साथ-साथ प्रभावशाली लोगों के शामिल होने की चर्चाएं शहर में सुर्खियां बनी हुई है।



मालपुरा शहर के वार्ड 2 में सिंगाडा नाडी की सरकारी भूमि पर किये गये अतिक्रमणों पर पालिका प्रशासन ने कार्रवाई की।

### सी.एच.सी. की वित्तीय स्वीकृती जारी

**बोराज, (निसं)।** मुख्यमंत्री सलाहकार एवं दूदू विधायक बाबूलाल नागर के प्रयासों से कस्बे में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने के बाद कस्बे में सीएससी के नवीन भवन निर्माण के लिए 5 करोड़ 15 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की है।

जिला उपाध्यक्ष इंटक कांग्रेस गोपाल सांखला ने बताया कि अब जल्द ही सीएससी के नए भवन का निर्माण कार्य शुरू होगा । शनिवार को वित्तीय स्वीकृति की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर छा गई एवं एक दूसरे को बधाइयां दी व सरकारी अस्पताल में पहुंच कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मरीजों को व मुख्य बाजार में लोगों को फल व मिठाई वितरण कर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष ओमप्रकाश कुमावत , नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमचंद टेलर , जिला उपाध्यक्ष इंटक काँग्रेस गोपाल सांखला , पूर्व एमपीएस नारायण लाल , मुन्ना भाई शेख ,ब्लॉक महामंत्री भैरू लाल चौधरी , शंकर गोडवाल ,बजरंग सांखला , अजय मीणा ,महेश , विजेंद्र मीणा ,सहित युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम उपस्थित रही ।

### चिकित्सा मंत्री ने विकास कार्यों का लोकार्पण किया

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में कुशलपुरा ग्राम पंचायत में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा करीब 61 लाख रुपए लागत के विकास कार्यों का फीता काटकर लोकार्पण कर इन विकास कार्यों को आमजन को समर्पित किया गया।

चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा नापाकावास में 41 लाख रुपए लागत के उप स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया। इसी के साथ बीस लाख रुपए लागत के विधायक कोष से निर्मित दो हाल का भी लोकार्पण किया गया। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा कुशलपुरा में आयोजित महंगाई राहत एवं प्रशासन गांव के संग अभियान का जायजा लिया गया। इस दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा शिविर में लाभार्थियों से संवाद कर सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों को ज्यादा से ज्यादा शिविर में लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन खादी ग्रामोद्योग समिति के अध्यक्ष दिनेश मिश्र एसडीएम मोहर सिंह मीणा सरपंच सुगना देवी उप प्रधान सुरज कटारा मिश्र आदि मौजूद रहे।

# पूनिया ने आमेर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात दी

**जयपुर, (निसं)।** राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने अपने आमेर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

डॉ. पूनिया ने ग्राम पंचायत चौंप, रोजदा, गोविंदपुरा में एक करोड़ 25 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास

- **चौंप, रोजदा और गोविंदपुरा में एक करोड़ 25 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया**

और लोकार्पण किया। इस अवसर पर भामाशाहों और प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ में जिला प्रमुख रमा देवी, प्रधान हरदेव यादव सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजन से मुलाकात कर समस्यायें सुनकर संबंधित अधिकारियों को फोन पर बात कर समाधान का प्रयास किया। डॉ. पूनिया ने आमेर के जालसू क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें रोजदा में भैरू की ढाणी से सरदारपुरा तक ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन, सरदारपुरा में मन्नी भाई की ढाणी से टालवाले श्री भौमिया जी मंदिर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन, सरदारपुरा में श्री तेजाजी मंदिर में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का उद्घाटन, रोजदा में सालोदिया बस्ती से डाबर की ओर सीसी सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन, रोजदा में पंचायत भवन में इंटरलोकिंग टाइल्स का उद्घाटन, रोजदा में राजकीय संस्कृत विद्यालय में हॉल निर्माण कार्य का उद्घाटन, रोजदा में मोती बाबा की ढाणी से हरचंदपुरा तक सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन, जैतपुरा की राजकीय विद्यालय में हॉल निर्माण कार्य का उद्घाटन, जैतपुरा में श्री हनुमान जी मंदिर में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। डॉ. पूनियां ने गोविंदपुरा में श्मशान विकास कार्य, राजकीय विद्यालय महेशपुरा में छत व फर्श मरम्मत एवं अन्य विकास कार्यों और गोविंदपुरा के पंचायत भवन में सिंगल फेज बोरिंग मय विद्युत कनेक्शन का लोकार्पण किया और राजकीय विद्यालय गोविंदपुरा में दो कक्षा-कक्षों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।



राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने आमेर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

## सार-समाचार

### सांसद ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों की पुस्तिका वितरित की



**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर सांसद जसकोर मीणा द्वारा केंद्र की मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष महासंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत लोगों से संवाद कर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के विस्तृत लेखा-जोखा वाली पुस्तिका वितरित की गई। सांसद जसकोर ने संवाद एवं महा जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पीछे पिछले नौ सालों में विकास के बड़े आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत देश की पहचान इन नौ सालों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कदम चूम रही है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान भगवान सहाय पट्टया अशोक चौधरी एडवोकेट रामेश्वर शर्मा जगदीश खेमावास बनवारी लाल किशनपुरा श्याम शर्मा विष्णु बिलोना घासी सैनी एवं अजय पट्टया आदि को नो साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं व उपलब्धियों की पुस्तिका वितरित की गई।

### पति-पत्नी पर जानलेवा हमला

**निवाई, (निसं)।** ढाणी जुगलपुरा में शुक्रवार की रात में नकाबपोश लोगों ने एक घर में घुसकर सो रहे पति व पत्नी पर जानलेवा हमला बोल दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पति व पत्नी को स्थानीय राजकीय सामुदायिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। थानाधिकारी छोटेलाल मीणा ने बताया कि ढाणीजुगलपुरा निवासी कालूराम मीणा ने मामला दर्ज करवाया है कि शुक्रवार की रात में 2 गाडियों में सवार होकर 15-20 नकाबपोश हमलावर आए और अचानक उसके भाई हंसराज मीणा के घर में घुस गए तथा लाठियां व गडासों जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई। इस दौरान हमलावरों ने उसके भाई से 30 हजार रुपए भी छीन लिए और उसकी पत्नी के साथ छेडछाड करके मौके से गाडियों में सवार होकर भाग गए। जानलेवा हमले में उसका भाई हंसराज मीणा और उसकी पत्नी नौरती मीणा गंभीर घायल हो गए। चिकित्सकों ने घायल हंसराज मीणा का प्राथमिक उपचार करके सआदत अस्पताल टोंक रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की देर रात हुए हमले, नकदी छीनने एवं महिला के साथ छेडछाड के मामले में परिवादी कालूराम मीणा ने हेमराज मीणा, लक्ष्मण मीणा, मायाराम मीणा, धर्मराज मीणा, ओमप्रकाश मीणा, रामबाबू मीणा, छोटू मीणा, रोहित मीणा, शंकरलाल मीणा व लोकेश मीणा सहित अन्य लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया है।

### 15 लाख के विकास कार्यों का उद्घाटन

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** विधानसभा बहरोड़ क्षेत्र के हमजापुर गांव में पंचायत समिति प्रधान कोटे से करीब 15 लाख रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन एवं घोषणा करने गांव में पहुंचे बहरोड़ प्रधान प्रतिनिधि कांग्रेस नेता बस्तीराम यादव ने करीब पांच लाख के सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं ग्रामीणों की मांग पर नेशनल हाईवे नंबर 48 से गांव तक सीसी सड़क एवं धर्मशाला नवीनीकरण आदि के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की। वहीं सरपंच धर्मपाल पहलवान की अध्यक्षता व रामचंद्र यादव के मंच संचालन से आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेता व बहरोड़ प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव ने क्षेत्र के ग्रामीणों को संबोधन के दौरान विधायक का नाम नहीं लेते कहा कि क्षेत्र की जनता सहित प्रशासन के कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों पर भी झूठे आरोप लगाते हुए धमकाने का कार्य करते हुए अनर्गल आरोप एवं भ्रष्टाचार को चरम सीमा पर पहुंचाने तथा गाली गलौज से हत्या, लूट एवं दहशत का माहौल पैदा किया जा रहा है।

### राज्यसभा सांसद तिवाड़ी का स्वागत

**पावटा, (निसं)।** राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम तिवाडी शनिवार दोपहर कोटपूतली पहुंचे। कोटपूतली आगमन पर राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी व जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा का तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में विप्र बंधुओं द्वारा दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर माला व साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह के रूप में भगवान परशुराम की फोटो देकर स्वागत किया गया। इस दौरान तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, कोटपूतली विधानसभा प्रभारी मुकेश गोयल, जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, विक्रम पुरुषार्थि, पावटा विप्र समाज से मोहनलाल, नागेंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा, बजरंगपुरा, सुरेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा, बंटी शर्मा, हिमांशु शर्मा, आदित्य शर्मा, मोहन लाल शर्मा, सतीश शर्मा, बलराम, जयदीप, अशोक, उदय शर्मा, रामकरन, बलराम शर्मा समेत बडी संया में विप्र बंधु मौजूद रहे।

### पूर्व जिला प्रमुख ने गारंटी कार्ड बांटे

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के कडीला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित महंगाई राहत शिविर में पहुंचे पूर्व जिला प्रमुख रामविलास चौधरी ने गारंटी कार्डों का वितरण किया। पंचायत सरपंच नरेन्द्र सिंह सहित ग्रामीणों की ओर से चौधरी का जोरदार स्वागत किया गया। चौधरी ने राज्य सरकार द्वारा आमजन हितार्थ चलाई जा रही सैंकडों योजनाओं के नाम व उनके लाभ बताते हुए आमजन से जागरूक रहकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की तथा योजनाओं के पात्र लाभार्थियो से शिविर में पहुंच दस्तावेजों का रजिस्ट्रेशन एसडीएम महिपाल सिंह व पंचायत प्रशासन ने लोगो को सरकार की योजनाओं के उदेश्य से अवगत करवाया। एसडीएम महिपाल सिंह ने कडीला,भगवानपुरा व चान्दसेन के मतदान बुथो का निरीक्षण कर बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिये।

### डी.एस.पी. पाठक का स्वागत किया

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ क्षेत्र के विप्र बंधुओं ने बहरोड़ में नवपद स्थापित डीएसपी तेज कुमार पाठक से मिलकर माला पहना कर स्वागत किया। जिसमें अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद बहरोड़ इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत शर्मा, जिला अध्यक्ष संजय पुरोहित, बहरोड़ मण्डल अध्यक्ष कमल शर्मा, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष एडवोकेट राहुल शर्मा, बहरोड़ प्रभारी महेन्द्र शर्मा, राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश शर्मा, राजस्थान ब्राह्मण महासभा मण्डल अध्यक्ष भारत भूषण शर्मा, सचिव अनुज शर्मा , राहुल शर्मा कोषाध्यक्ष, तरुण शर्मा, वरिष्ठ सदस्य बृज किशोर शर्मा आदि शामिल रहे।

# विधायक ने विकास कार्यों का लोकार्पण किया

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** विधायक दीपचन्द खैरिया ने कोटकासिम की ग्राम पंचायत उजोली में उपस्वास्थ्य केंद्र सहित आसपास के गांव ढाणी में करीब 80 लाख की लागत से हुए 27 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक का ढोल नगाड़े व डीजे बजाकर स्वागत किया।

विधायक खैरिया के निजी सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि शनिवार को ग्राम पंचायत उजोली व आसपास के गांव ढाणी में करीब 80 लाख की लागत से हुए 27 विकास के कामों का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक एवं उपाध्यक्ष राज्य किसान आयोग दीपचन्द खैरिया रहे। अध्यक्षता सरपंच उजौली एवं उपाध्यक्ष कृषि उपज मंडी ओम प्रकाश मेघवाल ने की। इस समारोह के विशिष्ट अतिथि एमपीएस अमिता अशोक चौधरी थे।

विधायक दीपचंद खेरिया ने इस दौरान कहा की साढ़े 4 साल में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने क्षेत्र के विकास के लिए जो मैंने मांगा वह मुझे दिया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री गहलोत ने किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र की जनता को खैरथल जिला बनाकर बड़ी सौगात दी है जो आज तक कोई नहीं कर पाया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर,सरपंच प्रतिनिधि पुर जैसलमेर जैलदार, सरपंच मकड़ावा ओमप्रकाश, सरपंच आकोली धर्मपाल, सरपंच भोकर हरीकरण, एमपीएस सुधीर पनवाल, एमपीएस एडवोकेट राकेश कुमार, प्रवीण कुमार लाडपुर, भूपेश लहकेरा, भीम सेना जिला अध्यक्ष कमल सिंह ,भीम सिंह राजेंद्र कुमार जकोपुर सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय डाक बंगला में शनिवार को भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक प्रधान रामअवतार लांगडी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक प्रधान रामअवतार लांगडी ने कहा कि 14 जून को उनियारा में आयोजित केन्द्रीय मंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक कार्यकर्ता भाग लेवें। बैठक में उपप्रधान दयाराम जाट, विधानसभा विस्तारक रोशन शर्मा, मण्डल अध्यक्ष मदन लाल सैनी, पुर्व उपप्रधान शंकरलाल शर्मा, डॉ. भूषण सालोदिया, प्रहलाद चांवला, जगदीश लांगडी व बाबूलाल मण्डालिया सहित कई भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विप्र फाउंडेशन की बैठक

**किशनगढ़बास, (निसं)।** विप्र फाउंडेशन जिला अलवर जोन 1 की बैठक जिलाध्यक्ष भूदेव शर्मा व महिला विंग जिला अध्यक्ष चित्रा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में पीजी कॉलेज में एमएससी प्रीवियस एग्जाम के दौरान मत्स्य यूनिवर्सिटी के ऑब्जर्वर शौकत अली द्वारा परीक्षा देती छात्रा को जबरन हाथ पकड़ कर प्राचार्य कक्ष में लाकर करवाई करने एवं कॉलेज प्रशासन के विरुद्ध पुलिस में झूठी राज कार्य में बाधा डालने की दर्ज कराई गई एफआईआर को पूर्णता झूठा बताया है। विप्र फाउंडेशन के संगठन महामंत्री संजय कौशिक ने बताया है कि शुक्रवार को किशनगढ़ बास में जिला अध्यक्ष भूदेव शर्मा व महिला विंग जिला अध्यक्ष चित्रा शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में पीजी कॉलेज निर्देशक उमेश कांत वशिष्ठ के विरुद्ध दर्ज कराई गई राज्य कार्य में बाधा डालने की एफआईआर को निरस्त नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। बैठक में यूथ विंग के जिलाध्यक्ष पीयूष पंडित जाडला, महिला विंग जिलाध्यक्ष चित्रा शर्मा, संरक्षक प्रकाश अडिचवाल, आचार्य राजेंद्र शर्मा, गोपेश पचौरी, प्रभु दयाल, वी.पी.शर्मा, एडवोकेट उमाशंकर शर्मा,सुरेश वशिष्ठ, विजय कुमार शर्मा, प्रेम कौशिक, अभिषेक वशिष्ठ, महेंद्र कुमार शर्मा, तुलसी राम, धर्मेन्द्र कौशिक मातौर, विनय व्यास, शरीरिक अणु वशिष्ठ सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पेपरलीक व भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस सरकार वेंटिलेटर पर : तिवाड़ी

**कोटपूतली, (निसं)।** राज्यसभा सांसद व वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम तिवाड़ी शनिवार दोपहर 2 बजे कोटपूतली पहुंचे। जहां उनका जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बानसूर रोड़ स्थित गोकुल वाटिका के बैंकट हॉल में बड़ी ही गर्म जोशी से स्वागत किया।

जिसके बाद तिवाड़ी ने आगामी 13 जून को जयपुर में होने वाली जन आक्रोश रैली की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। तिवाड़ी ने केन्द्र की मोदी सरकार के 09 वर्ष की जनकल्याणकारी एवं राष्ट्र हितैषी योजनाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि जब से केन्द्र में भाजपा की सरकार बनी हैं, तब से लगातार प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ना केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी भारत का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आज भारत आत्मनिर्भर बन चुका है। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में कभी पेपरलीक तो कभी गैंगवार, लूटपाट, बलात्कार, द्वेषतापूर्वक भरी जाने वाली भारी भरकम वीसीआर जैसी अनेक घटनाओं से युवा व गरीब को मारने का काम किया है। फ्री बिजली की लोभ देकर उस पर सरचार्ज लगाकर गरीब जनता को लूटना कहा का न्याय है। भ्रष्टाचार की जननी राज्य की कांग्रेस सरकार वैन्टीलेटर पर है।

जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 13 जून को आयोजित होने वाली जन आक्रोश रैली में विधानसभा क्षेत्र कोटपूतली से अधिक से अधिक कार्यकर्ता जयपुर पहुंचकर राज्य की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराये। वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश गोयल ने आभार प्रकट किया। संचालन पार्षद प्रतिनिधि मुखिया पायला ने किया। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एड. हीरालाल रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, भाजपा जिला महामंत्री एड. सुरेन्द्र चौधरी, पूर्व जिला पार्षद धूड़ सिंह शेखावत, भाजपा नेता यादराम जाँगल, जिला मंत्री सुभाष चन्द शर्मा, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री एड. सुबेसिंह मोरोडिया, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, मण्डल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला, एड. रमेश रावत, सुभाष चन्द शर्मा, सुरेश चन्द शर्मा, अब्दुल सत्तार, पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर, भोमाराम गुर्जर, अमीचन्द धानका, दिलीप यादव, नरेन्द्र यादव, कैलाश चन्द टेलर, पूरणमल सैनी, पूरण यादव, मनोज नारायण शर्मा, राजाराम कसाना, जयसिंह पायला, सुबेसिंह आर्य, जयराम गुर्जर, विक्रम फाईनेंसर, नेतराम ताखर, राजेश सराधना, गोदाराम स्वामी, विजय आर्य, राजेश दीक्षित समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कोटपूतली में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

- **राज्यसभा सांसद घन्श्याम तिवाड़ी ने 13 जून को जयपुर में होने वाली जन आक्रोश रैली की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली**

### विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह

**किशनगढ़ रेनवाल, (निसं)।** निकटवर्ती डूंगरी कलां तपोस्थली के महंत हीरापुरीजी महाराज ने कहा कि शिक्षा का खजाना ऐसा है की इसे जितना बांटोगे, उतना ही बढ़ता जाता है। महाराज ने ये बात कस्बे की तेजस एकेडमी स्कूल में आयोजित प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। एम. आर.एस. सीनियर सैकंडरी स्कूल की हिंदी व्याख्याता पिंकू कुमारी ने कहा कि पढ़ाई को लेकर विद्यार्थियों पर अभिभावकों को दबाव बिल्कुल भी नहीं बनाना चाहिए। शिक्षा के प्रति सहजता से लगाव बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर संस्था निदेशक गोविंदराम कुमावत ने कहा कि शिक्षा के प्रति शिक्षकों को समर्पित होने की आवश्यकता है, चाहे वो सरकारी शिक्षक हो या निजी संस्था के। इससे पहले 8वीं क्लास बोर्ड की टॉपर जीविका कुमावत पुत्री नवीन कुमावत एवं जयंती कुमावत को दसवीं बोर्ड में टॉप करने पर महंत हीरापुरीजी महाराज द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षाविद गिरधारी लाल जलिंद्रा, पार्षद सीताराम बारावाल, अध्यापक लादूराम बासनीवाल, नवीन कुमावत, मदन लाल कुड़ी , धन्नालाल धायल ,महेंद्र कुमार जेठीवाल ,बनवारी लाल जेठीवाल आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने महाविद्यालय भवन का शिलान्यास किया

**जमवारामगढ़, (निसं)।** पंचायत समिति आंधी में विधायक गोपाल मीना ने राजकीय महाविद्यालय के नवीन भवन का भूमि पूजन व शिलान्यास आंधी पंचायत समिति के फुटालाव मोड़ पर किया गया है। विधायक गोपाल मीना ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की आंधी पंचायत समिति में राजकीय महाविद्यालय खुलने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को सुविधा मिलेगी। विधायक गोपाल मीना ने बताया कि उनके साढ़े चार साल के कार्यकाल में जमवारामगढ़ विधानसभा में ऐतिहासिक कार्य करवाए गए हैं। विधायक गोपाल मीना ने मंच से भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा वालें बरसाती मेढ़क हैं ये चुनावों के समय ही निकलते हैं। ये भाजपा वाले लोग जनता को गुमराह करने का काम करते हैं। वहीं गोपाल मीना ने मंच से कहा कि मुझ से नाराज लोगों को इन भाजपा वालों ने खूब गुमराह किया है। अब में मेरे से नाराज सभी लोगों को मनाऊंगा ओर साथ लेकर चलूंगा।

वहीं कार्यक्रम में आंधी पंचायत समिति की प्रधान मानसी मीना, जिला परिषद सदस्य जगदीश शर्मा रायपुर, ब्लॉक संगठन महामंत्री हाजी इस्लामुद्दीन, कांग्रेस प्रवक्ता व सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश शर्मा, पीसीसी सदस्य रामसहाय कांकरेलिया, ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण गुर्जर, ओमप्रकाष असवाल, ब्लॉक अध्यक्ष द्वारका प्रसाद महरवाल, एडवोकेट गौरव शर्मा, हनुमान फागणा सहित मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।



वह काफी युवा खिलाड़ी है। वह महज 26-27 साल की है इसलिये चिंता की कोई बात नहीं होनी चाहिये। वह अच्छा खेलना शुरू कर रही है। मुझे भविष्य में उसके अच्छा खेलने की उम्मीद है। - पुलेला गोपीचंद

भारत के मुख्य बैडमिंटन कोच, पीवी सिंधू को लेकर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## नीरज चोपड़ा



पिछले महीने मांसपेशी में आये खिंचाव से जूझ रहे टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा 13 जून को यहां होने वाले पावो नुर्मी खेलों में हिस्सा नहीं लेंगे। आयोजकों ने शनिवार को यह घोषणा की। फिनलैंड के एथलेटिक्स एसोसियेशन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''जैवलिन ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने पावो नुर्मी खेलों में अपनी भागीदारी रद्द कर दी है। चोपड़ा के प्रबंधक ने प्रतियोगिता आयोजकों को संदेश दिया कि एथलीट को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, यही कारण है कि (उनकी) प्रतियोगिता को रद्द करना पड़ा।''

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## एशियाई खेलों से पहले स्पेन, जर्मनी का दौरा करेगी महिला हॉकी टीम

नयी दिल्ली, 10 जून। भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिये जुलाई में जर्मनी और स्पेन का दौरा करेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने शनिवार को यह जानकारी दी। साई ने बताया कि भारतीय टीम 12 जुलाई को जर्मनी जायेगी, जहां वह रसेलशाइम में प्रशिक्षण लेने के बाद जर्मनी और चीन से मुकाबला करेगी। जर्मनी में अभियान खत्म करने के बाद भारतीय महिलाएं टेरासा जायेंगी, जहां उनका सामना मेज़बान स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड से होगा। यूरोप का यह दौरा एशियाई खेलों की तैयारी के लिहाज़ से भारत के लिये महत्वपूर्ण होगा, जो पेरिस ओलंपिक 2024 का क्वालीफिकेशन आयोजन भी है। इस अंतरराष्ट्रीय दौरे का वित्तपोषण केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल महासंघ योजना के तहत किया जा रहा है। भारतीय महिलाएं इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में हैं, जहां वे एशियाई खेलों के तैयारी शिविर में रविवार से भाग लेंगी।

## दीक्षा कट से चूकी, शुभंकर ने बोगी रहित दौर खेला

स्टॉकहोम, 10 जून। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने बोगीरहित दूसरा दौर खेलकर स्कैंडेनेवियन मिश्रित ओपन में कट में प्रवेश कर लिया लेकिन दीक्षा डागर चूक गई। शर्मा ने पहले दौर में निराशाजनक 75 का स्कोर किया था लेकिन दूसरे दौर में कोई बोगी नहीं किया जबकि चार बर्डी लगाये। वह संयुक्त 48वें स्थान पर हैं। वहीं दीक्षा ने पहले दौर में पांच ओवर और दूसरे में तीन ओवर का स्कोर किया और कट में जगह नहीं बना सकी। इंग्लैंड की डेल विटनेल ने छह स्ट्रोक्स की बढत बना ली है।

## किपयेगोन ने एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार बनाया विश्व रिकॉर्ड

पेरिस, 10 जून। कीनिया की फेथ किपयेगोन ने यहां डायमंड लीग मीट में 5000 मीटर रेस में 14 मिनट 5.20 सेकंड के समय के साथ शुक्रवार को यहां महिला वर्ग में नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया। दो बार की इस ओलंपिक चैम्पियन ने पिछले सप्ताह फ्लोरेंस में गोल्डन गाला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 1,500 मीटर दौड़ को तीन मिनट 49.11 सेकंड में पूरा कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। वह इस दौड़ में तीन मिनट 50 सेकंड से कम का समय निकालने वाली दुनिया की पहली महिला एथलीट बन गई थी। किपयेगोन ने पेरिस में अपने आखिरी लैप को 61.1 सेकंड में पूरा कर लेटेसेनबेट गिडे के रिकॉर्ड को 1.42 सेकंड के अंतर से तोड़ा। गिडे ने 2020 में 14 मिनट 07.94 सेकंड के समय के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया था। लेमेचा गिरमा ने बाद में पुरुषों की 3,000 मीटर स्टीपलचेज में 19 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। इथियोपिया के 22 साल के एथलीट ने सात मिनट 52.11 सेकंड के समय के साथ 2004 में सैद सईद शाहीन के बनाये गये विश्व रिकॉर्ड में 1.52 सेकंड से सुधार किया।

## इंग्लैंड की 'बाजबॉल' रणनीति हमेशा कारगर नहीं होगी : वॉ

सिडनी, 10 जून। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्टीव वॉ ने एशेज श्रृंखला से पहले इंग्लैंड को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उनके पास हर कीमत पर जीत के लिए कोई वैकल्पिक योजना नहीं है तो उनकी 'बाजबॉल' रणनीति उल्टी पड़ सकती है। कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड ने 'बाजबॉल' रणनीति की मदद से 13 में से 11 टेस्ट मैच जीते है। ' बाजबॉल ' रणनीति के तहत इंग्लैंड के बल्लेबाज टेस्ट मैचों में भी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान वॉ का मानना है कि यह कदम हमेशा काम नहीं करेगा। उन्होने 'क्रिकेट.कॉम.एयू' से कहा, '' 'बाजबॉल' रणनीति पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न है। टीम की वैकल्पिक योजना क्या है? अगर उनके पास वैकल्पिक योजना नहीं है तो यह हमेशा कारगर नहीं होगा।'' उन्होंने कहा, '' इंग्लैंड ने दिखाया है कि वे क्रिकेट की इस शैली को आगे बढ़ाने के लिए काफी अच्छे हैं, लेकिन विश्व स्तरीय गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ उनकी असली परीक्षा होगी। ऐसी गेंदबाजी आक्रमण ऑस्ट्रेलिया के पास है।'' पांच टेस्ट की एशेज श्रृंखला का आगाज 16 जून से होगा।



# जीत से 280 रन दूर भारत, संघर्ष जारी

लंदन, 10 जून। भारत ने रोहित शर्मा (43) और विराट कोहली (44 नाबाद) के महत्वपूर्ण योगदानों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के चौथे दिन शनिवार को तीन विकेट पर 164 रन बना लिये, हालांकि वह अब भी जीत से 268 रन दूर है। पहली पारी में 173 रन की बढ़त लेने वाले ऑस्ट्रेलिया ने एलेक्स कैरी (66 नाबाद) के अर्द्धशतक की मदद से दूसरी पारी 270/8 के स्कोर पर घोषित करते हुए भारत के सामने 444 रन का पहाड़ जैसा लक्ष्य रखा है। अगर भारत आखिरी दिन लक्ष्य हासिल करना चाहता है तो उसे कोहली-रहाणे पर निर्भर रहना होगा।

करो या मरो की स्थिति में लक्ष्य का पीछा करने उतरे रोहित और शुभमन गिल ने खुलकर बल्लेबाजी की। रोहित ने पहले ही ओवर में कमिंस को चौका लगाकर खाता खोला, जबकि गिल ने दो ओवर बाद कमिंस को दो चौके जड़े। कप्तान कमिंस ने विकेट की तलाश में वामहस्त गेंदबाज मिचेल स्टार्क को भी गेंद सौंपी। रोहित ने उनका स्वागत फाइन लेग पर छक्का लगाकर किया। भारत दूसरे सत्र का समापन बिना विकेट गंवाये कर सकता था, लेकिन बोलैंड ने सत्र के आखिरी ओवर में शुभमन गिल को स्लिप में कैचआउट करवा दिया। गिल 19 गेंद पर 18 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद भी रोहित ने उसी अंदाज़ में रन बनाना जारी रखा और चौके के साथ नौंवे ओवर में भारत का पचासा पूरा किया। दूसरे छोर पर खड़े पुजारा ने भी बोलैंड को चौका लगाकर दबाव कम किया। रोहित पुजारा के बीच हुई 51 रन की साझेदारी की मदद से भारत अच्छी स्थिति में दिखने लगा, लेकिन तभी दोनों बल्लेबाज खराब शॉट खेलकर पवेलियन लौट गये।

नेथन लायन की स्पिन पर स्वीप खेलने की कोशिश में रोहित (43) पगबाधा हुए, जबकि कमिंस की गेंद पर अपर-कट खेलने की कोशिश करते हुए पुजारा (27) विकेटकीपर को कैच थमा बैठे। भारत का स्कोर पलक झपकते ही 92/1 से 93/3 हो गया।

इसके बाद स्कॉट बोलैंड ने कुछ देर तक कोहली को अपनी स्विंग से छकाया, हालांकि उनका स्पेल समाप्त होते ही कोहली-रहाणे ने आसानी के साथ रन बटोरे। कोहली ने 35वें ओवर में चौका लगाकर भारत के 150 रन पूरे किये। दिन का खेल खत्म होने तक कोहली 44 रन बनाकर जबकि रहाणे 20 रन बनाकर खेल रहे हैं और दोनों के बीच 69 रन की साझेदारी हो चुकी है।

इससे पूर्व, दिन की शुरुआत में भारत की कोशिश थी कि वह ऑस्ट्रेलिया को छोटे से छोटे स्कोर पर रोककर विशाल बढ़त न लेने दे। उमेश यादव ने अपने पहले स्पेल में मार्नस लाबुशेन (126 गेंद, 41 रन) को स्लिप में कैचआउट करवाकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई, हालांकि इसके बाद लंबे समय तक कोई विकेट नहीं गिरा।

आधी टीम के 124 रन पर पवेलियन लौटने के बाद ग्रीन और कैरी ने पारी को संभाला। ग्रीन ने जहां धैर्य का प्रदर्शन किया, वहीं कैरी ने मौका मिलने पर चौका लगाने में देर नहीं की। दोनों ने ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को 300 रन के पार पहुंचाते हुए छठे विकेट के लिये 43 बहुमूल्य रन जोडे। जडेजा ने ग्रीन को आउट करके इस साझेदारी को समाप्त किया।

जब धैर्यवान ग्रीन (95 गेंद, 25 रन) का विकेट गिरा तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 167 रन था। ग्रीन-स्टार्क की जोडी ने लंच तक ऑस्ट्रेलिया को 200 रन के पार पहुंचाते हुए कोई और नुकसान नहीं होने दिया। पहली पारी में अर्द्धशतक से चूकने वाले कैरी ने 82 गेंद में 50 रन का आंकडा छुआ। कैरी ने ही 79वें ओवर में जडेजा को चौका लगाकर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 400 रन के पार भी पहुंचाई।यह विशालकाय बढ़त मिलने के बाद स्टार्क ने भी हाथ खोल लिये। उन्होंने 83वें ओवर में मोहम्मद शमी को दो चौके जड़े, हालांकि इस ओवर में शमी ने उनकी पारी का अंत किया। नौंवे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कप्तान पैट कमिंस ने पांच गेंद पर पांच रन बनाये और आउट होते ही पारी घोषित कर दी। भारत की ओर से जडेजा ने सर्वाधिक तीन विकेट लिये, जबकि शमी और उमेश ने दो-दो विकेट चटकाये। सिराज को एक विकेट हासिल हुआ।

### विवादास्पद कैच से आउट हुए गिल

पहली पारी में 13 रन बनाने वाले शुभमन गिल दूसरी पारी में अच्छी लय में दिखे। गिल टिकते हुए नजर आ रहे थे लेकिन 18 के निजी स्कोर पर उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। गिल को स्कॉट बोलैंड ने आठवें ओवर में कैमरन ठीन के हाथों कैच कराया। हालांकि, गिल को कैच आउट दिए जाने पर कंट्रोवर्सी हो गई है। रोहित ने भी गिल के आउट होने पर नाराजी का इजहार किया। पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने अंपायर के फैसले पर सवाल उठाए। वहीं, भारतीय फैंस सोशल मीडिया पर कह रहे हैं कि फाइनल में भारतीय टीम के साथ बेईमानी हो गई है। बता दें कि गिल को आठवें ओवर की पहली गेंद गुड लेंथ पर मिली, जो ऑफ स्टंप के करीब की लाइन में आई। ऐसे में गिल शॉट खेलने में थोड़ा हिचकिचाए लेकिन बल्ला अड़ा दिया। गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर गली में चली गई, जहां ठीन मौजूद थे। ठीन ने बाईं ओर झुककर गेंद पकड़ी और जश्न मनाने लगे। इसके बाद, थर्ड अंपायर ने कैच चेक करने का फैसला किया और कई बार रिप्ले देखा। रिप्ले में स्पष्ट तौर पर क्लीन कैच नहीं दिखा। एक एंगल से यह भी लगा कि गेंद जमीन से टच हुई है। हालांकि, जब बिग स्क्रीन पर अंपायर का निर्णय आया तो गिल को आउट करार दिया गया। थर्ड अंपायर के फैसले से गिल तो निराश थे ही रोहित भी गुस्सा में दिखे। उन्होंने मैदानी अंपयर से जाकर बात की लेकिन कुछ फायदा नहीं हुआ।

### तीरंदाजी एशिया कप : भारत ने जीते छह रजत, एक कांस्य

सिंगापुर, 10 जून। चीनी और कोरियाई प्रतिद्वंदियों के खिलाफ फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारत ने तीरंदाज़ी एशिया कप के तीसरे चरण में अपना अभियान शनिवार को छह रजत और एक कांस्य पदक के साथ समाप्त किया। भारत ने दिन की शुरुआत महिला कंपाउंड टीम फाइनल में कोरिया के हाथों 232-234 से हारकर की। पुरुष कंपाउंड टीम को भी कोरिया के हाथों 238-235 की हार का सामना करना पड़ा। फाइनल मुकाबले में भारतीय महिला कंपाउंड टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी।

## स्वियातेक फिर बनी रोलां गैरो चैम्पियन

पेरिस, 10 जून। पोलैंड की इगा स्वियातेक ने अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए शनिवार को खेले गये फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में चेक गणराज्य की कैरोलीना मुकोवा को हराकर लगातार दूसरी बार रोलां गैरो का खिताब जीत लिया। कोर्ट फिलिप चैट्रियर पर दो घंटे 46 मिनट चले मुकाबले का पहला सेट गंवाने के बाद मुकोवा ने दमखम दिखाया, लेकिन टॉप सीड स्वियातेक ने 6-2, 5-7, 6-4 की जीत के साथ विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान अपने पास रखा।

यह स्वियातेक के करियर का तीसरा रोलां गैरो और कुल चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है। उन्होंने पिछले साल अमेरिकी ओपन का खिताब भी अपने नाम किया था। सिर्फ 22 साल की उम्र में स्वियातेक चार ग्रैंड स्लैम जीतने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बन गयी हैं। दूसरी ओर, गैर वरीयता प्राप्त मुकोवा के लिये भी यह एक यादगार अभियान रहा। यह किसी ग्रैंड स्लैम आयोजन में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2021 के सेमीफाइनल तक सफर किया था।



## फ्रेंच ओपन : व्हील चेयर ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने ओडा

पेरिस, 10 जून। जापान के टोकिटो ओडा शनिवार को फ्रेंच ओपन व्हीलचेयर फाइनल में ब्रिटेन के अल्फी हेवेट को 6-1, 6-4 से हराकर सबसे कम उम्र के व्हीलचेयर ग्रैंड स्लैम चैंपियन बन गये। इस जीत के बाद ओडा का विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचना भी तय है। ओडा ने जीत के बाद कहा, मैं एक दिन दो सपने पाकर वास्तव में बहुत खुश था। सबसे कम उम्र का विश्व नंबर एक बनना और ग्रैंड स्लैम खिताब जीतना, आज दोनों सपने पूरे हुए। यह मेरे जीवन का सबसे खुशी का दिन है।'' इस जीत के साथ ओडा ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हेवेट के हाथों मिली हार का हिसाब भी चुकता किया। ओडा ने कहा, ''यह फिलिप चैट्रियर कोर्ट पर मेरा पहला मुकाबला था। भीड़ में इतने लोग थे। कोई कहता है, कम ऑन, टोकिटो, और कोई कहता है, अल्लेज़, टोकिटो। यह शब्द सुनकर मुझे बहुत खुशी हुई।'' नयी विश्व रैंकिंग सोमवार को जारी की जाएगी।

## रोमांचक मुकाबले में जापान को हराकर फाइनल में पहुंचा भारत

काकामिगहारा (जापान), 10 जून। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने जूनियर महिला एशिया कप 2023 के रोमांचक सेमीफाइनल में शनिवार को मेज़बान जापान को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

इस गलाकाट प्रतियोगिता में सुनेलीपा टोप्पो ने 47वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल किया, जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारत ने 2021 के बाद पहली बार जूनियर महिला एशिया कप के फाइनल में जगह बनाई है, जहां उसका सामना रविवार को कोरिया से होगा। इस जीत की मदद से भारत ने नवंबर-दिसंबर में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप के लिये भी क्वालीफाई कर लिया।

एक दशक बाद फाइनल में पहुंचने की उम्मीद लेकर उतरी भारतीय टीम ने पहले मिनट से ही आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन जापान के रक्षण को भेदना उसके लिये आसान नहीं रहा। जापान ने न सिर्फ डिफेंस में मज़बूती दिखाई, बल्कि कुछ देर बाद ही भारत पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। मेज़बान टीम को 13वें और 14वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर प्राप्त हुए लेकिन भारत ने उसे खाता खोलने का मौका नहीं दिया।

पहला क्वार्टर गोलरहित गुज़रने के बाद अगले 15 मिनटों में दोनों टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। जापान दो बार गोल करने के करीब भी आया लेकिन भारतीय गोलकीपर माधुरी किंदो ने शानदार रक्षण से उसके दोनों प्रयास विफल किये। दोनों टीमें इस क्वार्टर में भी पेनल्टी कॉर्नरों को गोल में नहीं बदल सकीं और हाफ टाइम तक स्कोर 0-0 रहा।

जापान ने तीसरे क्वार्टर में गेंद को अपने कब्ज़े में रखने की योजना बनायी। इस योजना के दम पर जापान को 34वें और 36वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, हालांकि वह अपना खाता नहीं खोल सका। जापान की असफलता के बाद भारतीय लड़कियों ने मैच पर सहसा पकड़ मज़बूत कर ली।

भारत ने जापान पर लगातार दबाव बनाते हुए 38वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक अर्जित किया। जापान ने इन मौकों पर गोल नहीं होने दिये, लेकिन भारत ने आक्रामक खेल जारी रखते हुए 39वें और 43वें मिनट में भी पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये।

जापान ने लगातार मज़बूत डिफेंस का प्रदर्शन किया, लेकिन 47वें मिनट में सुनेलीता टोप्पो ने फील्ड गोल करके आखिरकार उसका रक्षण भेद दिया। बढ़त मिलने के बाद भारत ने गेंद को अपने कब्ज़े में रखने पर ध्यान दिया। नतीजतन, मेज़बान जापान एक गोल से हारकर एशिया कप से बाहर हो गयी। भारत और कोरिया के बीच फाइनल रविवार को भारतीय समयानुसार अपराह्न 2:30 बजे खेला जायेगा।

## रूड को हराकर इतिहास रचने उतरेंगे जोकोविच

पेरिस, 10 जून। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच 23 ग्रैंड स्लैम जीतने का अभूतपूर्व कारनामा करने के लिये रविवार को यहां कोर्ट फिलिप चैट्रियर पर फ्रेंच ओपन 2023 के फाइनल में नॉर्वे के कैस्पर रूड का सामना करेंगे।

जोकोविच अपने सुसज्जित करियर में दो फ्रेंच ओपन सहित 22 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं और अगर वह रविवार को रूड पर फतह हासिल कर लेते हैं तो सर्वाधिक ग्रैंड स्लैम जीतने के मामले में राफेल नडाल (22) को पछाड़ देंगे।

जोकोविच ने खिताबी मुकाबले से पहले दबाव पर बात करते हुए कहा, ''मेरे कंधों पर दबाव हमेशा होता है, इसलिए यह अलग नहीं होने वाला है। यह मेरे खेल का हिस्सा है, मेरे जीवन का हिस्सा है, मैं करता ही यही हूं। मुझे लगता है कि दबाव होना एक विशेषाधिकार है। लेकिन यह प्रेरणा का स्त्रोत भी है।''

उन्होंने कहा, ''टूर्नामेंट से पहले मैं जानता था कि मेरे लिये रोलां गैरो एक ग्रैंड स्लैम है, और यह इस सतह पर सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। इसलिए मैं अच्छी तरह से तैयार था ताकि मैं इस स्थिति में रह सकूं, ताकि मैं इस एक और ग्रैंड स्लैम खिताब को जीतने के लिये इस लड़ाई के लिये तैयार रह सकूं।'' जोकोविच और रूड इससे पहले चार बार आमने-सामने आये हैं और सर्बियाई खिलाड़ी ने चारों बार बाज़ी मारी है। पहली बार ग्रैंड स्लैम जीतने के इच्छुक रूड पिछले साल भी फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे थे लेकिन तब लाल बजरी के बेताज बादशाह नडाल ने उन्हें ट्रॉफी तक नहीं पहुंचने दिया था।

रूड ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराने के बाद कहा, ''मैं रोलां गैरो में यह सोचकर नहीं आया था कि मैं फाइनल में पहुंचने का दावेदार हूं। मैं एक समय में एक मैच के बारे में सोचने की कोशिश कर रहा था।''

उन्होंने कहा, मैंने सोचा था कि मैं पिछले साल की तरह फाइनल में वापस आना पसंद करूंगा, और मैं पिछले साल से ही फाइनल में अपने स्थान की रक्षा करने की कोशिश करने के बारे में सोच रहा था। हम दो हफ्ते बाद यहां हैं। यहां पेरिस में दो बहुत ही मजेदार सप्ताह गुज़रे हैं, पिछले साल की तरह ही मजेदार और उम्मीद है कि इस बार मेरे लिये

## स्टिमक एशियाई खेलों में भारतीय फुटबॉल टीम के कोच रहेंगे : प्रभाकरण

नयी दिल्ली, 10 जून। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) अंडर-23 एशियाई क्वालीफायर में भारतीय टीम नये कोच की अगुवाई में मैदान पर उतरेगी लेकिन सीनियर राष्ट्रीय टीम के कोच इगोर स्टिमक हांगझाऊ में होने वाले एशियाई खेलों के दौरान यह भूमिका निभायेंगे।

एशियाई खेलों में फुटबॉल अंडर-23 स्पर्धा है जिसमें 23 साल से अधिक उम्र के तीन खिलाड़ी हो सकते है।स्टिमक इसके आयोजन के बाद अगले साल होने वाले एशियाई कप के लिए सीनियर टीम की तैयारियों पर ध्यान देंगे।

भारत को अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफाइंग चरण ( डालियान में छह से 12 सितंबर) के लिए मालदीव, संयुक्त अरब अमीरात और मेजबान चीन के साथ रखा गया है। इस टूर्नामेंट की तारीखें थाईलैंड में होने वाली किंग्स कप (सात से 10 सितंबर) से टकरा रही है। भारत की सीनियर टीम स्टिमक की देखरेख में किंग्स कप में हिस्सा लेगी।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सचिव शाजी प्रभाकरण ने कहा, '' स्टिमक एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए उपलब्ध नहीं होंगे क्योंकि थाईलैंड में किंग्स कप है। इसलिए हम अंडर-23 टीम का नया कोच नियुक्त कर रहे हैं जो एशियाई खेलों के दौरान स्टिमक की मदद भी करेगा। वह एक भारतीय होगा।''

स्टिमक इससे पहले 2022 एएफसी अंडर-23 एशियाई क्वालीफायर में टीम के कोच थे। टीम ग्रुप तालिका में दूसरे स्थान पर रहने के कारण मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। किंग्स कप के बाद एशियाई खेलों (23 सितंबर से आठ अक्टूबर) के लिए स्टिमक हांगझाऊ जायेंगे।

स्टिमक के नेतृत्व में मौजूदा सीनियर राष्ट्रीय टीम में कई खिलाड़ी 23 साल से कम उम्र के हैं और स्टिमक उन्हें एशियाई खेलों में उतार सकते है। प्रभाकरन ने कहा, ''एशियाई खेलों के दौरान सीनियर टीम के पास कोई अन्य अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट नहीं है, इसलिए स्टिमक हांग्जोऊ में भारतीय टीम की कमान संभालेंगे।''

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 2018 एशियाई खेलों के लिए राष्ट्रीय टीम को इस आधार पर मंजूरी देने से इनकार कर दिया था कि यह महाद्वीप में शीर्ष आठ रैंकिंग में नहीं था।। लेकिन इस

# पहलवानों का आरोप पीड़ितों पर दबाव डाला जा रहा है, 15 तक कार्रवाई नहीं होने पर प्रदर्शन फिर शुरू करेंगे

सोनीपत, 10 जून। प्रदर्शनकारी पहलवानों ने शनिवार को आरोप लगाया कि डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह यौन उत्पीड़न के पीड़ितों पर बयान बदलने के लिये दबाव डाल रहा है और अगर 15 जून तक उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो वे अपना प्रदर्शन फिर शुरू करेंगे। सरकार ने पहलवानों को आश्वासन दिया है कि 15 जून तक भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान प्रमुख के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जायेगा। इसके बाद पहलवानों ने अपना प्रदर्शन तब तक स्थगित करने का ऐलान कर दिया था। पहलवानों ने सोनीपत जिले में छोटूराम धर्मशाला में पंचायत का आयोजन करके खाप, किसानों और महिला संगठनों को बुलाया था जिन्होंने इस आंदोलन में उनका साथ दिया है। पहलवानों ने उन्हें खेलमंत्री अनुराग ठाकुर से बुधवार को हुई बातचीत के बारे में भी बताया। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने कहा, यह साबित हो चुका है कि बयान धारा 161 और 164 के तहत रिकॉर्ड किये गए और बदल गए हैं। हमें समझ में नहीं आ रहा।'' उन्होंने कहा ,'' यह साफ है कि नाबालिग के पिता पर दबाव था। दबाव बनाया गया है। हम ऐसे में कितने दिन तक लड़ेंगे।'' साक्षी ने कहा ,'' बजरंग को फोन आ रहे हैं कि बिक जाओ, टूट जाओ। मीडिया द्वारा गलत नरैटिव गढे जा रहे हैं। इससे हमारा दिल टूट गया है।'' उन्होंने कहा ,'' यही वजह है कि हमने कहा था कि पहले उसे गिरफ्तार करो और फिर जांच करो। वह पुलिस हिरासत में होता तो दबाव नहीं डाल सकता था। वरना एक के बाद एक पीड़ित टूट जायेंगे। उसके बाहर रहने तक डर का माहौल बना रहेगा।' उन्होंने कहा ,'' जब तक कोई समाधान नहीं निकलता, हम एशियाई खेलों में भाग नहीं लेंगे। आप समझ नहीं सकते कि हम रोज किस मानसिक यातना से गुजर रहे हैं।'' वहीं बजरंग पूनिया ने पंचायत में कहा कि उनके आंदोलन में कोई राजनीति नहीं है। बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा ,'' हमने अपने फैसले के बारे में सभी को बताने के लिये पंचायत बुलाई है। अगर 15 जून तक कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो हम अपना प्रदर्शन फिर शुरू करेंगे।'' उन्होंने कहा कि अभी उन्होंने धरना स्थल के बारे में फैसला नहीं लिया है। यह जंतर मंतर पर भी हो सकता है या रामलीला मैदान पर भी। पुलिस पहले ही कह चुकी है कि उन्हें जंतर मंतर पर लौटने नहीं दिया जायेगा। विनेश फोगाट खेलमंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात के दौरान भी मौजूद नहीं थी और आज भी नहीं। इसके बारे में पूछने पर साक्षी और बजरंग ने अलग अलग जवाब दिये। साक्षी ने कहा ,'' साक्षी, बजरंग और विनेश एक हैं। विनेश कानूनी पक्ष देख रही है। अफवाहें फैलाई जा रही है कि हम एक एक करके पीछे हट रहे हैं लेकिन हम सब एक है।'' बजरंग ने कहा,'' विनेश बीमार है , इसलिये आज नहीं आई।'' दोनों ने महिला पहलवान को दिल्ली में डब्ल्यूएफआई कार्यालय ले जाने की निंदा की।

# बाइडन पर यूक्रेन की कंपनी से 50 लाख डॉलर रिश्वत लेने का आरोप

## फॉक्स न्यूज की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि, राष्ट्रपति बाइडन को रिश्वत के रूप में यूक्रेनी गैस कंपनी बरिस्मा होल्डिंग्स ने यह रकम दी थी

वॉशिंगटन, 10 जून। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एक बड़े संकट में फंसते नजर आ रहे हैं। बाइडन पर यूक्रेन की एक कंपनी से 5 मिलियन (50 लाख) डॉलर की रिश्वत लेने का आरोप है। फॉक्स न्यूज की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति बाइडन को रिश्वत के रूप में यूक्रेनी गैस कंपनी बरिस्मा होल्डिंग्स के एक कार्यकारी अधिकारी से 5 मिलियन डॉलर का भुगतान मिला था। बता दें कि ये वही कंपनी है जहां जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन बोर्ड सदस्य थे। हंटर बाइडन ने इस कंपनी में लंबे समय तक काम किया था।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उस गैस फर्म के कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ जांच चल रही है। यूक्रेनी वकील विक्टर शॉकिन इसकी जांच कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे उस कार्यकारी अधिकारी ने जो बाइडन से फेवर मांगा था क्योंकि कंपनी आरोपों के कारण निवेश करने में असमर्थ थी। खबर के मुताबिक, 'भ्रष्टाचार की जांच

- **रिपोर्ट के अनुसार, उक्त गैस फर्म के कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ इस मामले में जांच चल रही है। भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे उस कार्यकारी अधिकारी ने राष्ट्रपति बाइडन से फेवर मांगा था, क्योंकि कंपनी आरोपों के कारण निवेश करने में असमर्थ थी।**
- **खबर के मुताबिक, इस गैस कंपनी के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच को बंद करने के लिए बाइडन को 50 लाख डॉलर का भुगतान किया गया था।**

को समाप्त करने के लिए जो बाइडन को 50 लाख डॉलर का भुगतान किया गया था। एफ.बी.आई. को इसके बारे में जून 2020 में एक गोपनीय सोर्स से पता चला था। सोर्स ने संकेत दिया था कि जो बाइडन और एक विदेशी व्यक्ति कथित रूप से एक आपराधिक रिश्वत कांड में शामिल थे। मीडिया रिपोर्ट में एक एफ.बी.आई.- एफ.डी. 1023 फॉर्म का जिक्र किया गया है, जिसका इस्तेमाल एफ.बी.आई. एजेंटों द्वारा गोपनीय सूत्रों द्वारा प्रदान की गई असत्यापित जानकारी को दर्ज करने के लिए किया जाता है। एफ.बी.आई. के फॉर्म में इंटरव्यू किए गए सोर्स का जिक्र है जिसे "अत्यधिक विश्वसनीय" बताया गया है।

रिपोर्टों के मुताबिक, उस एफ.बी.आई. दस्तावेज में कथित तौर पर सारी जानकारी लिखी हुई है कि कैसे एक यूक्रेनी वकील को हटाने के लिए जो बाइडन को 50 लाख डॉलर दिए गए थे। वह पैसा कथित रूप से यूक्रेनी तेल कंपनी बरिस्मा होल्डिंग्स के मालिक की तरफ से ही आया था। इस बीच रिपब्लिकन सांसदों ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रपति बाइडन के अलावा, उनके बेटे हंटर बाइडन ने भी यूक्रेनी गैस कंपनी को भ्रष्टाचार की जांच से बचाने के लिए 50 लाख डॉलर हासिल किए हैं। सोर्स ने बताया कि 2015 से कई वर्षों में बरिस्मा के एक वरिष्ठ कार्यकारी के साथ उसकी कई बैठकों पर चर्चा हुई।

## पूर्व प्र.मंत्री बोरिस जॉनसन ने सांसद पद से दिया इस्तीफा

लंदन, 10 जून (वार्ता) ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने टोरी सांसद के पद से इस्तीफा दे दिया है। जॉनसन ने एक संसदीय समिति के एक बयान के बाद यह कदम उठाया। उन्हें पार्टीगेट मामले को लेकर संसद से जबरन बाहर किया गया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व प्रधानमंत्री ने कॉमन्स (संसद के निचले सदन) विशेषाधिकार समिति की एक रिपोर्ट को पहले ही देख लिया था, जिसमें कहा गया था कि उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में कोविड-19 की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन का उल्लंघन कर 10 डाउनिंग स्ट्रीट (प्रधानमंत्री आवास) में पार्टियां आयोजित करने के मुद्दे पर संसद को भ्रमित करने के मामले में प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। जॉनसन इस मामले में एक संसदीय समिति की जांच का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कोरोना लॉकडाउन के दौरान डाउनिंग स्ट्रीट पार्टियों का आयोजन कर निचले सदन को गुमराह किया था। जॉनसन ने एक विस्फोटक और लंबे बयान में समिति को 'कंगारू कोर्ट' कहा था।

# मुसलमानों को ओ.बी.सी. कोटे के तहत आरक्षण जायज?

नई दिल्ली, 10 जून (वार्ता)। राष्ट्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पश्चिम बंगाल में आबादी के अनुपात से कहीं अधिक तमाम मुस्लिम समुदायों को बिना प्रक्रिया को अपनाये पिछड़ी जातियों की सूची में जगह देने पर हैरानी जाहिर करते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया है।

राष्ट्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि पश्चिम बंगाल की 70.5 प्रतिशत आबादी हिन्दू और करीब 27 प्रतिशत आबादी मुस्लिम है। लेकिन पिछड़े वर्ग की सूची में दर्ज 179 जातियों में से 118 जातियां मुस्लिम हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 के पहले राज्य में 108 जातियां इस श्रेणी में सूचीबद्ध थीं जिनमें से 53 मुस्लिम एवं 55 हिन्दू जातियां शामिल थीं लेकिन वर्ष 2011 के बाद 71 और जातियां इस सूची में जोड़ी गयीं जिनमें से 65 मुस्लिम एवं केवल छह हिन्दू जातियां शामिल थीं।

उन्होंने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिश पर पश्चिम बंगाल सरकार के सांस्कृतिक शोध संस्थान (सी.आर.आई.) ने अध्ययन करके इन जातियों को ओ.बी.सी. की सूची में जोड़ने की सिफारिश की थी। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा इस स्तर पर जा कर मुस्लिम समुदायों को ओ.बी.सी. की श्रेणी प्रदान करने के पीछे वोट बैंक की

- **राष्ट्रीय ओ.बी.सी. आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार से जवाब तलब किया**
- **राष्ट्रीय ओ.बी.सी. आयोग का मानना है कि प. बंगाल सरकार ने मुसलमानों को आरक्षण देने के मामले में किसी भी पूर्व निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया है।**

राजनीति दिखायी देती है। अहीर ने कहा कि पिछड़े वर्ग की आबादी में 34 प्रतिशत हिन्दू और 65.9 प्रतिशत मुस्लिम हैं। राज्य में ओ.बी.सी. की दो श्रेणियां हैं- श्रेणी ए और श्रेणी बी। श्रेणी ए को दस प्रतिशत एवं श्रेणी बी को सात प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है। श्रेणी ए में कुल 81 जातियां (8 हिन्दू एवं 73 मुस्लिम) और श्रेणी बी में 98 जातियां (53 हिन्दू एवं 45 मुस्लिम) हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में इस समय कुल 45 प्रतिशत आरक्षण लागू हैं जिनमें से 17 प्रतिशत ओ.बी.सी. के लिए और बाकी अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए है। उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित 50 प्रतिशत की सीमा के हिसाब से ओ.बी.सी. को 22 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जा सकता है। राष्ट्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने इस बारे में पश्चिम बंगाल के अधिकारियों को लिखा है लेकिन वे चुप्पी साधे हुए हैं।

अहीर ने कहा कि केरल एवं तेलंगाना में भी इसी प्रकार की विसंगतियों की शिकायतें मिलीं हैं। जिनकी जांच करायी जा रही है। उन्होंने यह भी साफ किया कि बात मुस्लिम या हिन्दू की नहीं है। मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर बने कानून के मुताबिक मुस्लिम पिछड़े वर्गों को भी इसका फायदा मिलता है लेकिन जातियों के निर्धारण का तरीका न्याय सम्मत नहीं है। किसी ने कुछ कह दिया तो वैसे ही मान लिया गया।

## काफी समानताए...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हुए कर्नाटक चुनाव में मुफ्त उपहारों का वादा किया गया, विशेषकर महिला मतदाताओं को लक्षित करके, जिससे कांग्रेस को जीत में मदद मिलीं।

मध्य प्रदेश में भाजपा बचाव की मुद्रा में दिखी क्योंकि मुख्यमंत्री चौहान और अन्य पार्टी नेताओं के बीच आंतरिक कलह है जिनमें शामिल है राज्य भाजपा अध्यक्ष वी.डी.शर्मा, नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय और ज्योतिरादित्य सिंधिया। इसके मुकाबले कांग्रेस में अंतर्कलह कम है, जो कमलनाथ और दिग्विजय सिंह खेमों तक सीमित है।कर्नाटक में नुकसान के बाद भाजपा नेता कोई कसर नहीं छोड़ रहे ताकि वे मध्य प्रदेश नहीं हारें, जो 2005 से पार्टी का गढ़ रहा है। बीच में कुछ समय कमनलाथ के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार आने के अलावा चौहान ही मुख्यमंत्री रहे हैं। अब ये कयास है कि पार्टी नेतृत्व मुख्यमंत्री के लिए नए चेहरे को आगे कर सकता है ताकि चौहान के विरूद्ध एंटी इंकबैंसी का तोड़ निकल सके।

## बांग्लादेश में एक भारतीय 11 करोड़ की कोकीन के साथ गिरफ्तार

ढाका, 10 जून (वार्ता)। बंगलादेश की राजधानी ढाका के शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक भारतीय नागरिक को एक किलो 800

- **बंगलादेश में एक भारतीय नागरिक को एक किलो 800 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है।**

ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है।

सीमा शुल्क खुफिया एवं जांच निदेशालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। निदेशालय ने बताया कि बरामद कोकीन की कीमत करीब 11 करोड़ रुपये है।

# एन.सी.पी. प्रमुख ने अजित पवार के पर कतरे

- **शरद पवार ने पार्टी के दो कार्यकारी अध्यक्ष बनाये, पुत्री सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया**
- **माना जा रहा है कि, इस फैसले से शरद पवार ने अपने भतीजे अजित पवार को बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। यह इसलिए भी बेहद अहम हो जाता है कि बीते दिनों अजित पवार कई बार पार्टी लाइन से अलग हटकर अपनी बगावती चाल दिखा चुके हैं।**

मुंबई, 10 जून। एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार ने ऐसा कदम उठाया है जिसकी छाप लंबे समय तक बनी रह सकती है। पवार ने शनिवार को सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित कर दिया। पवार ने अप्रत्याशित तौर पर दो कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर एन.सी.पी. की राजनीति को एकदम नये मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है। माना जा रहा है कि, इस फैसले से शरद पवार ने अपने भतीजे अजित पवार को बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। यह इसलिए भी बेहद अहम हो जाता है कि बीते दिनों अजित पवार कई बार पार्टी लाइन से अलग हटकर अपनी बगावती चाल दिखा चुके हैं। ऐसे में एन.सी.पी. अध्यक्ष के फैसले को बड़े पॉलिटिकल कैनवस पर देखा जा रहा है। नजर इस बात पर जा टिकी है कि शरद पवार के इस फैसले के बाद अजित पवार और उनके सर्मथकों का रुख क्या होगा।

राजनीतिक जानकार मानते हैं कि एन.सी.पी. चीफ का यह ताजा फैसला बेटी सुप्रिया सुले को राष्ट्रीय राजनीति में एंट्री दिलाने की कोशिश है। पार्टी लाइन में यह पहले ही साफ हो चुका था कि, भतीजे अजित पवार का दायरा महाराष्ट्र की राजनीति तक ही सीमित रहेगा। बीते काफी समय से अजित को इस भूमिका में देखा भी गया है। अब सुले और पटेल के कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद अजित के सीमित राजनीतिक दायरे पर मुहर लगती दिख रही है। ऐसी स्थिति में इस बात का भी खतरा है कि अजित पवार का खेमा पार्टी आलाकमान से नाराज हो सकता है। मगर, यह भी देखने वाली बात होगी कि यह नाराजगी किस हद तक आगे बढ़ती है। हालांकि, फिलहाल अजित पवार की नाराजगी सामने नहीं आई है। एन.सी.पी. जनरल सेक्रेटरी सुनील तटकरे ने कहा कि अजित दादा ने हमेशा संगठन के लिए काम किया है। उन्होंने बीते 24 वर्षों से पार्टी को मजबूत करने में योगदान दिया है। पार्टी के काम और जिम्मेदारियां निभाने के लिए किसी पद की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने कहा कि अजित पवार परेशान नहीं हैं, वह महाराष्ट्र में काम करना चाहते हैं और कर भी रहे हैं। इस मामले पर एन.सी.पी. नेता छगन भुजबल की भी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि कार्यकारी अध्यक्ष के ऐलान के साथ ही चुनाव का काम और लोकसभा-राज्यसभा का काम बांट दिया जाएगा। चुनाव नजदीक आता देख उनके कंधों पर ज्यादा जिम्मेदारी दी गई है। 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह अहम ऐलान है।

एन.सी.पी. में शरद पवार का उत्तराधिकारी कौन होगा? यह सवाल लंबे समय से उठाया जाता रहा है। इसके जवाब में अजित पवार को गद्दी मिलने के कयास लगते थे। हालांकि, अजित के बगावती तेवर ने कई बार इस पर प्रश्नचिह्न भी खड़े कर दिए। माना जा रहा था कि महाराष्ट्र की जिम्मेदारी एन.सी.पी. के भीतर अजित पवार के कंधे पर है। अगर कल को सी.एम. बनने का मौका मिला तो अजित पवार का नाम सबसे आगे होगा। मगर, शरद पवार ने 2 कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर बड़ा राजनीतिक खेल कर दिया है। बहस अब अजित पवार की तरफ से मोड़ दी गई है और इस मामले में उन्हें करीने से किनारे लगाने का प्रयास दिखता है। यहां सवाल खड़ा होता है कि अजित पवार को शरद पवार अपना उत्तराधिकारी नहीं चुन रहे हैं तो आगे का उनका प्लान क्या है? क्या शरद की जगह सुप्रिया सुले ले सकती हैं? अगर हां तो फिर उन्होंने 2 कार्यकारी अध्यक्ष क्यों चुने? दरअसल, बीते दिनों शरद पवार ने जो इस्तीफे वाला दाव चला उससे कई चीजें साफ हो गईं।

## सड़क दुर्घटना ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मौके पर बीमा कंपनी के अधिकारी राकेश सोलंकी व पैनल अधिवक्ता सूरज व्यास और अधिवक्ता किशन सोनी व संजय ओझा उपस्थित थे।

## राजेश पायलट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पायलट की पुण्यतिथि के कार्यक्रम के बाद ही तस्वीर साफ हो पाएगी की चर्चाओं और अटकलों में कितना दम था। मंत्री मुरारी लाल मीणा एवं विधायक गजराज खटाना कार्यक्रम की तैयारियों को व्यवस्थित कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस दौरान गुर्जर छात्रावास में स्व. राजेश पायलट की मूर्ति का अनावरण किया जाएगा।

## 'अपराधिक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुनीता जैन की ओर से दायर आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह नोटिस दिया।

याचिका में अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि पारिवारिक रंजिश के चलते याचिकाकर्ताओं के खिलाफ उनके परिवारजनों ने बनीपार्क थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि याचिकाकर्ताओं ने पावर ऑफ अटॉर्नी में फजीवाड़ा किया। रिपोर्ट पर अनुसंधान अधिकारी ने उचित अनुसंधान किए बिना ही याचिकाकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया, जिसके चलते याचिकाकर्ताओं को कई माह तक जेल में रहना पड़ा। वहीं मामले में याचिकाकर्ता को कोर्ट ने दोषमुक्त भी कर दिया। एफ.एस.एल. जांच में भी सामने आया कि पावर ऑफ अटॉर्नी में हस्ताक्षर फर्जी नहीं थे। याचिका में कहा गया कि अदालत से बरी होने के बाद याचिकाकर्ताओं ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई में जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके बाद अनुसंधान अधिकारी को दोषी मानते हुए उसके खिलाफ 17 सी.सी.ए .के तहत कार्रवाई की गई। याचिका में गुहार की गई है कि प्रकरण में जांच के लिए कमेटी गठित की जाए और उन्हें गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई की जाए। इसके अलावा उनके मूलभूत अधिकारों के हनन के मुआवजे के तौर पर पचास-पचास लाख रुपए मुआवजे के तौर पर दिलाए जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है।

## 'देश का वर्तमान राजनीतिक माहौल 1977 जैसा है'

- **शरद पवार ने यह टिप्पणी करते हुये कहा कि, 1977 की भांति विपक्ष एक बार फिर एकजुट होगा।**

मुम्बई, 10 जून (वार्ता)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने देश के वर्तमान राजनीतिक माहौल की तुलना 1977 से करते हुए शनिवार को विश्वास जताया कि इस बार विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ मिलकर चुनाव लड़ेंगे और देश में परिवर्तन आयेगा।

पवार ने राकांपा के 25वें वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर अपने संदेश में कहा, मुझे याद है कि 1977 में देश में ऐसी ही स्थिति थी। कोई एक नेता सामने नहीं था, लोगों ने बदलाव का मन बना लिया, चुनाव के वक्त देश में एक नया माहौल पैदा हो गया और जनता पार्टी की हुकूमत आयी थी।

उन्होंने विपक्ष की एकता पर बल देते हुए कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में अलग-अलग विचारधारा की पार्टियों को एक साझा कार्यक्रम पर आगे चलने की तैयारी रखकर हाथ मिलाना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि इस देश की जनता परिवर्तन के लिए इन सभी की मदद करेगी। पवार ने बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल के नेता नीतीश कुमार की मेजबानी में 23 जून को पटना में होने वाली बैठक का उल्लेख किया।

## अगर ट्रम्प दोषी पाये गये तो, वोट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जी.ओ.पी. उम्मीदवार खुलकर ट्रम्प की आलोचना कर रहे हैं। अर्कंसास के पूर्व गवर्नर असा हचिंसन ने अभियोग के बाद एक बयान जारी कर कहा है कि ट्रम्प ध्यान बंटा रहे हैं और उन्हें अपना अभियान बंद कर देना चाहिए।

यह सब होने से पहले ट्रम्प के पूर्व उप राष्ट्रपति माइक पेंस ने अपने पूर्व अधिकारी के लिए कहा, "जो कोई स्वयं को संविधान से ऊपर रखता है उसे कभी, "संयुक्त राज्य का राष्ट्रपति नहीं बनना चाहिए।"

शायद ट्रम्प के सबसे कटु आलोचक है न्यूजर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी। उन्होंने न्यू हैम्पशायर में एक उद्घाटन समारोह में कहा कि "ट्रम्प को आईने की सनक है" और "वे कभी गलती स्वीकार नहीं करते।" बल्कि जो कुछ गलत होता है उसका दोष डालने के लिए किसी और को ढूंढ लेते हैं जबकि जो सही हो रहा है उसका श्रेय स्वयं लेते हैं। लेकिन ट्रम्प विरोधी ये आवाजें कमजोर हैं। हचिंसन, क्रिस्टी और पेंस गुरूवार रात को शांत रहे और अधिकांश लोगों ने ट्रम्प की बजाय न्याय विभाग की आलोचना की। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसेंटिस, साउथ कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट और कई रिपब्लिकन कांग्रेसियों ने दावा किया था कि न्याय विभाग को ट्रम्प के विरूद्ध तैयार किया गया है और उन्होंने दोहरे मापदंड की शिकायत की।

डीसैंटिस ने ट्वीट कर कहा, "संघीय कानून प्रवर्तन को ज्यादा अधिकार देने का अर्थ है। खुले सामाजिक जीवन के लिए खतरा। हमने वर्षों तक कानून को असंतुलित रूप से लागू होते देखा है जो राजनैतिक झुकाव पर निर्भर करता है। ट्रम्प के पीछे इतने जोर-शोर से क्यों पड़े हैं जब हिलेरी (क्लिंटन) या हंटर (बाइडन) के मामले में शांत है। डीसेंटिस प्रशासन न्याय विभाग को जिम्मेवार बनाएगा, राजनैतिक पक्षपात समाप्त करेगा और सशस्त्रीकरण को हमेशा के लिए खत्म कर देगा। तकनीकी व्यवसायी विवेक रामास्वामी, जो स्वयं दौड़ में शामिल है, ने यहां तक कहा है कि वे राष्ट्रपति बनने के पहले ही दिन ट्रम्प को क्षमा कर देंगे। यह 2024 का चुनाव विचित्र और उल्लेखनीय होता जा रहा है। एक उम्मीदवार भूतपूर्व राष्ट्रपति है जिस पर दोहरा अभियोग चल रहा है, सुनवाई महीनों चल रहा है और न्यूयॉर्क में एक पेशी अगले साल है।

और ट्रम्प को केवल इन संभावित परिवर्तनों का ही सामना नहीं करना है। ट्रम्प की एक योजना पर एक मुकदमा जॉर्जिया में भी है, जिसमें चुनाव के नतीजे बदलने का आरोप है और एक अपराधिक मकुदमा 6 जनवरी को कैपीटॉल में हुए दंगों के संबंध में है।

यदि ट्रम्प को सजा होती है और जेल भेजा जाता है तो भी वे राष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकते हैं हालांकि सजायाफ्ता होने पर वे फ्लोरिडा में वोट नहीं दे पाएंगे। यह देश के लिए विचित्र स्थिति है, चाहे यह न भी देखे कि ट्रम्प और बाइडन दोनों अमेरिका में सबसे पुराने चुनाव प्रत्याशी हैं और दोनों अलोकप्रिय हैं।

## भारतीय ड्राइवरों के लिये भारी मार्केट ...

वाहन चला सकते हैं और जिनके पास वैध भारतीय ड्राइविंग लाइसैंस हैं। इस पद के लिए अच्छे, कुशल ड्राइवर का होना आवश्यक है। मगर इसकी शर्त यह है कि उसे अंग्रेजी आनी चाहिए, जिसके कारण अन्य तरीकों से योग्य अधिकांश ड्राइवर अयोग्य हो जाते हैं। हालांकि इस काम के लिए कोई शैक्षणिक योग्यता नहीं है मगर अंग्रेजी का ज्ञान आवश्यक है क्योंकि उस देश में यह आवश्यक है।

इस समय बंगलुरू स्थित कर्नाटक सरकार के इंटरनैशनल माइग्रेशन सैंटर में यूरोप के दो देशों पोलैंड और हंगरी के लिए बस ड्राइवरों की भर्ती हो रही है। कर्नाटक सरकार के कौशल उद्यमिता विकास अनुभाग को हंगरी से ट्रक डाइवरों और पोलैंड से बस ड्राइवरों की डिमांड मिल सकती है।

इंटरनैशनल माइग्रेशन सैंटर कर्नाटक विदेशों में रोजगार के लिए अधिकृत सूचना, मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और भर्ती की सुविधा उपलब्ध करवाता है।

केवल ड्राइवर नहीं बल्कि भारतीय इन बढ़ती उम्र वाली आबादी के देशों को चलाएंगे, चाहे शहरों का रख-रखाव हो या आवश्यक सेवाएं उपलब्ध करवाना। यह बात हैदराबाद स्थित श्रम विशेषज्ञ एम. भारत भूषण ने कही।

भारत भूषण, जिन्होंने देश के युवाओं की रोजगार चुनौतियों और अवसरों पर विस्तृत शोध किया है, ने कहा कि यह अवसर का एक ऐसा द्वारा है जिसका

- **पर, सख्त शर्त यह है कि, इन भारतीय ड्राइवरों को अंग्रेजी जरूर आनी चाहिए।**

विभिन्न सरकारों और केन्द्र द्वारा अध्ययन किया जाना चाहिए ताकि भारत अपनी आबादी के संसाधन का पूरा उपयोग कर सके।

भारत भूषण ने कहा, "दुनिया की आबादी की उम्र बढ़ रही है इसका अर्थ है कि हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए क्योंकि हमारे पास कुशल और अर्द्धकुशल कामगारों की फौज है जो अवसर का इंतजार कर रही है।

कर्नाटक के केन्द्र को अपने नवाचार के लिए बधाई देते हुए भारत भूषण ने कहा कि यह स्पष्ट मामला है देश में हर सरकार के लिए दुनिया में कुशल कामगार निर्यात करने का। यह कहना आसान है लेकिन करना मुश्किल क्योंकि किसी को विदेशों की जिम्मेवारी लेनी होगी और भारत सरकार को ठोस योजना बनाना होगी जिससे देश के युवाओं की कई समस्याएं आसान हो जाएं। कर्नाटक से ड्राइवर्स यूरोप भेजने के लिए केन्द्र येलागांका के ड्राइविंग ट्रैक्स पर ड्राइवरों के टैस्ट ले रहा है। चयनित अभ्यर्थियों को 6 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें उन्हें 60,000 रूपये प्रति माह भत्ता मिलेगा और नौकरी लगने पर 1 से 5 लाख रूपये प्रति माह वेतन मिलेगा। भारत ने कहा, "हमें अब तक व्यापारिक शोध कर उन देशों की पहचान कर लेनी चाहिए जहां श्रमिकों की कमी है और वहां भारतीय कुशल कामगारों को भेजना चाहिए।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908